संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 06 फरवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



यूपी विधानसभा में बजट पेश करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मीडिया को संबोधित करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 36 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# कांग्रेस ने देश के सामर्थ्य पर कभी विश्वास नहीं किया

**कांग्रेस** ने देश के सामर्थ्य पर कभी विश्वास नहीं किया। वे अपने आपको शासक मानते रहे, और जनता को छोटा मानते रहे। देश के नागरिकों के लिए वे कैसा सोचते थे, 15 अगस्त लाल किले पर पीएम नेहरू ने कहा था- हिंदुस्तान में काफी मेहनत करने की आदत आमतौर पर नहीं है। हम इतना काम नहीं करते हैं, जितना जापान, चीन, रूस, अमेरिका वाले करते हैं।

**कांग्रेस की रफ्तार से पीढ़ियां गुजर जातीं:** कांग्रेस की रफ्तार से ये घर बने होते तो 100 साल लगते इतना काम करने में। 5 पीढ़ियां गुजर जातीं। 10 साल में 40 हजार किलोमीटर रेलवे ट्रैक का इलेक्ट्रीकरण हुआ। कांग्रेस को 80 साल लगते, 4 पीढ़िया गुजर जातीं। 4 करोड़ गैस कनेक्शन दिए। कांग्रेस को 60 साल लगते, 3 पीढ़ियां गुजर जाती। हमारी सरकारी में सेनिटेशन 40 से 100 परसेंट पर पहुंचा। कांग्रेस को 60 साल लग जाते।

**कांग्रेस की सुस्त रफ्तार का कोई मुकाबला नहीं:** हमारे काम की स्पीड और हमारा हौसला आज दुनिया देख रही है। उत्तर प्रदेश में एक कहावत है- नौ दिन चले अढाई कोस। ये कहावत कांग्रेस को परिभाषित करती है। कांग्रेस की सुस्त रफ्तार का कोई मुकाबला नहीं।

**ये लोग सपना देखने की भी हिम्मत नहीं जुटा पाते:** ये लोग 2014 में कहते थे- 2044 तक हम दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेंगे। ये लोग सपना देखने की भी हिम्मत नहीं जुटा पाते। मैं विश्वास दिलाता हूं। तीस साल नहीं लगेंगे। मोदी की गारंटी है, मेरे तीसरे कार्यकाल में देश तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगी। आपको अगर 11 वें नंबर पर पहुंचने की खुशी है तो पांचवे पर पहुंचने की भी खुशी होनी चाहिए। ये देश की उपलब्धि है।

**2014 में 11वीं अर्थ व्यवस्था होने पर गर्व है, 5वीं पर नहीं**

10 साल पहले 2014 में फरवरी महीने में जो अंतरिम बजट आया था उस समय कौन थे, सबको पता है। उस बजट को पेश करते वक्त तब के वित्त मंत्री ने कहा था- आई नाउ विश टू लुक फॉरवर्ड हाउ मैनी। 2014 पर 11वीं अर्थ व्यवस्था होने पर गर्व है। आज 5वीं अर्थ व्यवस्था होने पर भी खुशी नहीं है।

**विपक्षी कुतर्क देते हैं- सब अपने आप हो जाएगा:** जब हम दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की बात कहते हैं तो विपक्षी कुतर्क देते हैं, कहते हैं वो तो अपने आप हो जाएगा।

## आदर्श विचार



"आत्मा को न शस्त्र काट सकते हैं,न आग उसे जला सकती है, न पानी उसे भिगो सकता है : भागवद्"

## मन की बात



"बाहरी स्वभाव केवल अंदरूनी स्वभाव का बड़ा रूप हैं।"

`स्वामी विवेकानंद

## तीसरी आंख




# लोस चुनाव में अबकी बार 400 पार: मोदी

## परिवारवाद का खामियाजा कांग्रेस ने भुगता, एक प्रोडक्ट लॉन्च करने के चक्कर में दुकान पर ताला लगने की नौबत आ गई

**दावा**

8 विपक्ष कई दशक तक सत्ता में बैठा था, वैसे ही इस विपक्ष ने कई दशक तक विपक्ष में बैठने का संकल्प लिया




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी लोकसभा (लोस चुनाव) में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की स्पीच पर धन्यवाद भाषण दिया। इस मौके पर उन्होंने विपक्ष, कांग्रेस और परिवारवाद पर तीखे बयान दिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक ही प्रोडक्ट को कई बार लॉन्च करने के चक्कर में कांग्रेस की दुकान पर ताला लगने की नौबत आ गई। देश के साथ-साथ कांग्रेस ने भी परिवारवाद का खामियाजा भुगता। मोदी ने कहा- ये विपक्ष कई दशक तक सत्ता में बैठा था, वैसे ही इस विपक्ष ने कई दशक तक विपक्ष में बैठने का संकल्प लिया है। ईश्वररूपी जनता के आशीर्वाद से ये अगले चुनाव में दर्शक दीर्घा में दिखेंगे। मोदी ने कहा कि अबकी बार 400 पार, ये बात देश ही नहीं खड़गेजी भी बोल रहे हैं। जनता भाजपा को 370 सीटें जरूर देगी।

**हमारे लिए नेशन फर्स्ट है, आइए साथ मिलकर काम करें:** हमारे लिए नेशन फर्स्ट है। मैं सभी राजनीतिक दलों से सभी सदस्यों से अपील करता हूं- देश से बढ़कर कुछ नहीं। कंधे से कंधा मिलाकर हम देश के निर्माण के लिए आगे बढ़ें। मैं आपका साथ मांग रहा हूं। मैं विश्व के अंदर जो अवसर आया है, उसे भुनाने के लिए आपका साथ चाहता हूं। लेकिन आप अगर साथ नहीं दे सकते, आपका हाथ ईट फेंकने के लिए ही है, तो आपको बता दूं कि आपके फेंकी हर ईट पत्थर को विकसित भारत की नींव में लगा दूंगा। ये नामदार है, हम कामदार हैं। कामदारों को नामदारों से सुनना ही पड़ता है। हम सुनते भी रहेंगे और देश को आगे बढ़ाते रहेंगे।

**देश में अलग देश की वकालत होती है:** खुलेआम देश में अलग देश की वकालत करने वाले, जोड़ने की बातें छोड़ो तोड़ने की बात करते हैं। इतने टुकड़े करने के बाद भी आप कितने टुकड़े करना चाहते हैं।

### 'अब बिचौलियों के लिए गरीबों को लूटना मुश्किल हुआ'

**पीएम मोदी ने कहा कि अब** बिचौलियों के लिए गरीबों को लूटना मुश्किल हो गया है। डायरेक्ट बैनिफिट स्कीम से लोग लूटने से बचे। कांग्रेस के पीएम ने कहा था- एक रुपए भेजते हैं 15 पैसे पहुंचते हैं। हमने 30 लाख करोड़ भेजे, पूरे पहुंचे। हमने 10 करोड़ फर्जी नाम हटाए। उनकी व्यवस्था ऐसी थी, जिस बेटी का जन्म नहीं हुआ, उसे विधवा पेंशन जाती थी। हमने फर्जी नामों को हटाने से 3 लाख करोड़ रुपया गलत हाथों में जाने से बचाया।

**'भ्रष्टाचारियों की 1 लाख करोड़ की संपत्ति जब्त की गई':** पीएमएलए एक्ट में हमने दो गुने से अधिक केस दर्ज किए। कांग्रेस के समय ईडी ने पांच हजार करोड़ की संपत्ति जब्त की।

### सबसे बड़े संकट के बावजूद महंगाई कंट्रोल में: मोदी

**दो** दो युद्ध के बावजूद और 100 साल में आए सबसे बड़े संकट के बावजूद महंगाई कंट्रोल में है। यहां पर बहुत गुस्सा व्यक्त किया गया। उनका दर्द मैं समझता हूं। क्योंकि तीर निशाने पर नहीं लगा।

**महंगाई पर दो गाने कांग्रेस सरकार में सुपरहिट हुए:** अगर जमीन न हो तो अपने गमले और कनस्तर में सब्जी उगा लें, ऐसी सलाह उच्च पद पर बैठे हुए लोग देते हैं। महंगाई पर दो गाने सुपरहिट हुए- एक महंगाई मार गई, और दूसरा महंगाई डायन खाए जात हैं।

# जब भी कांग्रेस आती है, महंगाई लाती है: मोदी



**प्रधानमंत्री मोदी ने कहा इतिहास** गवाह है जब भी कांग्रेस आती है, महंगाई लाती है। कभी कहा गया था- हर चीज की कीमत बढ़ जाने की वजह से मुसीबत बढ़ी है। पंडित नेहरू ने लाल किले से कहा था। दस साल बाद- आप लोग आज कल भी कुछ दिक्कतों में हैं, परेशानियों में है महंगाई की वजह से। कुछ तो लाचारी है, कुछ तो वजह है कि महंगाई काबू में नहीं आ पा रही है। ये भी नेहरू जी ने कहा था। वे हर बार कहते रहे महंगाई कंट्रोल नहीं हो रही। जब देश आगे बढ़ता है तो कुछ हद तक महंगाई भी बढ़ती है।

**एनर्जी के क्षेत्र में हम हमेशा डिपेंडेंट रहे:** एनर्जी के क्षेत्र में हम हमेशा डिपेंडेंट रहे। इसमें आत्मनिर्भर बनने के लिए हम ग्रीन एनर्जी पर काम कर रहे हैं। हम हाइड्रोजन पर काम कर रहे हैं। आने वाले समय में सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में भारत आगे बढ़ेगा। इन सारे कारणों से क्वालिटी जॉब की संभावनाएं बहुत बढ़ने वाली हैं। हमने अलग से स्किल मिनिस्ट्री बनाई है। ईपीएफओ में 10 साल में 18 करोड़ नए सस्क्राइबर आए। मुद्रा लोन में 8 करोड़ लोगों ने पहली बार नया रोजगार शुरू किया।

**साधा निशाना**

8 एनर्जी के क्षेत्र में हम हमेशा डिपेंडेंट रहे। इसमें आत्मनिर्भर बनने के लिए हम ग्रीन एनर्जी पर काम कर रहे हैं

# 1991 के पूजा स्थल कानून को रद्द करने की मांग

**मांग**

8 भाजपा सांसद हरनाथ ने सोमवार को पूजा स्थल अधिनियम, 1991 को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की मांग की



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राज्यसभा** में शून्यकाल के दौरान भाजपा सांसद हरनाथ सिंह यादव ने सोमवार को पूजा स्थल अधिनियम, 1991 को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की मांग की है। आरोप लगाया कि यह कानून संविधान के तहत हिंदुओं, सिखों, जैनियों और बौद्धों के धार्मिक अधिकारों को उल्लंघन करता है। उन्होंने यह भी दावा किया कि यह कानून देश में सांप्रदायिक सद्भाव को नुकसान पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा कि पूजा स्थल अधिनियम पूरी तरह से अतार्किक और असंवैधानिक है। यह संविधान के तहत हिंदुओं, सिखों, बौद्धों और जैनियों के धार्मिक अधिकारों को पूरी तरह से छीन लेता है।

**सांप्रदायिक सद्भाव को ठेस पहुंचा रहा यह कानून- हरनाथ सिंह:** भाजपा सांसद हरनाथ सिंह यादव ने कहा कि यह भारत की सांप्रदायिक सद्भाव को हानि पहुंचा रहा है। इसलिए मैं सरकार से देश हित में इस कानून को तुरंत रद्द करने का आग्रह करता हूं।

# मेयर चुनाव: इस तरह का बर्ताव लोकतंत्र की हत्या'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**चंडीगढ़** मेयर चुनाव मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान सीजेआई ने कहा कि सर्वोच्च अदालत ने कहा कि यह साफ है कि रिटर्निंग अधिकारी ने मतपत्रों को नष्ट किया है। कोर्ट ने सवाल पूछा कि क्या इसी तरह से चुनाव का आयोजन होता है। ऐसा बर्ताव लोकतंत्र की हत्या है। पूरे मामले से हम हैरान हैं। इस अधिकारी पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। क्या यह पीठासीन अधिकारी का व्यवहार है? गौरतलब है कि आम



आदमी पार्टी ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। आम आदमी पार्टी के पार्षद और पार्टी की तरफ से मेयर पद के उम्मीदवार कुलदीप कुमार ने याचिका दायर की है। याचिका पर मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में तीन जजों की पीठ ने सुनवाई की। साथ ही, सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल के माध्यम से मतपत्र, वीडियोग्राफी और अन्य सामग्री समेत चुनाव प्रक्रिया के पूरे रिकॉर्ड को संरक्षित करने का आदेश दिया। वहीं अगली सुनवाई तक चंडीगढ़ निगम की आगामी बैठक को टालने का निर्देश दिया। आम आदमी पार्टी का आरोप है कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से नहीं हुआ था और मतपत्रों से छेड़छाड़ की गई।

# निजी क्षेत्र की नौकरियों में आरक्षण कानून पर केंद्र से मांगा जवाब

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राज्य** के निवासियों के लिए निजी क्षेत्र की नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण देने वाले कानून को असंवैधानिक घोषित करने के पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ हरियाणा सरकार की याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से जवाब मांगा है। हरियाणा द्वारा दायर अपील पर केंद्र और फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन को भी नोटिस जारी किया है।

**निशाना साधा** रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट बैंक पर 29 फरवरी 2024 के बाद काम करने पर रोक लगा दी है

# कांग्रेस ने पेटीएम मामले में सीबीआई की चुप्पी पर उठाए सवाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**रिजर्व बैंक** ने पेटीएम पेमेंट बैंक पर 29 फरवरी 2024 के बाद काम करने पर रोक लगा दी है। अब इसे लेकर कांग्रेस ने निशाना साधा है। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि 'रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट बैंक को प्रतिबंधित कर दिया है और 29 फरवरी के बाद उसका कोई अस्तित्व नहीं रहेगा। रिजर्व बैंक ने कई गंभीर आरोप लगाए हैं। साल 2017 से अनियमिताएं हो रहीं थी। जब आरबीआई ने इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगाए हैं तो फिर सीबीआई इस पर चुप्पी क्यों साधे हुए है?' श्रीनेत ने




आरोप लगाया कि ईडी के 95 प्रतिशत केस सिर्फ राजनेताओं के खिलाफ हैं। उन्होंने सवाल किए कि इतने सारे उल्लंघन के बावजूद पेटीएम को इतनी लंबी राहत क्यों दी जा रही है? मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों पर ईडी ने अब तक क्या कार्रवाई की है? पेटीएम ने भाजपा और पीएम केयर्स फंड में को कितना दान किया है?

**मांगा जवाब**

8 रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट बैंक को प्रतिबंधित कर दिया है और 29 फरवरी के बाद उसका कोई अस्तित्व नहीं रहेगा

**29 फरवरी के बाद नहीं मिलेंगी पेटीएम पेमेंट बैंक की सेवाएं:** रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट बैंक में मनी लॉन्ड्रिंग होने की आशंका जताई और साथ ही पेमेंट बैंक में सैंकड़ों करोड़ रुपये के लेनदेन होने पर भी चिंता जताई।



# सीएम केजरीवाल पर चलेगा मानहानि का मुकदमा

## यूट्यूबर के वीडियो को री-पोस्ट करने के मामले में उनपर मानहानि का मुकदमा चलेगा

**चुनौती**

8 हाईकोर्ट में निचली अदालत द्वारा मानहानि मामले में समन जारी करने के आदेश को चुनौती दी थी






**मुकदमा**

8 केजरीवाल का अपमानजनक सामग्री को शेयर करना एक प्रकार से सार्वजनिक समर्थन के समान है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें फिर से बढ़ सकती हैं। यूट्यूबर के वीडियो को री-पोस्ट करने के मामले में उनपर मानहानि का मुकदमा चलेगा। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली हाईकोर्ट में निचली अदालत द्वारा मानहानि मामले में समन जारी करने के आदेश को चुनौती दी थी। इसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। दिल्ली हाईकोर्ट ने भाजपा आईटी सेल (इखढ क्ळ ङी'') पर यूट्यूबर ध्रुव राठी के एक वीडियो को री-ट्वीट करने पर अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि मामले को रद्द करने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को बड़ी संख्या में लोग फॉलो करते हैं और वह वीडियो को री-पोस्ट करने के परिणामों को समझते हैं। अपमानजनक सामग्री को री-पोस्ट करना मानहानि के समान है। अदालत ने यह निष्कर्ष निकाला कि केजरीवाल का कथित रूप से अपमानजनक सामग्री को शेयर (साझा) करना एक प्रकार से सार्वजनिक समर्थन के समान है और वह ऐसी सामग्री पोस्ट करने के नतीजों को समझते हैं।

**दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी आज सुबह 10 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगी, कहा- ईडी पर बड़ा खुलासा करूंगी:** अरविंद केजरीवाल सरकार में मंत्री आतिशी ने मंगलवार यानी 06 फरवरी को प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगी। दिल्ली की मंत्री ने कहा कि वह ईडी को लेकर बड़ा खुलासा करेंगी। उन्होंने यह जानकारी सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर दी है। आदमी पार्टी की ओर से कहा गया कि आतिशी आज सुबह 10 बजे ईडी पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगी।

## बजट चर्चा के दौरान बीजेपी के पार्षदों ने जमकर काटा बवाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** नगर निगम (एमसीडी) की बैठक में सोमवार को जमकर हंगामा हुआ। संशोधित बजट अनुमान 2023-24 पर चर्चा के लिए दिल्ली नगर निगम की विशेष बैठक सोमवार को बुलाई गई थी। इस दौरान श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविक सेंटर में विपक्षी पार्षदों ने जमकर हंगामा किया। विपक्षी पार्षदों ने "मेयर मैडम हाय हाय" के नारे लगाए। वहीं, दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय ने सभी से चुप रहने और बैठने का आग्रह किया ताकि कार्यवाही आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा, "मैं सदन को स्थगित नहीं करना चाहती। इससे सब कुछ खराब हो जाएगा। बहुत सारी चीजें लंबित हैं, इसलिए कृपया सभी लोग चुप रहें।" इससे पहले 30 जनवरी को स्थायी समिति के गठन की


मांग को लेकर भाजपा पार्षदों के सदन के अंदर हंगामे के बाद दिल्ली नगर निगम की विशेष विधानसभा सत्र की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई थी।

**'स्थाई समिति का गठन करो' का बैनर दिखाए:** भाजपा पार्षदों ने आप सरकार और दिल्ली मेयर पर स्थायी समिति के चुनावों से बचने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि आप को पता है कि वह चुनाव में बहुमत हासिल करने की स्थिति में नहीं है, क्योंकि उसके कई पार्षद पार्टी को वोट नहीं देंगे। हंगामा तब हुआ, जब भाजपा पार्षदों ने 'स्थाई समिति का गठन करो' लिखे बैनर दिखाए और नारे लगाए।

इससे पहले, दिल्ली की मेयर शेली ओबेरॉय ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को समिति के आधिकारिक गठन तक स्थायी समिति के कार्यों को करने का अधिकार देने की याचिका के साथ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

# 'किसी कथित पीड़ित आप विधायक ने नहीं दी शिकायत'



**खरीद-फरोख्त**

8 विधायक ने दिल्ली पुलिस समेत किसी भी सुरक्षा एजेंसी को रविवार शाम तक शिकायत नहीं दी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आम आदमी** पार्टी ने भाजपा पर गंभीर आरोप तो लगा दिए, मगर आप के किसी कथित पीड़ित विधायक ने दिल्ली पुलिस समेत किसी भी सुरक्षा एजेंसी को रविवार शाम तक शिकायत नहीं दी है। आप के जिस तरह के आरोप हैं, उनके तहत भ्रष्टाचार निरोधक कानून(पीओसी) के तहत मामला दर्ज होता है। भ्रष्टाचार के आरोप में एक समय सीमा में ही मामला दर्ज हो सकता है। समय सीमा निकलने के बाद मामला दर्ज नहीं हो सकता है। ऐसे में पुलिस दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ही नोटिस इसलिए देना चाहती थी कि आप अपने आरोपों को लेकर जल्दी से शिकायत दे। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आप की तरफ से अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है। पुलिस अभी आरोपों पर ही जांच कर रही है। दिल्ली पुलिस केजरीवाल को इसलिए भी नोटिस देना चाहती थी कि ताकि उन्हें पूरे केस की जानकारी दे दी जाए। अगर आप की तरफ से शिकायत या फिर मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री का जवाब आता है तो पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। अगर शिकायत नहीं आई तो जांच खत्म कर दी जाएगी।

# सुबह कई इलाकों में हुई बारिश, दोपहर के बाद खिली धूप

**मौसम में बदलाव**

8 मयूर विहार का इलाका सबसे ठंडा रहा। अधिकतम तापमान सबसे कम 18.2 डिग्री दर्ज किया गया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मौसम में** आए बदलाव के बाद दोपहर बाद तापमान में कुछ बढ़ोतरी हुई है। सुबह कई इलाकों में बारिश हुई और दोपहर बाद अच्छी धूप खिली। सोमवार को लिए मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया था। साथ ही, घने कोहरे का अनुमान जताया था। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, दिल्ली का अधिकतम तापमान 20.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से दो डिग्री कम है, जबकि न्यूनतम तापमान 11.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक रहा। रविवार को सुबह साढ़े आठ बजे तक 2.6 एमएम बारिश दर्ज हुई। शाम साढ़े पांच बजे तक 0.2 एमएम बारिश हुई। पालम में सबसे ज्यादा 2.7 एमएम बारिश दर्ज की गई। मयूर विहार का इलाका सबसे ठंडा रहा। यहां का अधिकतम तापमान सबसे कम 18.2 डिग्री दर्ज किया गया।

सोमवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहे।

# संजय सिंह राज्यसभा सांसद के तौर पर नहीं ले सके शपथ



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह राज्यसभा सांसद के तौर पर शपथ नहीं ले सके। क्योंकि राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संजय सिंह को सांसद के तौर पर शपथ लेने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि अभी यह मामला विशेषाधिकार समिति के पास है। राज्यसभा की कार्यवाही सूचीबद्ध कामकाज द्वारा विनियमित होती है, जिसे बुलेटिन में अधिसूचित किया जाता है। संजय सिंह का शपथ ग्रहण सदन के कामकाज में सूचीबद्ध नहीं था और इस मामले पर राज्यसभा से कोई सूचना कभी भी राज्यसभा अध्यक्ष के सामने नहीं आई।

# यमुना की सफाई के लिए उतरेंगी गंगा सेविकाएं, रोजाना आरती के लिए बनाई रणनीति

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के प्रकल्प गंगा समग्र के राष्ट्रीय अधिवेशन में यमुना की सफाई करने के लिए संकल्प लिया गया है। आने वाले समय में गंगा समग्र की गंगा सेविकाएं यमुना की स्वच्छता पर लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ जनसहयोग से यमुना की साफ-सफाई सुनिश्चित कराने का प्रयास करेंगी। उत्तराखंड के हरिद्वार-ऋषिकेश में होने वाली गंगा आरती की तरह प्रतिदिन यमुना आरती करने के लिए भी उचित प्रयास करने का प्रस्ताव किया गया है। इसके लिए यमुना के घाटों की साफ-सफाई करने के साथ जनसहयोग को बढ़ावा देने की नीति अपनाने का विचार किया गया है।



गंगा समग्र का तीन दिवसीय अधिवेशन गोरखपुर उत्तर प्रदेश में रखा गया था। रविवार को संपन्न हुए राष्ट्रीय अधिवेशन में कार्यकताओं को गंगा और यमुना सहित देश की सभी नदियों के जल को प्रदूषण से मुक्त कराने के लिए जनसहयोग के जरिए उचित रास्ते तलाशने के विषय में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, गंगा समग्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरेंद्र प्रसाद, राष्ट्रीय संगठन मंत्री रामाशीष सहित हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए।

**अधिवेशन**

8 नेहा शालिनी दुआ को यमुना की स्वच्छता को सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाने की जिम्मेदारी दी गई है

गंगा समग्र की दिल्ली प्रांत संयोजिका नेहा शालिनी दुआ को राजधानी में यमुना की स्वच्छता को सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाने की जिम्मेदारी दी गई है।

# सिसोदिया को कस्टडी पैरोलः बीमार पत्नी से मिल सकेंगे हफ्ते में एक बार



**राहत**

8 न्यायिक हिरासत 22 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी है। साथ ही कोर्ट में सीबीआई से स्टेटस रिपोर्ट मांगी है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को शराब घोटाला मामले में सोमवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 22 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी है। साथ ही कोर्ट में सीबीआई से स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। वहीं दूसरी तरफ पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को राउज एवेन्यू कोर्ट ने कस्टडी पैरोल दे दी है। सिसोदिया कस्टडी पैरोल में हफ्ते में एक बार अपनी बीमार पत्नी से मिल सकेंगे। सिसोदिया को नियमित जमानत नहीं दी है। अब इस मामले पर 12 फरवरी को सुनवाी होगी। कोर्ट ने कहा है कि अगले आदेश तक यह व्यवस्था जारी रखें। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शराब घोटाला मामले में सीलबंद लिफाफे में जांच पर एक विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। बचाव पक्ष के वकील ने जांच की स्थिति के बारे में पूरा खुलासा न करने पर आपत्ति जताई। जिसके बाद इस आदेश को पारित किया गया था। विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने सीबीआई को सुनवाई की अगली तारीख तक स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कहा है।

# दम घुटने और दूषित खाना खाने से मौत की आशंका, दो दिन पहले हुई थी तीनों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
डाबड़ी इलाके में एक मकान में दो भाइयों और उनके घरेलू सहायक की मौत के कारणों पर संशय अब भी बरकरार है। शुरूआती जांच में पता चला है कि इनकी मौत दो दिन पहले ही हो गई थी और तीनों के शव सड़ने शुरू हो गए थे। पुलिस अधिकारी ने आशंका जताई है कि तीनों के शरीर पर चोट के निशान नहीं हैं। ऐसे में आशंका है कि इनकी दम घुटने या फिर दूषित खाना खाने से मौत हुई है। हालांकि पुलिस को कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही इनके मौत के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा। तीनों शवों का आज पोस्टमार्टम किया जाएगा। शनिवार शाम 6.35 बजे पुलिस को डाबड़ी के सीतापुरी इलाके में एक मकान में तीन लोगों के अचेत पड़े होने की जानकारी मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि कमरे का दरवाजा अंदर से बंद है। दरवाजा तोड़कर पुलिस कमरे में गई। जहां तीन लोग मृत अवस्था में पड़े थे। उनके शव सड़ने शुरू हो गए थे। इस वजह से खून दरवाजे से बाहर बह रहा था। कमरे में गैस का सिलिंडर खुला हुआ था। पास ही खाना पड़ा था। जांच में उनके शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं मिला। मृतकों की पहचान अमित, उसके भाई सोनू और उनके घरेलू सहायक यादराम उर्फ बब्बन के रूप में हुई। जांच में पता चला कि मूलतः बरेली यूपी निवासी अमित इलाके में रेहड़ी पर छोले भटूरे बेचता था। जांच के बाद पुलिस ने बताया कि तीनों के शव सड़ी-गली अवस्था में मिले हैं। आशंका है कि दो दिन पहले ही दम घुटने या फिर दूषित खाना खाने से मौत हुई है।

**डाबड़ी मामला**

8 क्राइम ब्रांच की टीम नोटिस देने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर पहुंची थी




**पंद्रह दिन पहले छोटे भाई को बुलाया था:** सोनू को पता नहीं था कि मौत उसे दिल्ली खींचकर ले आई है। पंद्रह दिन पहले ही अधिक काम का दबाव होने के कारण अमित ने उसे काम में हाथ बंटाने के लिए सोनीपत से दिल्ली बुलाया था। अमित के बड़े भाई राजन राजपूत ने बताया कि उनका परिवार मूलतः बरेली के भुता गांव का रहने वाला है। परिवार में पिता आशाराम, मां मुसा देवी और एक बहन लक्ष्मी है। लक्ष्मी अपने परिवार के साथ सोनीपत में रहती है। सोनू बहन के साथ ही रहता था। राजन ने बताया कि अमित एक साल से रेहड़ी पर छोले भटूरे बेच रहा था। पहले वह द्वारका सेक्टर 21 के मार्केट में रेहड़ी लगाता था। एक माह पहले ही वह द्वारका मोड़ पर रेहड़ी लगाना शुरू किया था और पास ही कमरा किराए पर लेकर रह रहा था। कई साल से साथ रहने वाला घरेलू सहायक बब्बन उसके साथ ही रहता था।

# डीजेबी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जगदीश अरोड़ा और अनिल अग्रवाल की रिमांड बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** जल बोर्ड (डीजेबी) से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में गिरफ्तार डीजेबी के सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता जगदीश अरोड़ा और ठेकेदार अनिल अग्रवाल की ईडी हिरासत अगले पांच दिनों के लिए बढ़ा दी गई। मामले की सुनवाई दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत में हुई। जगदीश अरोड़ा और अनिल अग्रवाल को दिल्ली



जल बोर्ड को इलेक्ट्रोमैग्नेटिक फ्लो मीटर की आपूर्ति से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया गया है।

उन्हें पांच दिन की हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद पेश किया गया। ईडी ने दोनों की रिमांड बढ़ाने की मांग की थी, जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने दोनों की पांच दिनों के लिए रिमांड बढ़ा दी है।

# 'सोशल एक्टिविटीज से छात्रों में बढ़ती है निर्णय लेने की क्षमता'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
पढ़ाई के साथ सोशल एक्टिविटीज छात्रों में निर्णय लेने की क्षमता बढ़ातीं हैं। आंत्रप्रेन्योर्स बनने के बाद वे हरेक चीज का समाधान खोज लेते हैं। यह बातें आईआईटी दिल्ली के वार्षिक सम्मेलन बीकॉन-2024 के आखिरी दिन रविवार को पहले सत्र को संबोधित करते हुए आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहीं। उन्होंने आरबीआई गवर्नर रहते खुद के सामने आई चुनौतियों के बारे में छात्रों को बताया। आईआईटी दिल्ली के गोल्ड मेडलिस्ट रहे रघुराम राजन ने बताया, पढ़ाई के दौरान उन्होंने स्टूडेंट अफेयर काउंसिल के जनरल सेक्रेटरी की जिम्मेदारी संभाली, जिसने इनकी नेतृत्व करने की क्षमता को निखारने में मदद की। आरबीआई का गवर्नर रहते हुए उन्होंने इन्फ्लएशन को नियंत्रित करने के साथ-साथ अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के काम पर चर्चा की। उन्होंने अपनी किताब ब्रेकिंग द माउल्ड पर भी बात की। आईआईटी दिल्ली के आंत्रप्रेन्योर डेवलपमेंट सेल के प्रेसीडेंट समीर अख्तर ने इस चर्चा सत्र का संचालन किया।

**प्रेरित किया**

8 पढ़ाई के दौरान उन्होंने स्टूडेंट अफेयर काउंसिल के जनरल सेक्रेटरी की जिम्मेदारी संभाली: रघुराम राजन

उन्होंने पूर्व आरबीआई गवर्नर से एक के बाद एक कई सवाल जवाब किए। बीकॉन-2024 के आखिरी दिन पुराने व्यवसाय नए स्टार्टअप्स के साथ कैसे सफल हो सकते हैं विषय पर एक महत्वपूर्ण सत्र आयोजित हुआ।

वाधवानी फाउंडेशन के प्रेसीडेंट मितुल पटेल, पॉलीकैब ग्रुप लिमिटेड के पूर्व जीएमडी राम कृष्णन, नो ब्रोकर के फाउंडर अमित कुमार अग्रवाल ने इस सत्र में हिस्सा लिया। इसके बाद आईआईटी दिल्ली के कंपनी शुरू करने वाले पूर्व छात्रों ने अलग-अलग सत्रों में विभिन्न विषयों पर चर्चा की। चायोस के फाउंडर राघव वर्मा, ऑफ बिजनेस के फाउंडर नितिन जैन और आईवीवाई के फाउंडर विक्रम गुप्ता सहित कई अन्य लोग इसमें शामिल थे।

# खूंद जी मस्जिदः हाईकोर्ट का डीडीए को मस्जिद भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
उच्च न्यायालय ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को महरौली इलाके में स्थित उस जमीन पर 12 फरवरी तक यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया, जिस पर 600 साल पुरानी अखूंद जी मस्जिद को ध्वस्त कर दिया गया था। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने साथ ही स्पष्ट किया कि उसका आदेश नागरिक प्राधिकरण को क्षेत्र में अन्य अवैध संपत्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने से नहीं रोकेगा। अदालत दिल्ली वक्फ बोर्ड की प्रबंध समिति द्वारा दायर उस याचिका पर विचार कर रही है जिसमें मस्जिद स्थित भूमि की यथास्थिति बनाए रखने की मांग की गई थी। डीडीए ने 30 जनवरी को संपत्तियों को अनधिकृत निर्माण बताते हुए मस्जिद, बहरुल उलूम मदरसा और विभिन्न कब्रों को तोड़ दिया था। 31 जनवरी को हाई कोर्ट ने डीडीए से जवाब मांगा कि क्या उसने मस्जिद गिराने से पहले कोई पूर्व सूचना दी थी। अदालत ने कहा डीडीए को एक सप्ताह की अवधि के भीतर अपना जवाब दाखिल करने दें, जिसमें संबंधित संपत्ति के संबंध में की गई कार्रवाई और उसके आधार को स्पष्ट रूप से बताया जाए और क्या विध्वंस कार्रवाई करने से पहले कोई पूर्व सूचना दी गई थी। सोमवार को प्रबंध समिति ने कहा कि धार्मिक समिति के पास किसी भी विध्वंस कार्रवाई का आदेश देने का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है। 2009 में सुप्रीम कोर्ट ने सभी सार्वजनिक स्थानों से अनधिकृत धार्मिक संरचनाओं को ध्वस्त-स्थानांतरित करने के आदेश जारी किए और ऐसी संरचनाओं द्वारा किसी भी अन्य कब्जे पर रोक लगा दी। दिल्ली ने ऐसे मामलों पर विचार करने और सिफारिशें करने के लिए गृह सचिव की अध्यक्षता में एक धार्मिक समिति की स्थापना की। उन्होंने तर्क दिया कि डीडीए ने न केवल मस्जिद को ध्वस्त कर दिया, बल्कि कब्रिस्तान में दफन शवों को भी खोदा और कुरान की प्रतियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। डीडीए ने दलील दी कि चार जनवरी को धार्मिक समिति की सिफारिशों के अनुसार विध्वंस किया गया था, साथ ही दिल्ली वक्फ बोर्ड के सीईओ को भी फैसले से पहले सुनवाई का अवसर दिया गया था। कुरान को नुकसान पहुंचाने के आरोपों का खंडन करते हुए उन्होंने कहा कि वकील मामले को धार्मिक रंग देने की कोशिश कर रहे थे, क्योंकि धार्मिक पुस्तकों को सावधानी से संभाला गया था।

**आदेश**

8 आदेश नागरिक प्राधिकरण को क्षेत्र में अन्य अवैध संपत्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने से नहीं रोकेगा



## न्यूज फ्लैश

### लोगों की जरूरत को सरकार द्वारा किया जा रहा है पूरा: कंवर पाल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने कहा कि प्रदेश के लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा सर्वे करवाया जाएगा, ताकि लोगों को बिना मांगे जरूरत के अनुसार सुविधा उपलब्ध करवाई जा सकें। केंद्र सरकार के सहयोग से प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाकर लोगों की आवाजाही को आसान बनाया गया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में विकास कार्यों की छड़ी लगा दी गई है। यब बात स्कूल शिक्षा मंत्री ने आज यमुनानगर के छछरौली की अनाज मंडी में 1 करोड़ 35 लाख रुपये की लागत से तैयार होने वाली सीसी की सडकों के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मंडी में सीसी सडक बनने से किसानों और आढ़तियों को काफी लाभ पंहुचेगा। यह आढ़तियों और किसानों की काफी पुरानी मांग थी जिसको पूरा कर दिया गया। उन्होंने कहा कि बड़े कार्य हमारे क्षेत्र में हमने मुख्यमंत्री से मांगे थे, वह सब पूरे हो गए है और कुछ पर काम चल रहा है। डारपुर से इब्राहिमपुर व खिल्लोवाला से जाटोवाले के रास्ते को मंजूरी मिल गई है और जल्दी ही इस पर काम चालू हो जाएगा। मंत्री ने कहा कि छछरौली में आईटीआई की मांग किसी ने नहीं की थी,परंतु हमने जरूरत समझी उसे मंजूर करवाया और बनवाया। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा में लड़कियों के 73 कॉलेज बनाए गए। अब किसी लडकी को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए 20 किलोमीटर से ज्यादा दूर नहीं जाना पड़ता। प्रदेश के हर ब्लॉक में मॉडल संस्कृति स्कूल बनाए गए और प्रत्येक ब्लॉक में पीएमस्कूल खोले गए। शीघ्र ही प्रत्येक ब्लॉक में 2 पीएमस्कूल खोलने की योजना है। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा लोगों की मांग पर छछरौली को उपमंडल का दर्जा दिया गया, शीघ्र ही छछरौली में सरकारी कार्यालयों के लिए मिनी सचिवालय बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यमुनानगर में रेलवे लाइन बनाने के लिए 876 करोड़ रुपये मंजूर भी किए गए। इस रेलवे लाइन बनने से यहां के नागरिकों को काफी सुविधा मिल सकेगी।

### मुख्य सचिव ने शहरी नियोजन पर दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन किया

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने आज यहां नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग, हरियाणा के सहयोग से शहरी नियोजन के लिए उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी) द्वारा आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। कॉन्क्लेव में भारत सरकार और राज्य सरकार के विभागों के ब्यूरोक्रेट्स और टेक्नोक्रेट्स सहित 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य शहरी नियोजन, सार्वजनिक निजी भागीदारी, टीओडी, टीडीआर और किफायती आवास पर हरियाणा राज्य की विशिष्ट पहलों और नीतियों के बारे में हितधारकों के साथ विचार-विमर्श करना और देश के अन्य भागों के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुभवों को साझा करना है। कॉन्क्लेव का लक्ष्य विचार-विमर्श के आधार पर हरियाणा में शहरीकरण के लिए भविष्य का रोडमैप तय करना है। कॉन्क्लेव के दौरान एचएलसी, एमओएचयूए, नीति आयोग, भारतीय मानव निपटान संस्थान (आईआईएचएस), जैसे शैक्षणिक संस्थानों के वक्ता; एसपीए, सीईपीटी, चंडीगढ़ कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर (सीसीए), हरेरा, इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन फाइनेंस एंड गवर्नेंस, पुणे और जीआईजेड आदि ने शहरी नियोजन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर प्रस्तुति दी और देश और विदेश भर में अपने अनुभव और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया। पहले दिन चार तकनीकी सत्र आयोजित किये गये। प्रथम सत्र की अध्यक्षता एचएलसी के चेयरमैन केशव वर्मा, आईएएस (सेवानिवृत्त) ने की। सत्र का विषय शहरी नियोजन की क्षमता वृद्धि था। हरियाणा टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के निदेशक अमित खत्री; डॉ. पी.एस.एन.राव, डीन (पी एंड डी), एसपीए नई दिल्ली और नीति आयोग की विशेषज्ञ शहरी विकास सुअंशिका गुप्ता द्वारा सेशन में प्रस्तुतियाँ दी गई।

# सीएम मनोहर लाल ने 9 ओडीआर सड़कों के सुधार को मंजूरी दी

## पानीपत जिले में 9 ओडीआर सड़कों की विशेष मरम्मत और सुधार के लिए प्रशासनिक मंजूरी दी

**विशेष मरम्मत**

8 रेलवे स्टेशनों आदि तक पहुंच प्रदान करने वाली सड़कों को (ओडीआर) के रूप में जाना जाता है

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/काजल रानी**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पानीपत जिले में 9 ओडीआर सड़कों की विशेष मरम्मत और सुधार के लिए प्रशासनिक मंजूरी दे दी है। इस प्रोजेक्ट पर 19 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत आएगी। बाजार केंद्रों, तहसील मुख्यालयों, ब्लॉक विकास मुख्यालयों, रेलवे स्टेशनों आदि तक पहुंच प्रदान करने वाली सड़कों को अन्य जिला सड़कें (ओडीआर) के रूप में जाना जाता है।

एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इन परियोजनाओं में गांव बिंझौल से गांव भादर तक 5.10 किलोमीटर लंबी सड़क का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण शामिल है, जिस पर अनुमानित लागत 4.72 करोड़ रुपये आएगी।

इसी प्रकार, गांव जट्टल से खुखराना तक की 2.1 किमी सड़क पर 1.57 करोड़ रुपये ,गांव हरतारी से डाहर तक 1.950 किमी लंबी सड़क पर 2.12 करोड़ रुपये, गांव शोंधापुर से बिंझौल तक 0.930 किमी लंबी सड़क पर 79.17 लाख रुपये , गांव सिवाह से डाडोला तक 3.4 किमी लंबी सड़क पर 3.05 करोड़ रुपए , पानीपत रोड से काबरी, सिठाना होते हुए एलओसीएल रिफाइनरी तक 5.640 किलोमीटर सड़क पर 4.54 करोड़, सिवाह (फिरनी) वाया नांगल खीरी रोड, जिसकी लम्बाई 1.800 किमी है। 65.60 लाख रुपये तथा पानीपत में बरसत रोड का सुदृढ़ीकरण पर 1.85 करोड़ रुपए खर्च आएगा।

उन्होंने आगे कहा कि यह पहल हरियाणा सरकार की बुनियादी ढांचे के विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है और निस्संदेह राज्य भर में सड़क नेटवर्क और कनेक्टिविटी में सुधार करके जनता को पर्याप्त लाभ पहुंचाएगी।



### एचईआरसी के नवनियुक्त अध्यक्ष नन्द लाल शर्मा ने की सीएम से शिष्टाचार भेंट

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) के नवनियुक्त अध्यक्ष नन्द लाल शर्मा ने सोमवार को चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर कैसे हरियाणा के बिजली उपभोक्ताओं को और अधिक बेहतर सेवा दे सकते हैं, उनकी बेहतरी के लिए और क्या कर सकते हैं तथा ग्रीन एनर्जी को और अधिक बढ़ावा देने के लिए कैसे व्यवस्था का निर्माण किया जा सकता है, इन सब विषयों पर चर्चा हुई। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने लक्ष्य रखा हुआ है कि 2030 तक हर हालत में देश में 500 गीगावाट ग्रीन एनर्जी का निर्माण करना है। उस दौरान जो भारत की बिजली आवश्यकता होगी उसका 50 प्रतिशत ग्रीन एनर्जी यानी नॉन फॉसिल फ्यूल (गैर जीवाश्म ईंधन) से पूरी की जाएगी, ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए हर राज्य को अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी, इस दिशा में हरियाणा अपना कैसे सहयोग दे सकता है, उसको लेकर यह विचार विमर्श हुआ।

# 'एक अप्रैल से बीपीएल कार्ड धारक सूरजमुखी का तेल भी ले सकेंगे'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने घोषणा की कि एक अप्रैल 2024 से प्रदेश के बीपीएल कार्ड धारकों को डिमांड पर सूरजमुखी का तेल भी उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा बीपीएल कार्ड धारकों के हित में उठाए गए कदमों की यहां जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में आमदनी की लिमिट बढ़ाने के बाद भी करीब 57 लाख नए लाभार्थी बीपीएल के दायरे में आए हैं। डिप्टी सीएम , जिनके पास खाद्य ,नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग का प्रभार भी है , ने बताया कि लोगों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए प्रदेश सरकार ने दो साल पहले बीपीएल कार्ड धारकों के लिए आमदनी की लिमिट 1.20 लाख रुपए वार्षिक से बढ़ाकर 1.80 लाख रुपए करने का निर्णय लिया था। उन्होंने कुछ लोगों द्वारा बीपीएल लाभार्थियों की संख्या घटने का जवाब देते हुए बताया कि दिसम्बर 2022 में जब लिमिट को रिवाइज करने का काम किया तब से पहले बीपीएल कार्ड की संख्या 26 लाख 94 हजार 484 तथा लाभार्थियों की संख्या एक करोड़ 22 लाख 12 हजार 778 थी। अब लिमिट रिवाइज के बाद जनवरी 2024 में 44 लाख 86 हजार 954 बीपीएल कार्ड और एक करोड़ 79 लाख 44 हजार 45 लाभार्थियों की संख्या पहुँच गई है। कुल मिलाकर बीपीएल की लिस्ट में करीब 57 लाख लाभार्थी नए जुड़े हैं।



**लाभार्थी**

8 नए लाभार्थियों को दिए जाने वाले राशन हेतु केंद्र सरकार को पत्र लिखा था जिसकी अब अनुमति मिल गई है

बकाया राशन भी मिलेगा बीपीएल कार्ड धारकों को : उपमुख्यमंत्री ने बताया कि बीपीएल लिस्ट में 57 लाख नए लाभार्थी जुड़ने से कुछ लाभार्थियों को राशन नहीं मिल पाया था।

नए लाभार्थियों को दिए जाने वाले राशन हेतु केंद्र सरकार को पत्र लिखा था जिसकी अब अनुमति मिल गई है और बकाया राशन का भी जल्द ही वितरण कर दिया जाएगा। राज्य सरकार केंद्र की एजेंसियों से गेंहू और गन्ना मीलों से चीनी खरीदेगी।

# 'पोलिंग/सुरक्षा कर्मियों की मृत्यु या स्थायी दिव्यांगता के मामले में परिवारजन को मिलेगी एक्सग्रेसिया सहायता'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि चुनाव ड्यूटी के दौरान पोलिंग/सुरक्षा कर्मियों के परिवारजन को एक्सग्रेसिया के तहत वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। डयूटी के दौरान हिंसक घटनाओं, बम ब्लास्ट या आतंकवादी घटनाओं या गोलीबारी इत्यादि के कारण मृत्यु हो जाने पर परिवारजन को 30 लाख रुपये दिये जाएंगे। इसी प्रकार, डयूटी पर किसी अन्य कारणों से मृत्यु हो जाने पर 15 लाख रुपये, असामाजिक तत्वों के हमले के कारण कर्मचारी के स्थायी दिव्यांगता होने पर परिवारजन को 15 लाख रुपये तथा शरीर के किसी अंग या आंखों की दृष्टि जाने की स्थिति में 7.5 लाख रुपये की वित्तीय सहायता परिवारजनों को दी जाएगी। अनुराग अग्रवाल अपने कार्यालय में आगामी लोकसभा चुनावों में ड्यूटी में लगे कर्मचारियों के लिए एक्सग्रेसिया नीति से संबंधित बिंदुओं पर समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में जानकारी दी गई कि चुनाव ड्यूटी के दौरान दी जाने वाली यह एक्सग्रेसिया राशि केंद्रीय गृह मंत्रालय या राज्य सरकार या अन्य नियोक्ता द्वारा दी जाने वाले अनुकंपा राशि से अतिरिक्त होगी।

# सवा चार वर्ष में 20 हजार किमी से अधिक सड़क का किया सुधार : दुष्यंत

## नए 12 नेशनल हाइवेज बने, जल्द बनेगा 'फाटक-मुक्त हरियाणा'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश सरकार पिछले सवा चार साल से सड़क तंत्र को मजबूत करने में लगी गई है , इस दौरान 15,005 किलोमीटर लम्बाई की सड़कों की मरम्मत की गई और मजबूतीकरण किया गया तथा 1,550 किलोमीटर नया सड़क नेटवर्क तैयार किया गया। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत लगभग 2,500 किलोमीटर ग्रामीण सड़क का आधारभूत ढांचा बेहतर किया गया। इसी प्रकार 1,360 किलोमीटर लम्बाई की सड़क का नाबार्ड के फण्ड से सुधारीकरण किया गया। कुल मिलाकर 20,399 किलोमीटर स्टेट फण्ड और केंद्र सरकार द्वारा दी गई आर्थिक सहायता से एमडीआर ,ओडीआर , लिंक सड़कें और स्टेट हाइवेज का बेहतरीन तरीके से सुधार किया है। उपमुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि करनाल , अम्बाला , पिंजौर तथा झज्जर समेत 12 नेशनल हाइवेज के बाईपास बनाए गए हैं। साथ ही जींद और उचाना में भी बाईपास की स्वीकृति मिल गई है जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। राज्य सरकार द्वारा उठाये गए इन सकारात्मक कदमों से शहरों में यातायात का दबाव कम होगा और जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने बताया कि एक नेशनल हाइवेज पिंजौर से होकर हिमाचल प्रदेश के बद्दी में जाता है। इसमें वाहनों की संख्या ज्यादा होने के कारण पिंजौर और कालका में जाम की समस्या बनी रहती थी , लोगों की समस्या का समाधान करते हुए पिंजौर में भी बाईपास का निर्माण किया गया है। इसका 93 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से इस बाईपास के उदघाटन करवाने के लिए समय देने हेतु मैंने अनुरोध किया है। दुष्यंत चौटाला ने बताया कि यमुनानगर शहर से पौंटा साहिब की तरफ जाने वाली सड़क पर भी वाहनों की अधिकता के कारण जाम की समस्या बनी रहती है। इसके लिए केंद्र सरकार से अनुरोध किया कि इस नेशनल हाइवे पर शहर में ट्रैफिक के दबाव को कम करने के लिए जगाधरी और यमुनानगर शहर के बाहर से एक बाईपास बनाया जाए , इसके लिए नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया से स्वीकृति मिल चुकी है।

**जल्द बनेगा "फाटक-मुक्त हरियाणा":** डिप्टी सीएम ने कहा कि हमने दो साल पहले हरियाणा को एमडीआर और ओडीआर सडकों पर बने रेलवे की फाटक से मुक्ति दिलाने के लिए "फाटक-मुक्त हरियाणा" करने की दिशा में कदम उठाया था।

इसके लिए राज्य में आरओबी और आरयूबी निर्माण का खाका तैयार किया गया।

# बच्चों में किताबी ज्ञान के साथ संस्कार होने बहुत आवश्यक: राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में संस्कार बहुत आवश्यक हैं। संस्कार बच्चों में स्कूली शिक्षा के समय में बोए जाते हैं और संस्कारों के बिना शिक्षा अधूरी है। सभ्य और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण के लिए युवा पीढ़ी का शिक्षा के साथ-साथ संस्कारवान होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं देना है बल्कि उनको एक अच्छा व्यक्ति भी बनाना है। राज्यपाल दत्तात्रेय सोमवार को जिला भिवानी के सिवानी स्थित महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल के 12 वें वार्षिक उत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। समारोह में स्कूल के 150 से अधिक होनहार बच्चों को स्कूल की तरफ से पुरस्कार देकर सम्मानित किया। राज्यपाल ने इस दौरान स्कूल के इंडोर खेल स्टेडियम का उद्घाटन भी किया। समारोह के दौरान राज्यपाल ने छोटे बच्चों को खूब दुलारते हुए अपना आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर बोलते हुए हरियाणा के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जे.पी. दलाल ने कहा कि भारत बढ़ती हुई युवा शक्ति है। भारत के युवाओं ने अपने हुनर से देश का नाम पूरे विश्व में रोशन किया है।



**संस्कारवान**

8 सभ्य और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण के लिए युवा पीढ़ी का शिक्षा के साथ-साथ संस्कारवान होना बहुत जरूरी

# 'विकसित भारत संकल्प यात्रा से खुश हैं हरियाणा के लोग'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**विकसित भा**रत संकल्प यात्रा को लेकर हरियाणा के लोग खुश हैं। यात्रा के दौरान सांसद, विधायक और अधिकारी लोगों की समस्याओं को सुनते हैं और उनका समाधान भी कराते हैं। जिन समस्याओं का समाधान मौके पर नहीं हो पाता है, उनका अधिकारी जल्द से जल्द निराकरण कराने का लोगों को आश्वासन देते हैं। यात्रा के दौरान केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया जाता है। लोग योजनाओं की जानकारी लेने के साथ-साथ उनका फायदा भी ले रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा में 51 लाख 28 हजार लोग शिरकत कर चुके हैं। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन है कि वर्ष 2047 तक भारत को विश्व का विकसित राष्ट्र बनाना है। जिसको पूरा करने के लिए देश में 16 नवंबर 2023 से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई थी। उक्त यात्रा हरियाणा में 30 नवंबर 2023 से आरंभ की गई। यात्रा की पहुंच गांवों, कस्बों और शहरों में हुई है।

**स्वास्थ्य शिविरों में लोगों की सेहत की हो रही हैं जांच:** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर लोगों के सेहत की जांच की जा रही है। शिविरों में 8 लाख 68 हजार 292 लोगों की स्वास्थ्य की जांच की गई और अस्वस्थ पाए गए लोगों को मुफ्त में दवा भी मुहैया कराई गई। डाक्टरों ने लोगों को बीमारी से बचाव के तरीके भी बताए। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कृषि विशेषज्ञों द्वारा वर्कशाप भी लगाई गई, जिसमें किसानों को खेती करने के नए-नए टिप्स दिए गए।

### शिक्षा मंत्री ने खुले दरबार में सुनीं समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के स्कूल शिक्षा एवं पर्यटन मंत्री कंवरपाल ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में राज्य सरकार सबका साथ-सबका विकास के मूलमंत्र के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा, स्वाभिमान और स्वावलंबन हर वर्ग के हित को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है और इसी मूल मंत्र के माध्यम से सुशासन पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हाल ही में प्रदेश के विभिन्न जिलों में 2024 करोड़ रुपये की 153 परियोजनाओं की सौगात दी है। प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बिना भेदभाव विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करवाया जा रहा है।

# 'डबवाली हलके के 11 गांवों में बनेगा ग्राम सचिवालय'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा है कि हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला प्रदेश की ग्राम पंचायतों को निरंतर सशक्त बना रहे है। उन्होंने कहा कि इसी मकसद से उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने डबवाली विधानसभा क्षेत्र के 11 गांवों में ग्राम सचिवालय भवनों के निर्माण को प्रदेश सरकार द्वारा मंजूरी दिलवाई है। दिग्विजय ने उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्राम सचिवालय भवन बनने से गांव में ही ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का बेहतर और आसान तरीके से लाभ मिल पाएगा और ग्रामीण आंचल में सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी। जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने बताया कि 7 करोड़ 87 लाख 16 हजार रुपए की लागत से डबवाली के गांव अबूबशहर, अहमदपुरा दारेवाला, गोदिकां, कालुआना, रामपुरा बिश्नोईयां, तेजाखेड़ा, लखुआना, मुन्नावाली, राजपुरा, राजपुरा माजरा और रामगढ़ में ग्राम सचिवालय भवन बनाने को सरकार की मंजूरी मिल गई है। उन्होंने कहा कि डिप्टी सीएम इन ग्राम सचिवालयों का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू करवाएंगे ताकि ग्रामीणों को एक ही छत के नीचे गांव में ही ऑनलाइन सुविधाएं मिले। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि ग्राम पंचायतें लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण और मजबूत कड़ी होती है और गांवों में ग्राम सचिवालय भवन बनने से पंचायतें और सशक्त होंगी। दिग्विजय ने कहा कि जिस प्रकार हमारे देश, राज्यों, जिलों और प्रदेश में ब्लॉक स्तर पर सचिवालय हैं, उसी प्रकार गांव में भी ग्राम सचिवालय बनाना समय की जरूरत है और इसे डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने समझा है।



**मंजूरी**

8 ग्राम सचिवालय बनवाकर ग्रामीणों को सशक्त कर रहे हैं डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला: दिग्विजय

उन्होंने कहा कि जननायक चौधरी देवीलाल जैसे ग्रामीणों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए बड़े फैसले लेते थे, उसी तरह आज उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला भी आधुनिक और नये कदम उठाकर ग्रामीणों को गांव स्तर पर ही सरकारी सेवाओं से जोड़ने का काम कर रहे हैं। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि जननायक जनता पार्टी के निरंतर प्रयास गांवों, किसानों और कमजोर वर्गों को खुशहाल करने के लिए होते हैं और सिरसा जिले में बड़ी संख्या में ग्राम सचिवालय मंजूर करवाना इसी का परिणाम है।

# कल मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेगी आप: डॉ. सुशील गुप्ता

## बेरोजगारी के कारण आत्महत्या करने को मजबूर हरियाणा के युवा : डॉ. सुशील गुप्ता, युवाओं को नौकरी देने की बजाय भ्रष्टाचार में डूबी खट्टर सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/अंकुश जैन**

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने सोमवार को पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता कर बेरोजगारी के मुद्दे पर खट्टर सरकार को घेरा। इस दौरान उनके साथ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. बीके कौशिक, संगठन मंत्री आदर्शपाल सिंह और जींद जिलाध्यक्ष वजीर ढांडा मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में आज प्रदेश का हर युवा सड़कों पर है और बेरोजगारी के कारण त्रस्त है। बेरोजगारी के कारण युवा नशे और डिप्रेशन का शिकार हो रहा है, लेकिन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। स्थिति इतनी भयावह है कि हर घर में मां बाप भी परेशान है क्योंकि उनके घर का चिराग बेरोजगारी के कारण नशे, अपराध की तरफ चल पड़ा है और आत्महत्या करने के बारे में सोचने लगा है। रोजगार न मिलने से युवा अवैध तरीके से विदेश को पलायन करने को मजबूर है, जहां पर युवा अपनी जान तक गवां रहे हैं।आम आदमी पार्टी प्रदेश के युवाओं के साथ 7 फरवरी को करनाल में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेगी और युवाओं के रोजगार की मांग को लेकर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 2 लाख से ज्यादा स्वीकृत पद खाली पड़े हैं, जिनपर हरियाणा सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 71,000 पद शिक्षा विभाग में खाली पड़े हैं, प्रारंभिक शिक्षा विभाग में 42,000 और माध्यमिक शिक्षा विभाग में 29,000 पद खाली पड़े हैं। इसके अलावा पुलिस विभाग में 21500, परिवहन विभाग में 9339, पशुपालन विभाग में 5738, सार्वजनिक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग विभाग में 5073, अग्निशमन विभाग में 3320 और चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान में 2867 पद रिक्त पड़े हैं। लेकिन भाजपा सरकार प्रदेश के युवाओं को भर्ती नहीं कर रही है। यदि सरकार इन पदों को भरे तो समस्या हल हो सकती है। परंतु खट्टर सरकार का इस ओर कोई ध्यान नहीं है, केवल भ्रष्टाचार में डूबी हुई है।



**रणनीति**

8 भाजपा सरकार में आज प्रदेश का हर युवा सड़कों पर है और बेरोजगारी के कारण त्रस्त है

# पीजीआईएमएस, रोहतक में हुई गुर्दा-ट्रांसप्लांट की पहली सफल सर्जरी

## मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ने डॉक्टरों को दी बधाई, डोनर के परिवार को पांच लाख देने की घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार की बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाओं का उस समय गौरवान्वित क्षण देखने में आया जब पीजीआईएमएस, रोहतक के डॉक्टरों की एक टीम ने गुर्दा-ट्रांसप्लांट ( रीनल ट्रांसप्लांट ) की पहली सर्जरी सफलतापूर्वक की है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मेडिकल टीम के ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. विवेक ठाकुर और डॉ. गौरव शंकर पांडे , नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. अरुण दुआ और डॉ. अंकुर गोयल तथा एनेस्थीसिया टीम की डॉ. ममता,डॉ. आशीष और डॉ. आशा सहित इनके मेंटर डॉ. आशीष शर्मा को बधाई दी है। डॉक्टरन की इस टीम ने ब्रेन डेड डोनर मरीज की दोनों किडनी को पीजीआईएमएस, रोहतक में दो जरूरतमंद मरीजों में सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किया। खास बात यह है कि डॉक्टरों की यह टीम डोनर का लीवर भी सफलतापूर्वक निकालने में कामयाब रही और उसे लीवर ट्रांसप्लांट के लिए आईएलबीएस, दिल्ली भेज दिया, जिससे एक व्यक्ति की भी जान बच गई। इस प्रकार ये डॉक्टर 3 लोगों को जीवनदान देने में सफल रहे। मुख्यमंत्री ने ब्रेन डेड डोनर मरीज के अंग दान करने पर इनके परिवार को निस्वार्थ कार्य करने पर कृतज्ञता के एक छोटे से प्रतीक के रूप में 5 लाख रुपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि रीनल ट्रांसप्लांट एक जटिल और जीवनरक्षक प्रक्रिया है और अब यह सुविधा जो पहले केवल हरियाणा राज्य में निजी क्षेत्र के अस्पतालों में भारी लागत 8 से 10 लाख रुपये में उपलब्ध थी। अब राज्य के गरीब और जरूरतमंद मरीजों को मामूली खर्चे पर मिल सकेगी।

## न्यूज फ्लैश

### करंट लगने से किसान की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। जिले** के गांव गोंदर में एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई। किसान खेत में ट्यूबवेल चलाने के लिए गया था, लेकिन जैसे ही वह मोटर चलाने लगा तो उसे करंट लग गया और मौके पर ही किसान की मौत हो गई। मृतक किसान 49 वर्षीय लाल सिंह के भाई पवन ने बताया कि रविवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे लाल सिंह हमारे साथ खेत में गया था। लाल सिंह ने कहा कि मैं ट्यूबवेल चलाकर आता हूं, तब तक तू काम कर ले, लेकिन जब करीब 30 मिनट तक वह वापस नहीं आया और न ही ट्यूबवेल चला तो उसने लाल सिंह को आवाज दी। उसका कोई जवाब नहीं आया। जब लाल सिंह की तरफ से खेत के कमरे से कोई आवाज नहीं आई तो वह मौके पर गया। कमरे में मोटर की बिजली की तारों के ऊपर लाल सिंह पड़ा था। इसके बाद उन्होंने तुरंत ट्रांसफॉर्मर से बिजली को बंद किया और लाल सिंह को उठाया। उसे तुरंत निसिंग के अस्पताल में लेकर आया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पवन ने बताया कि लाल सिंह के पास खुद की जमीन नहीं थी। वह हर वर्ष जमीन ठेके पर लेकर ही खेती करता था और अपने परिवार का पालन पोषण करता था। लेकिन, इस हादसे के बाद पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया।

निसिंग थाना प्रभारी जंगशेर सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के उपरांत परिजनों के हवाले कर दिया है। पुलिस इस मामले में हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है।

### 'नशे की बुराई को खत्म करने के लिए जिला से लेकर गांव स्तर तक की टीमों को किया जाए सक्रिय'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। उपायुक्त अनीश** यादव ने जिला में नशे जैसी सामाजिक बुराई खत्म करने के लिए डिस्ट्रिक्ट मिशन टीम, सब डिवीजनल टीम, क्लस्टर टीम, क्लस्टर मिशन टीम, वार्ड मिशन टीम, विलेज मिशन टीम सक्रिय करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त संचालित नशा मुक्ति केंद्रों को प्रयास ऐप पर रजिस्टर करने के भी निर्देश दिए ताकि शीघ्र अति शीघ्र नशे से ग्रस्त मरीजों का डाटा ऑनलाईन किया जा सके।

उपायुक्त सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में नारकोटिक्स समन्वय केंद्र (एनकोर्ड) की मासिक बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि नशा जैसी सामाजिक बुराई को जिले में किसी भी सूरत में पनपने न दिया जाए, इसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एक्शन मोड में कार्य करें।

उन्होनें निर्देश दिए कि पुलिस, स्वास्थ्य, पंचायत, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, खेल विभाग, रेड क्रॉस सोसाइटी व नेहरू युवा केंद्र के अधिकारी ज्वाइंट एक्शन प्लान के अनुसार नशा ग्रसित गांवों में जागरूकता कैंप लगाएँ और नशा से ग्रसित लोगों की पहचान करके नशा मुक्ति केन्द्र में इलाज करवाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने ड्रग कंट्रोल अधिकारी तथा सीएमओ को निर्देश दिये कि वो कैमिस्ट की दुकानों पर रेड बढ़ाएं और कमी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाएं। इसके अलावा साथी ऐप पर कैमिस्ट की दुकानों को रजिस्टर करवाना भी सुनिश्चित करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा कि नशा मुक्ति केन्द्रों की नियमित रूप से जाँच की जाए और केन्द्रों में चैकलिस्ट भी लगाई जाए और इसकी एक प्रति अधिकारियों को भी उपलब्ध करवाई जाए, ताकि सही तरीके से चैकिंग की जा सके। उन्होंने साथी ऐप के बारे में सुझाव दिया कि ड्रग कंट्रोल अधिकारी द्वारा कैमिस्टों की बैठक ली जाए और उनको ऐप पर पंजीकरण करवाने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रहरी योजना के तहत गांव-गांव में नशा से ग्रस्त मरीजों की पहचान की जा रही है और उनको ईलाज के लिए नशा मुक्ति केंद्रों पर पहुँचाया जा रहा है।

# गांव सालवन के एक मकान में चोरों ने चोरी कर लगाई आग

## बेटी की शादी के लिए रखे गहने लेकर हुए फरार



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। जिले** के सालवन गांव में पहले तो चोर ताला तोड़कर घर में घुसे, चोरी की और चोरी के बाद घर को आग के हवाले कर दिया। घर में बेटी की शादी के लिए रखे गहनों पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। महिला करीब दो महीने से करनाल में अपनी देवरानी के पास रह रही थी।

आगजनी की सूचना मिली तो वह करनाल से लौटी और अपने घर के हालात देख फूट-फूट कर रोने लगी। पीड़िता ने प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगाई है और चोरों को पकडकर सामान बरामद करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सालवन निवासी नवीता पत्नी स्वर्गीय रघुबीर सिंह काफी समय से बीमार रहती है। वह करनाल की बालाजी कॉलोनी में अपने देवर कोरा पहलवान के पास गई हुई थी, वहीं पर उसने दवाई ली और ठीक हो गई। वह करीब दो-ढाई महीने से करनाल में ही रह रही थी, क्योंकि उसकी देवरानी का सिर का ऑपरेशन हुआ था। उन्हें रोज चंडीगढ़ चेकअप के लिए जाना पड़ता है। उसकी देखभाल के लिए वह वहीं रह रही थी। नवीता ने बताया कि उसके पास दो लडकी और एक 12 साल का लडका है, जो पांचवीं में पढ़ता था, लेकिन आर्थिक तंगी की वजह से उसकी पढ़ाई छूट गई। एक लडकी की शादी हो चुकी है, जबकि दूसरी लडकी राजस्थान में प्राइवेट जॉब करती है। दूसरी बेटी की शादी के लिए ही उसने गहने बनवाकर रखे हुए थे, ताकि शादी में अपनी बेटी को कुछ दे सके। पीड़िता के भतीजे बिजेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार रात को वह अपने घर में सोए हुए थे। तभी रात को किसी पड़ोसी ने उनका दरवाजा खटखटाया और बताया कि उसके चाचा रघबीर के घर में आग लगी हुई है। जब मौके पर पहुंचे तो घर में आग लगी हुई थी और चारों तरफ धुआं ही धुआं फैला हुआ था। पड़ोस के लोग मौके पर एकत्रित हो चुके थे। उन्होंने आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। फायर ब्रिगेड और पुलिस को भी कॉल किया गया था। 20 मिनट बाद ही फायर की गाड़ी मौके पर पहुंच गई थी।

## नाबालिग संदिग्ध परिस्थिति में हुई लापता, पिता बोला-बेटी की मानसिक हालत ठीक नहीं

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। पुलिस** थाना 32-33 के अंतर्गत आने वाली एक कॉलोनी से संदिग्ध हालातों में नाबालिगा लापता हो गई। नाबालिगा की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। परिजनों ने तलाश करने के बाद मामले की शिकायत पुलिस को की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता उत्तर प्रदेश के बेगुसराय जिला के एक गांव का रहने वाला है। वह बीते कई वर्षों से करनाल की एक कॉलोनी में रह रहा है। शिकायतकर्ता ने बताया है कि बीती 22 जनवरी की सुबह करीब साढ़े 10 बजे उसकी नाबालिग पुत्री संदिग्ध हालातों में लापता हो गई। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसकी बेटी की मानसिक स्थिति सही नहीं है। उन्होंने आसपास के एरिया में काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। उसकी बेटी ने हरे रंग का सूट पहना हुआ है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी को सभी रिश्तेदारियों में ढूंढा, लेकिन उसका कहीं अता-पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस को की है।

पीड़ित ने शिकायत में बताया कि उनकी बेटी की उम्र 16 साल है और मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं है।

उन्हें डर है कि बेटी के साथ कुछ अनहोनी न हो जाए। बेटी की तलाश में वह दिन-रात जुटे हुए हैं। पुलिस थाना 32-33 के जांच अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि नाबालिगा के लापता होने की शिकायत मिली है। नाबालिगा 22 जनवरी को लापता हुई थी, लेकिन परिवार ने शिकायत आज दी है

## 'एक से 30 जनवरी तक पुलिस विभाग ने 13177 और आरटीए ने किए 260 चालान'

### 42 लाख 39 हजार और एक करोड़ 20 लाख 72 हजार 500 रुपये का किया गया जुमार्ना

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। जिला सडक** सुरक्षा समिति की बैठक सोमवार को जिला सचिवालय में उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें पिछली बैठक के 16 और आज की बैठक की कार्यसूची के 12 बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। इसमें बताया गया कि इस साल एक से 30 जनवरी तक पुलिस विभाग द्वारा 13177 और आरटीए द्वारा 260 चालान किये गये। इनके एवज में क्रमशः 42 लाख 39 हजार और एक करोड़ 20 लाख 72 हजार 500 रुपये जुमार्ना किया गया। गत वर्ष के मुकाबले इस साल सडक सुरक्षा नियमों की सख्ती से पालना के कारण जिला करनाल में गंभीर दुर्घटनाओं में 14 प्रतिशत की कमी आई है।

बैठक में बताया गया कि पुलिस महकमे की तरफ से ओवर स्पीड के 378, बिना हेलमेट के 4209, नशा करके गाड़ी चलाने पर 5, बिना आरसी के 326, बिना लाइसेंस के 354, बिना नंबर प्लेट के 100, लेन बदलने के 3632, दुपहिया वाहन पर तीन सवारी बैठाने के 45, गलत दिशा में वाहन चलाने के 535, गलत पार्किंग के 1619, लाल बत्ती पार करने के 1475, बिना थर्ड पार्टी इंश्योरेंस के 20, बिना वायु प्रदूषण प्रमाण पत्र के 15 चालान शामिल हैं। आरटीए द्वारा ओवरलोडेड वाहनों के 260 चालान कर एक करोड़ 20 लाख 72 हजार 500 रुपये जुमार्ना वसूला गया।

गढ़ी बीरबल से यमुनानगर रोड पर बने गहरे गड्ढ़ों के कारण संभावित हादसों को लेकर पिछली बैठक के एजेंडा नंबर 3 के बारे में पीडब्ल्यूडी के डिवीजन नंबर-एक के कार्यकारी अभियंता ने बताया कि जहां जरूरत थी वहां पैचवर्क किया गया है। गांव बधनारा-पुंडरी रोड पर स्पीड ब्रेकर बनाने बारे पीडब्ल्यूडी डिवीजन-दो के एक्सईएन ने बताया कि यह गांव कैथल जिला में पड़ता है।

## सीजेएम ने किया जेल का निरीक्षण, बंदियों से की बातचीत

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। मुख्य न्यायिक** दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर कौर आज जिला कारागार पहुंची। उन्होंने वहां रह रहे बंदियों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने 18 से 22 वर्ष की आयु के सभी बंदियों से बातचीत की, जिनमें से कुछ बंदियों ने बताया कि उनकी आयु 18 वर्ष से कम है। 18 वर्ष से कम आयु के बंदियों के प्रार्थना पत्र लिए गए व उन्हें आयु प्रमाण पत्र सलंग्न करने की हिदायत दी गई, जिससे इन बंदियों के प्रार्थना पत्रों पर कानूनी कार्यवाही की जा सके। इसके अलावा जरूरतमंद बंदियों को मुफ्त कानूनी सेवाएं प्रदान करने हेतू प्रार्थना पत्र लिए गए।

## तहसीलों में आमजन से जुड़े कार्यों में तेजी लाएं राजस्व विभाग के अधिकारी: अनीश



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। डीसी** अनीश यादव ने कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तहसीलों में आमजन से जुड़े कार्यों में तेजी लाए। तहसीलों में रजिस्ट्री, गिरदावरी, जमाबंदी व जाति प्रमाण पत्र से जुड़े कार्यों को समय पर पूरा किया जाए। अधिकारी विशेषतौर पर यह ख्याल रखें कि आमजन को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। डीसी अनीश यादव बुधवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में राजस्व विभाग की बैठक ले रहे थे। उन्होंने जिले की सभी तहसीलों व उपतहसीलों में लंबित पड़े इंतकाल के कार्य को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के सरल केंद्र का स्कोर नीचे नहीं आना चाहिए। जो भी कार्य सरल केंद्र के माध्यम से किए जाते हैं, उनका निपटारा तत्काल किया जाना चाहिए। सरल केंद्र में लंबित पड़े मामलों की संख्या शून्य की जाए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि तहसीलों में जाति और आय प्रमाण पत्र के लिए जितने भी आवेदन आते हैं, उन्हें बिना विलम्ब के जारी करने की कोशिश करें। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, असंध के एसडीएम वीरेंद्र सिंह ढुल, एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, सीटीएम अमन कुमार, डीआरओ शाम लाल, सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदार व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिला उपायुक्तों के साथ की समीक्षा बैठक

### लोकसभा के आम चुनाव के दृष्टिगत जिला प्रशासन की तैयारियां पूरी : अनीश यादव



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनीश यादव ने कहा लोकसभा आम चुनाव के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा लगभग सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि अच्छे हालात के भवनों में मतदान केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं। इसके अलावा ड्यूटी मजिस्ट्रेट, सैक्टर सुपरवाइजर तथा नोडल अधिकारी भी जल्द नियुक्त किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम भी तैयार कर लिया गया है।

उपायुक्त ने हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल को वीसी के दौरान जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा ने सोमवार को वीसी के माध्यम से जिला उपायुक्तों के साथ लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर प्रबंधों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव की तिथि की घोषणा कभी भी हो सकती है, इसलिए सभी समय रहते अपने-अपने जिले में सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर लें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि जिन जिलों में सुपरवाइजरों व नोडल अधिकारियों की नियुक्ति नहीं हुई है, उनकी जल्द से जल्द नियुक्ति की जाए और उनको पुलिस पार्टी की भी लिस्ट भी उपलब्ध करवाई जाए, ताकि वे तालमेल के साथ कार्य कर सकें। इसकी रिपोर्ट जल्द से जल्द निर्वाचन कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपने-अपने जिलों में मतदान केंद्रों की चेकिंग करवाएं और वहां सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। भवन की स्थिति की रिपोर्ट भी दें। उन्होंने कहा कि स्ट्रॉग रूम तथा मतगणना केंद्रों की भी जल्द से जल्द पहचान कर लें। उन्होंने कहा कि हेल्पलाईन नंबर 1950 को पूरी तरह एक्टिव किया जाए।

**नियुक्ति**

**8 इसके अलावा ड्यूटी मजिस्ट्रेट, सैक्टर सुपरवाइजर तथा नोडल अधिकारी भी जल्द नियुक्त किए जाएंगे**

## 10वें सब्जी मेला में पहुंची झज्जर जिले के प्रगतिशील महिला किसान मंजू पुनिया ग्रेवाल

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

**घरौंडा** में स्थित सब्जी उत्कृष्टता केंद्र में लगे 2 दिवसीय सब्जी एक्सपो-2024 मेले का सोमवार को समापन हो गया। इस मेले में प्रदेश के सभी जिलों के प्रगतिशील किसानों ने अपने-अपने स्टाल लगाकार मेले में प्रतिभागी किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक किया। इस दौरान झज्जर जिले के सासरोली गांव की महिला प्रगतिशील किसान मंजू पुनिया ग्रेवाल ने भी मेले में अपना स्टाल लगाया और किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक किया।

महिला किसान मंजू पुनिया ग्रेवाल ने बताया कि वह उनके पति श्री सत्यवान ग्रेवाल से प्रेरणा लेकर अपनी पैतृक भूमि लगभग 6 एकड़ में पिछले 10 वर्षों से प्राकृतिक खेती स्वयं कर रही है, जिसके लिए वह कभी-कभी अपने पति की मदद, तो मजदूरों की भी सहायता लेती है। मंजू के पति भी कृषि विभाग, हरियाणा में एस.डी.ओ. के पद पर कार्यरत हैं। मंजू पुनिया ग्रेवाल ने बताया कि उसने अपने खेत में लगभग 2 एकड़ में मल्टी फ्रुट का बाग लगाया हुआ है, जिसमें किन्नू, अंगूर, मौसमी, अमरूद, नींबू व बेर सहित अन्य फलों के पौधे लगाए हुए है। उन्होंने बताया कि वे अपने फार्म पर तकनीकी खेती का प्रशिक्षण भी देती है, जिसमें समय-समय पर विद्यार्थी व किसान भी आते रहते है। मंजू पुनिया ग्रेवाल 2 बार प्रगतिशील किसान के नाम से राज्य स्तर पर 2 बार जिला स्तर पर सम्मानित भी हो चुकी है। मंजू पूनिया ग्रेवाल, ग्रेवाल फार्मिंग के नाम से अपना यूट्यूब चैनल भी चलाती है, जिस पर वे किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने के लिए समय-समय पर वीडियो व ब्लॉग भी डालती रहती हैं।

## लंगर हॉल का लेंटर डालने के कार्य की शुरूआत की

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

सोमवार को श्री गुरु रविदास मंदिर सदर बाजार में लंगर हॉल का लेंटर डालने के कार्य की शुरूआत की गई। इस शुभ अवसर पर पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता, सीएम के निजी सचिव अभिमन्यु व सीएम प्रतिनिधि संजय बठला ने विशेष रूप से शिरकत की। उल्लेखनीय है कि जून 2023 में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने श्री गुरु रविदास सभा की मांग पर भवन निर्माण के लिए 35 लाख रुपए की राशि स्वैच्छिक कोष से देने की घोषणा की थी। भव्य भवन निर्माण होने से समाज के लोगों में खुशी का माहौल है। सभा के प्रधान रोहित जोशी ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, रेनू बाला गुप्ता, अभिमन्यु व संजय बठला का आभार व्यक्त किया।

रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश की जनता से किए सभी वादों और घोषणाओं को पूरा किया है। सीएम की सोच है कि हर वर्ग को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। मुख्यमंत्री ने पूरे हरियाणा में बिना भेदभाव के एक समान विकास कार्य करवाए हैं। इसी का परिणाम है कि हरियाणा की जनता मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में खुशहाल है। उन्होंने कहा कि कर्ण नगरी में भी अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। शहर की तस्वीर बदल गई है। वह करनाल की जनता की ओर से मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करती हैं।

सीएम के निजी सचिव अभिमन्यु ने प्रदेश की सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल हरियाणा के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री हैं। उनके नेतृत्व में हरियाणा का चहुंमुखी विकास हुआ है। सरकार की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को मिला है। सीएम प्रतिनिधि संजय बठला ने कहा कि यह करनाल की जनता का सौभाग्य है कि मनोहर लाल के रूप में उन्हें यशस्वी मुख्यमंत्री मिले हैं।

## सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी ने बीजेपी के एजेंटों को दिखाया आईना

### लोकतंत्र की हत्या के लिए पीठासीन अधिकारी पर चलना चाहिए देशद्रोह का केस, सीएम खट्टर युवाओं को रोजगार देने के लिए गंभीर नहीं, 7 फरवरी को करनाल में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेगी आम आदमी पार्टी

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। आम आदमी** पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने कहा कि पूरे प्रदेश के युवा त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। रोजगार के लिए भटक रहे हैं। युवाओं की समस्याओं को लेकर आम आदमी पार्टी पहले भी अलग अलग प्लेटफार्म पर युवाओं की आवाज उठा चुकी है, फिर भी खट्टर सरकार ने कान पर जूं नहीं रेंग रही। सोमवार को आम आदमी पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि प्रदेश में 2 लाख सरकारी नौकरियों के पद खाली हैं। 6 जनवरी, 2023 को मुख्यमंत्री खट्टर ने आधिकारिक प्लेटफॉर्म से 50,000 सरकारी नौकरियां देने का वादा किया था। उन्होंने कहा कि यदि सीएम खट्टर ने 50000 तो दूर पिछले एक साल में यदि 1000 नौकरियां भी दी हैं तो उनकी सूची जारी करें, नहीं तो प्रदेश की जनता और युवाओं से सार्वजनिक तौर पर माफी मांगे। उन्होंने कहा कि इसको लेकर आम आदमी पार्टी 7 फरवरी को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। 8 फरवरी को सभी जिलों में प्रेस वार्ता कर बेरोजगारी की स्थिति जनता के सामने रखेंगे। वहीं 9 फरवरी को हर जिले में धरना कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान उनके साथ आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष यादव, दलविंदर चीमा, बलविंदर, प्रवीण फोर और रामपाल बजीदा मौजूद रहे। इससे साथ उन्होंने चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि बीजेपी ने तानाशाही तरीके से मेयर बनाने की कोशिश की है। बीजेपी लोकतंत्र के खिलाफ साजिश कर रही थी, इसमें कोई शक नहीं।

# किसान अपनी भूमि पर शुरू करें प्राकृतिक खेती: हरविंद्र



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

विधायक हरविंद्र कल्याण ने किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि किसान अपनी भूमि पर प्राकृतिक खेती शुरू करें। जिस पर सरकार सब्सिडी भी दे रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार वर्तमान समय में प्राकृतिक खेती को सर्टिफाइड करने और उसके लिए अलग से मंडी स्थापित करने पर कार्य कर रही है। वह सोमवार को घरौंडा स्थित सब्जी उत्कृष्टता केंद्र पर आयोजित सब्जी एक्सपो-2024 के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। हरविंद्र कल्याण ने कहा कि वर्तमान समय में हम सब को खेती सहित सभी क्षेत्रों में ही नई-नई तकनीक की जरूरत है। हमारी तरक्की के लिए नई तकनीक व कृषि के क्षेत्र में नई मशीनें भी हमारी जरूरते बन गई है। आज के समय में और पुराने समय में बहुत फर्क पड़ गया है। उन्होंने कहा कि पैदावार को बढ़ाने के लिए किसान कई बार फरटिलाईजर का प्रयोग ज्यादा कर रहे है जोकि भविष्य के लिए बेहद खतरनाक है। इस क्षेत्र में बदलाव आ रहा है और किसानों ने भी अपनी तरक्की के लिए बदलाव लाना होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य की सरकार ने भी पिछले 9 वर्षों में विभिन्न फसलों पर एमएसपी को 2 से 2.5 गुणा बढ़ाया है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि आज हम सबको प्राकृतिक खेती करने की आवश्यकता है। किसान को अपनी खेती के साथ-साथ व्यापर भी करना होगा। उन्होंने कहा कि आज हम सब खेती की वजह से हैं। सरकार ने किसानों के प्रति मेहनत करते हुए मेरी फसल मेरा ब्यौरा, मेरा पानी मेरी विरासत सहित विभिन्न योजनाएं लाकर किसानों का प्रगतिशील बना रही है।

**स्वागत**

**8 मेरी फसल मेरा ब्यौरा, मेरा पानी मेरी विरासत सहित विभिन्न योजनाएं लाकर किसानों का प्रगतिशील बना रही**

## मोटरसाइकिल और साढ़े आठ लाख की राशि लेकर फरार होने वाला सुपरवाइजर काबू

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

**बर्गलरी** स्टाफ की टीम ने कंपनी के सुपरवाइजर द्वारा मालिक के साढ़े आठ लाख रुपए और मोटरसाइकिल लेकर फरार होने वाले आरोपी रोहित पुत्र भगवानदास वासी श्याम गली जुंडला गेट करनाल को कर्ण लेक करनाल से गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर दो दिन का रिमांड हासिल किया गया था। रिमांड के दौरान आरोपी की निशानदेही पर उसके कब्जे से आठ लाख रुपए नगद व स्प्लेंडर मोटरसाइकिल नंबर एचआर05एस-8560 बरामद की गई। इस संबंध में अमन अरोड़ा वासी सेक्टर-7 करनाल ने शिकायत दी थी कि करीब तीन महीने पहले उसने अपनी फैक्टरी में बतौर सुपरवाइजर रोहित वासी जुंडला गेट करनाल को लगाया था, जो कि पेमेंट लाने का काम करता था।

21 जनवरी को भी मेने सुपरवाइजर रोहित को फैक्ट्री की मोटरसाइकिल देकर करण वासी सेक्टर 7 से पेमेंट लाने के लिए भेजा, जो पेमेंट और मोटरसाइकिल लेकर कही फरार हो गया। फैक्टरी मालिक अमन अरोड़ा द्वारा शिकायत देने पर नामजद आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर 32-33 में आईपीसी की धारा 409 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

**शिकंजा**

**8 करण वासी सेक्टर 7 से पेमेंट लाने के लिए भेजा, जो पेमेंट और मोटरसाइकिल लेकर कही फरार हो गया**

## संपादकीय

# बड़ी सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं'

**हर बड़ा** व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है' जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है' बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं। यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं' सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं' मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए ' यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है' जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है' यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है'

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं' सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए'इसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है' और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है' भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है'ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है।

# अपने-अपने भारत रत्न

-डॉ. सत्यवान सौरभ

"अपना सर्वस्व न्यौछावर करके देश की आजादी के लिए के लिए हंसते-हंसते फांसी पर चढ़ जाने वाले अमर शहीद भगतसिंह, राजगुरु व सुखदेव को भारत रत्न क्यों नहीं दिया जाना चाहिए? क्या भारत रत्न जैसे सम्मान भी अब सरकारी हो गए हैं? जब सत्ता में एक पार्टी रहती है, तो वो अपने लोगों को सम्मानित करती है और जब दूसरी आती है, तो वो अपनों को इस सम्मान के लिए चुनती है। भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दशकों से विवादों में रहा है, क्या टाइमिंग के हिसाब से, पक्षपात या कई बार उसे राजनीतिक पार्टियां अपने वोट बैंक के हिसाब से इस अवार्ड को भुनाने की कोशिश करती हैं, तब जब यह सम्मान राष्ट्रीय सेवा के लिए दिया जाता है। इन सेवाओं में कला, साहित्य, विज्ञान, सार्वजनिक सेवा और खेल शामिल है"

**भारत रत्न पु**रस्कार की चयन पद्धति क्या हो, निर्णय की प्रणाली क्या हो, इसमें कौन-कौन से लोग शामिल होने चाहिए? अभी इस पर बात नहीं हो रही है। अब तक जिन हस्तियों को भारत रत्न मिल चुका है। हम उनकी प्रतिष्ठा पर सवाल नहीं उठाते। लेकिन एक प्रश्न जरूर है कि माँ भारती के वो लाडले आखिर हर बार क्यों छूट जाते है जिनको देश की जनता दिल से भारत रत्न मानती है। हमारे देश में कलंकितों और घोटालेबाजों को भी खैरात की तरह सम्मान बांटे जाने का इतिहास है। ऐसे में सवाल लाजिम है कि क्या इसमें भी प्रलोभन चलते हैं और लाबिंग होती है? अपना सर्वस्व न्यौछावर करके देश की आजादी के लिए के लिए हंसते-हंसते फांसी पर चढ़ जाने वाले अमर शहीद भगतसिंह, राजगुरु व सुखदेव को भारत रत्न क्यों नहीं दिया जाना चाहिए? क्या भारत रत्न जैसे सम्मान भी अब सरकारी हो गए हैं? जब सत्ता में एक पार्टी रहती है, तो वो अपने लोगों को सम्मानित करती है और जब दूसरी आती है, तो वो अपनों को इस सम्मान के लिए चुनती है। जिसकी भी सरकार होती है वो अपने लाभ-हानि के हिसाब से अपने-अपने भारत रत्न प्रदान करती है। इस पुरस्कार को लेकर संसद में एक कानून बनाकर एक दिशा-निर्देश तय किए जाने की आवश्यकता है जिसमें सिर्फ सरकारी कर्मचारियों के निर्णय के अलावा विपक्षी पार्टियों और गैर सरकारी संस्थानों के अधिकारियों को शामिल किया जाना चाहिए। तभी इस सर्वोच्च सम्मान की प्रतिष्ठा शिखर पर रहेगी। भारत की जिन विभूतियों ने अपनी ज़िन्दगी में भारत रत्न के पैदा होने से पहले ऐसा रुतबा हासिल कर लिया हो तो क्या उन नामों को इस सम्मान से परे रखा जाना चाहिए? आप पूछेंगे कि यह सवाल क्यों किया जा रहा है? यह सवाल इसलिए पूछे जा रहे हैं क्योंकि भारत रत्न के मामले में कुछ ऐसी गलतियां हुई हैं जिसके बाद यह सवाल भारत रत्न की हर घोषणा के साथ ज़िन्दा हो जाता है। देश के लिए अपनी जान तक न्योछावर करने वालों को शहीद का दर्जा देने में मुश्किलों का पहाड़ खड़ा करें और जब अपनी ही सरकार में सरकार के शीर्ष नेता को भारत रत्न मिले तो हजारों प्रश्न स्वयं पैदा हो जाते है। 21वीं सदी का भारत जागृत भारत है, यहां का प्रत्येक नागरिक अब चाहने लगा है कि समाज के नायकों को राष्ट्रीय फलक पर प्राथमिकता दी जाय, लेकिन जब कभी



उन्हें लगने लगता है कि उन्हें हाशिए पर डाला जा रहा है या पक्षपात हो रहा है, तब ऐसे मुद्दे उठ खड़े होते हैं और विवाद की परिधि में आ जाते हैं। देश में सबसे बड़ा सम्मान भारत रत्न को माना जाता है। अपने क्षेत्र में देश के लिए कुछ करने जिसकी वजह से परिवर्तन आया हो। उसे देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया जाता है। ये सम्मान उसे दिया जाता है जिसने अपने क्षेत्र में असाधारण या सर्वोच्च सेवा दी हो। ये सम्मान राजनीति, कला, साहित्य, विज्ञान के क्षेत्र में किसी वैचारिक, वैज्ञानिक, उद्योगपति, लेखक और सामाज सेवी को दिया जाता है। ऐसे में खुदी राम बोस से लेकर बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद जैसे 20वीं सदी के नेताओं में किन्हीं के नाम को छोड़ने का औचित्य नहीं बनता। इसी तरह से 19वीं सदी में भी रानी लक्ष्मी बाई, राजा राम मोहन राय जैसे नामों को कैसे छोड़ा जा सकता है? फिर यह सिलसिला रुकेगा भी नहीं। अतीत में जाने का कोई अंत नहीं रह जाएगा। फिर, यह सवाल खत्म कैसे होंगे? भारत रत्न देने की प्रथा सीधी रही है; प्रधान मंत्री भारत के राष्ट्रपति को नामों की सिफारिश करते हैं, जो फिर ऐसे नामांकन स्वीकार करते हैं। लेकिन 2 जनवरी, 1954 के भारत के आधिकारिक गजट नोटिफिकेशन में इस प्रक्रिया का कोई उल्लेख नहीं है, जिसने भारत रत्न की स्थापना की। सम्मान को मरणोपरांत प्रदान करने की अनुमति देने के लिए 15 जनवरी, 1955 को जारी एक अतिरिक्त अधिसूचना में भी इसके प्रक्रियात्मक पहलू का उल्लेख नहीं किया गया था। इसलिए, वह प्रक्रिया जिसके तहत प्रधान मंत्री या कैबिनेट भारत रत्न प्रदान करने के लिए राष्ट्रपति के पास नाम नामांकित करते हैं, एक परंपरा है न कि देश का कानून। इस मुद्दे पर आलोचना के साथ-साथ चुप्पी भी कई स्तरों पर देखने को मिलती है लेकिन चयन पद्धति क्या हो, निर्णय की प्रणाली क्या हो? इसमें कौन-कौन से लोग शामिल होने चाहिए? अभी इस पर बात नहीं हो रही है। वर्तमान सरकार कई पुरानी प्रणालियों को ध्वस्त करती दिखी है तो उसे इसके लिए भी एक प्रणाली विकसित करनी ही चाहिए कि ज्यादा से ज्यादा लोगों द्वारा इसे मान्यता मिले और यह शिखर सम्मान आलोचना से वंचित रहे। अब तक जिन हस्तियों को भारत रत्न मिल चुका है। हम उनकी प्रतिष्ठा पर सवाल नहीं उठाते। लेकिन एक प्रश्न जरूर है कि माँ भारती के वो लाडले आखिर हर बार क्यों छूट जाते है जिनको देश की जनता दिल से भारत रत्न मानती है? हमारे देश में कलंकितों और घोटालेबाजों को भी खैरात की तरह सम्मान बांटे जाने का इतिहास है। ऐसे में सवाल लाजिम है कि क्या इसमें भी प्रलोभन चलते हैं और लाबिंग होती है? अपना सर्वस्व न्यौछावर करके देश की आजादी के लिए के लिए हंसते-हंसते फांसी पर चढ़ जाने वाले अमर शहीद भगतसिंह, राजगुरु व सुखदेव को भारत रत्न क्यों नहीं दिया जाना चाहिए? क्या भारत रत्न जैसे सम्मान भी अब सरकारी हो गए हैं? जब सत्ता में एक पार्टी रहती है, तो वो अपने लोगों को सम्मानित करती है और जब दूसरी आती है, तो वो अपनों को इस सम्मान के लिए चुनती है। भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दशकों से विवादों में रहा है, क्या टाइमिंग के हिसाब से, पक्षपात या कई बार उसे राजनीतिक पार्टियां अपने वोट बैंक के हिसाब से इस अवार्ड को भुनाने की कोशिश करती हैं, तब जब यह सम्मान राष्ट्रीय सेवा के लिए दिया जाता है। इन सेवाओं में कला, साहित्य, विज्ञान, सार्वजनिक सेवा और खेल शामिल है।खेल को सबसे पहले किसी खिलाडी के लिए ही नियम में बदलाव कर इसे भारत रत्न खेल श्रेणी को जोड़ा गया और दिया गया। और यहीं से एक नए विवाद और विरोध की भी शुरूआत हुई। क्या इससे पहले खेलों में कोई प्रेरक व्यक्तित्व या खिलाडी नहीं था? जिस खिलाडी को ये भारत रत्न मिला उनकी काबिलियत पर कोई शक नहीं लेकिन उनके मुकाबले खेलों के जिस जादूगर की अनदेखी की गई वो बेहद दुखद रही। आखिर क्यों नेता जी सुभाष चन्द्र बोस, शहीद-ए-आजम भगत सिंह, डॉ. राम मनोहर लोहिया, हॉकी के जादूगर ध्यानचंद को आज तक भारत रत्न नहीं। अवसरवादी राजनीति ने यह स्थिति पैदा की है। इस अवसरवाद ने भारत रत्न की नींव ही हिला दी। अगर भारत रत्न की प्रतिष्ठा को आगे बढ़ाना है तो हमें इस दिशा में सोचना ही होगा। अन्यथा ये सवाल उठते रहेंगे कि भगत सिंह, खुदीराम बोस, सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी जैसे सपूत क्यों भारत रत्न से दूर रहे? हमें ये साफ कर देना चाहिए कि इन सपूतों ने अपने जीवन में जो हासिल कर लिया, उसके सामने कोई भी सम्मान बड़ा नहीं है। ये सपूत पहले महान बने, भारत रत्न बाद में पैदा हुआ। दरअसल भारत रत्न इस तरह के सेवा कार्यों के लिए ही दी जानी चाहिए जिससे कि किसी भी स्तर पर लाखों लोग लाभान्वित हों और प्रेरणा पा सकें। देश का यह सर्वोच्च नागरिक सम्मान आखिर किसे दिया जाए इसके लिए कोई वैधानिक प्रक्रिया तो होनी चाहिए जिससे कि इस सम्मान का एक आदरणीय स्थान बना रहे। क्योंकि इससे देश के सभी वर्गों की आकांक्षाएं जुड़ी हैं लेकिन ऐसा हो नहीं पाता। जिसकी भी सरकार होती है वो अपने लाभ-हानि के हिसाब से अपने-अपने भारत रत्न प्रदान करती है। एक कानून बनाकर एक दिशा-निर्देश तय किए जाने की आवश्यकता है जिसमें सिर्फ सरकारी कर्मचारियों के निर्णय के अलावा विपक्षी पार्टियों और गैर सरकारी संस्थानों के अधिकारियों को शामिल किया जाना चाहिए।

## कविता

कितना अजनबी,पराया सा दिखता
है वो।

कितना अजनबी,पराया सा दिखता है वो।
अपनी सांसों में छुपा रखता है वो।

रोजाना रूबरू हो न नहो फिर भी।
जेहन में बसा रखता है वो।

कितनी मासूम है माशूका शायद ।
जाते वक़्त वजूद छोड़ अपना जाता है
वो।।

बेरुखी का आलम तो देखिए साहेब।
ख्यालों से अपने भिगा जाता है वो।।

इश्क तो रूहानी रिश्ता है जनाब ।
झुकता मैं हूं,सजदे करा जाता है वो।।

महकती रहे महकती सांसों की डोर,
धमनियों में लहू सा बहता रहता है वो।।

उसकी नेकी का सिला देखिये संजीव।
मुझ फकीर से याराना रखता है वो।।

संजीव ठाकुर

## 2024 की लड़ाई- बिजली पानी शिक्षा पर आई

**किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र और सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश भारत में लोकसभा चुनाव 2024 की बिगुल करीब करीब बज ही गया है।मेरा मानना है कि करीब अप्रैल 2024 में संभावित सात चरणों में लोकसभा चुनाव शुरू होंगे इसका अंदेशा इसी से लगाया जा रहा सकता है कि, कुछ समय से लाखों हजारों करोड रुपए की योजनाओं का पिटारा खोला जा रहा है। विशेष रूप से अंतरिम बजट 2024 में बिजली जो हर व्यक्ति के जीवन का जरूरी अंग बन गया है उसके बारे में रूफटॉप सोलर योजना के बारे में कहा गया है जिसका उल्लेख माननीय पीएम ने 22 जनवरी 2024 को पीएम सूर्योदय योजना शुरू करने के लिए एक बैठक की अध्यक्षता कर एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर लगाने का लक्ष्य रखा था, जिसे अब बजट 2024 में उतारा गया है, इसी का उल्लेख माननीय पीएम ने आज दिनांक 4 फरवरी 2024 को असम के गुवाहाटी दौरे पर 11 हजार करोड़ की योजनाओं की घोषणा करते हुए देशवासियों के घरेलू उपभोक्ताओं के बिजली बिल 300 यूनिट तक शून्य करने पर काम शुरू होने की बातें कही। बता दें यह बिजली पानी शिक्षा फ्री करने की दूर की कौड़ी अन्ना हजारेआंदोलन से लेकर शुरू हुई थी जिसे कर्मठ कार्यकर्ता दिल्ली के सीएम ने पहली बार दिल्ली में फिर पंजाब में भी उतार कर काफी प्रशंसा बटोरी थी। अब हर राज्य व केंद्र सरकार की बिजली शिक्षा पानी फ्री करने सर्वाधिक तेजी से काम कर रहे हैं।यानें इस मुद्दे को राजनीतिक दलों द्वारा लपकना जनता के लिए काफी फायदेमंद सौदा साबित हुआ है। इसलिए रूफटॉप सोलर योजना को एक करोड़ घरेलू उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का काम तेजी से शुरू होगा। मेरा मानना है किलोकसभा चुनाव 2024 की कवायत अब जीतने के लिए नहीं बल्कि रिकॉर्ड 400 प्लस सीटें बनाने के लिए की जा रही है, क्योंकि जीतना तो करीब निश्चित हो चुका है पर देखना यह है कि 400 प्लस और 50 फीसदी से अधिक वोटिंग का टारगेट होता है या नहीं। चूंकि आज पीएम ने फिर 300 यूनिट्स बिजली बिल शून्य पर काम शुरू होने की बात कही है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, रूफटॉप सोलर योजना भारत में एक करोड़ घरों के छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने से शून्य बिजली बिल का मार्ग प्रशस्त होगा।

साथियों बात अगर हम रूफटॉप सोलर पैनल और सब्सिडी की करें तो, यह घर की छत पर लगाए जाते हैं। इन पैनलों में सोलर प्लेट लगी होती है। यह ऐसी तकनीक है जो सूर्य की किरणों से ऊर्जा सोखकर बिजली प्रोड्यूस करती है। पैनल में फोटोवोल्टिक सेल्स लगे होते हैं जो सौर ऊर्जा को बिजली में तब्दील कर देते हैं। यह बिजली वही काम करती है जो पावर ग्रिड से आई बिजली करती है।

## विचार

## केजरीवाल के पास ईमानदारी साबित करने का सुनहरा अवसर

**आशीष वशिष्ठ**

**दिल्ली के** मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के समन को पांच बार अस्वीकार कर चुके हैं। यह संविधान को अस्वीकार करना और उसका उल्लंघन करना ही है। ईडी दिल्ली ह्यशराब घोटाले के बारे में केजरीवाल से पूछताछ करना चाहती है। लेकिन स्वंय को कट्टर ईमानदारी को प्रमाण पत्र देने वाले कट्टर ईमानदार केजरीवाल जांच का सामना करने की बजाय राजनीतिक प्रपंच कर रहे हैं। केजरीवाल सरकार पर औषधि से लेकर मदिरा तक, शिक्षा से लेकर कक्षा तक और मोहल्ला क्लिनिक के लैब टेस्ट तक में भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर जब शराब घोटाले के आरोप लगे थे, तब आम आदमी पार्टी ने ईडी की कार्रवाई का समर्थन किया था। मगर केजरीवाल स्वयं ईडी के नोटिस को अस्वीकार कर रहें हैं। 17 नवंबर 2021 को दिल्ली सरकार ने राज्य में नई शराब नीति लागू की। विपक्ष का आरोप है कि नई शराब नीति से जनता और सरकार दोनों को नुकसान हुआ। प्रश्न यह है कि, अगर शराब घोटाले में केजरीवाल का हाथ नहीं है, तो वह क्यों जांच में शामिल होने से घबरा रहे हैं? अगर शराब घोटाला हुआ ही नहीं, तो पॉलिसी में बदलाव क्यों किया और नई नीति क्यों लाई गई? केजरीवाल तो कई बार कह चुके हैं कि प्रधानमंत्री मोदी उनसे डरते हैं, लिहाजा चुनावों में निष्क्रिय करने के मद्देनजर ईडी जांच और जेल के जाल बिछाए जा रहे हैं। केजरीवाल शराब घोटाले को लेकर स्वयं को निर्दोष मानते हैं, इसलिए घोटालों के आरोपों का स्पष्टीकरण नहीं दे रहे हैं। केजरीवाल के उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया बीते 11 माह से, शराब घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर आरोपों के कारण, कारागार में हैं। उनकी जमानत के तर्क सर्वोच्च न्यायालय तक अस्वीकार कर चुका है। केजरीवाल की पार्टी के ही राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी घोटालों के आरोपों और साक्ष्यों के मद्देनजर कारागार में बंद हैं। यदि इतने महत्त्वपूर्ण साथी कारागार में हैं, तो क्या उन्होंने शराब नीति का निर्णय स्वयं ही लिया था? प्रश्न यह भी है कि कैबिनेट की बैठकों की अध्यक्षता किसने की थी? कारागार वाले साथियों ने शराब माफिया के कुछ चेहरों को, जो कारागार में बंद हैं, मुख्यमंत्री केजरीवाल के आवास पर उनसे मिलवाया था, तो उसके प्रयोजन क्या थे? जिस मनी ट्रेल की ओर सर्वोच्च न्यायालय ने भी संकेत किए हैं, क्या मुख्यमंत्री और ह्यआपह्ल के राष्ट्रीय संयोजक के तौर पर केजरीवाल उसमें संलिप्त नहीं थे? आम आदमी पार्टी ये दावा कर रही है कि जो शराब नीति उसने बनाई थी वही हरियाणा में भी चल रही है। लेकिन मोदी सरकार उसे निशाना बना रही है। अगर ऐसा है तो आम आदमी इसका पदार्फाश क्यों नहीं करती। सिर्फ ये कहने से काम नहीं चलेगा कि मोदी सरकार केजरीवाल सरकार को निशाना बना रही है। क्या बीजेपी आम आदमी पार्टी को इसलिए टारगेट कर रही है कि ये मोदी सरकार के खिलाफ बहुत ज्यादा मुखर है. और बड़े ही आक्रामक अंदाज में मोदी और अमित शाह जैसे बड़े नेताओं पर आरोप लगाती है? आम आदमी पार्टी सभी को भ्रष्ट बताती रही है। इनमें राहुल गांधी, शीला दीक्षित, सोनिया गांधी, अदानी और अंबानी सभी शामिल हैं। लेकिन इनके खिलाफ उसके पास सुबूत कभी नहीं रहे। अब वही आम आदमी पार्टी कह रही है कि बगैर सुबूत के उसके नेताओं को जेल में भरा जा रहा है। लेकिन ये भी सही है कि अगर इन नेताओं के खिलाफ सुबूत नहीं थे तो अदालतों ये केस इतने दिनों तक कैसे टिकते। शराब घोटाले में सीबीआई और ईडी अब तक 15 से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी हैं। इसमें संजय सिंह, मनीष सिसोदिया, विजय नायर, समीर महेंद्रू, अरुण रामचंद्रन, राजेश जोशी, गोरन्तला बुचिबाबू, अमित अरोड़ा, फ्रांसीसी शराब कंपनी पर्नोड रिकार्ड के महाप्रबंधक बेनॉय बाबू, पी सरथ चंद्र रेड्डी, अरबिंदो फार्मा के पूर्णकालिक निदेशक और प्रमोटर, व्यवसायी अमनदीप धाल और व्यवसायी अभिषेक बोइनपल्ली शामिल हैं। इस मामले में एजेंसिया 80 से अधिक लोगों से पूछताछ कर चुकी हैं। इनमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भारत राष्ट्र समिति यानी बीआरएस नेता के. कविता भी शामिल हैं। कविता तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी हैं। केजरीवाल से सीबीआई ने पूछताछ की थी।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

## परीक्षाओं में अनुचित साधनों (नकल) का प्रयोग

**विजय गर्ग**

**शिक्षा** प्रणाली एक उपकरण है जो लोगों को उनकी प्रतिभा और रुचि के अनुसार उत्पादक जीवन जीने में सक्षम बनाती है। शिक्षा प्रणालियों को पूरी तरह से प्रभावी बनाने के लिए व्यक्ति को स्वतंत्रता और नेतृत्व का प्रशिक्षण देना होगा। साथ ही, इसे एक प्रगतिशील और लोकतांत्रिक समाज के निर्माण के लिए आवश्यक सभी व्यावसायिक क्षमताओं के विकास का प्रावधान करना चाहिए। युवाओं को दी जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता उनके दृष्टिकोण के निर्माण में काफी हद तक योगदान करती है। इसलिए जो भी प्रकार की शिक्षा प्रदान की जाएगी वह स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से निकलने वाले शिक्षित युवाओं की गुणवत्ता और प्रकृति का निर्धारण करेगी। शिक्षा एक महान निमार्ता है और यदि यह अपर्याप्त या पतनशील है तो यह विध्वंसक भी हो सकती है। शिक्षा में ऐसी कमियों या कमी का प्रमाण इतिहास है। ग्रीस और रोम एक समय विश्व नेता थे क्योंकि ये शिक्षा और शिक्षा के महान केंद्र थे। लेकिन जब इन केंद्रों का अस्तित्व समाप्त हो गया तो इसके परिणामस्वरूप इन साम्राज्यों का पतन हो गया। यदि वर्तमान शिक्षा प्रणालियों का मूल्यांकन किया जाए तो वे भी विभिन्न कमियों और दोषों से ग्रस्त हैं, हालाँकि अभी भी कई अपवाद हैं। बहरहाल, परीक्षाओं के दौरान आम तौर पर होने वाली गड़बड़ियों पर ध्यान देने और उन्हें खत्म करने की जरूरत है। ये कदाचार पूर्व-आचरण, आचरण और मूल्यांकन चरणों में होते हैं और प्रश्नपत्रों के लीक होने से लेकर नकल करने, उत्तर पुस्तिकाएं बदलने, प्रतिरूपण, परीक्षा केंद्र में कदाचार, पर्यवेक्षकों/परीक्षकों के पास जाने, पुरस्कार सूची/परीक्षा रजिस्टरों में गलत प्रविष्टियाँ करने और जारी करने तक शामिल हैं। फर्जी प्रमाणपत्र/डिग्री आदि। परीक्षा में अनुचित साधनों का उपयोग एक प्रवृत्ति है जो जल्द ही समाप्त होने वाली नहीं है। शिक्षा की पूरी प्रणाली परीक्षाओं के इर्द-गिर्द घूमती है जो प्रणाली की सफलता या विफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वे छात्रों की सफलता या विफलता के बैरोमीटर भी हैं। परीक्षाओं में नकल और अन्य अनुचित साधनों/कदाचारों का सहारा एक गंभीर समस्या है।

## पलटीश कुमार की जय

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**जब कोई गेंद** किसी दीवार से टकराती है, तो टकराव में दोनों सतहों पर परमाणुओं और अणुओं की परस्पर क्रिया शामिल होती है। ये परमाणु और अणु विद्युत चुम्बकीय बलों द्वारा एक साथ बंधे होते हैं, जो उनकी स्थिति, अभिविन्यास और बंधन ऊर्जा निर्धारित करते हैं। इन विद्युत चुम्बकीय अंतःक्रियाओं की ताकत और प्रकृति शामिल परमाणुओं और अणुओं के प्रकार, साथ ही उनके आवेशों, द्विध्रुवीय क्षणों और अन्य गुणों पर निर्भर करती है। टक्कर के दौरान, गेंद और दीवार के परमाणुओं और अणुओं के बीच विद्युत चुम्बकीय संपर्क होने वाली विकृति की प्रकृति और सीमा निर्धारित करते हैं। जब गेंद दीवार से टकराती है, तो गेंद की सतह और दीवार की सतह संपर्क में आती है, और दोनों सतहों में परमाणुओं और अणुओं के बीच विद्युत चुम्बकीय बल उनके परस्पर क्रिया और विरूपण का कारण बनते हैं। विरूपण में शामिल बलों की दिशा और परिमाण के आधार पर संपीड़न, झुकने, कतरनी या अन्य प्रकार के तनाव शामिल हो सकते हैं। टकराव के दौरान संग्रहीत और जारी होने वाली ऊर्जा की मात्रा विरूपण की प्रकृति और सीमा पर निर्भर करती है, जो बदले में गेंद और दीवार के परमाणुओं और अणुओं के बीच विद्युत चुम्बकीय बातचीत पर निर्भर करती है। यदि विरूपण लोचदार है, जिसका अर्थ है कि टकराव के बाद परमाणु और अणु अपनी मूल स्थिति और अभिविन्यास पर लौट सकते हैं, तो टक्कर के दौरान गेंद से दीवार पर स्थानांतरित होने वाली अधिकांश ऊर्जा को लोचदार संभावित ऊर्जा के रूप में संग्रहीत किया जाएगा। गेंद और दीवार. यह संभावित ऊर्जा रिबाउंड के दौरान जारी की जा सकती है, जिससे गेंद अपनी कुछ मूल गतिज ऊर्जा के साथ वापस उछलती है। यदि विरूपण बेलोचदार है, जिसका अर्थ है कि टक्कर के बाद परमाणु और अणु अपनी मूल स्थिति और अभिविन्यास पर वापस नहीं लौट सकते हैं, तो टक्कर के दौरान गेंद से दीवार पर स्थानांतरित की गई कुछ ऊर्जा गर्मी या अन्य रूपों के रूप में नष्ट हो जाएगी। ऊर्जा। इसका मतलब यह है कि पलटाव कम ऊर्जावान होगा, और गेंद अपनी कुछ मूल गतिज ऊर्जा खो देगी।

## न्यूज फ्लैश

### मोटी कमाई का लालच देकर ठग लिए 6.18 लाख रुपये

**सोनीपत: खरखौदा** के रहने वाले मंजीत को मोटी कमाई का लालच देकर 6.18 लाख रुपये ऐंठ लिए गए। उनका कहना है कि उन्होंने सोशल मीडिया से एक व्हाट्सएप ग्रुप ज्वाइन किया था। अक्तूबर, 2023 में उन्हें बताया गया कि उनकी राशि को फरवरी, 2024 तक 35 गुना कर दिया जाएगा। उन्हें क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कराने को कहा गया। उन्होंने उनके खाते में 3.18 लाख रुपये जमा कराए। 4 दिसंबर को उनके खाते में राशि 70 लाख रुपये दिखाने लगी। वह राशि देने के नाम पर उनसे 3.47 लाख रुपये मांगे गए। उन्होंने वह जमा करा दिए। फिर 70 लाख की निकासी के लिए सात लाख रुपये मांगे गए। उन्हें ठगी का अहसास हुआ तो उन्होंने रुपये देने से मना कर दिया। वह उनकी तरफ से लौटाए गए रुपये के अलावा उन्हें 6.18 लाख रुपये दे चुके है। साइबर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी राजीव ने बताया कि जल्द से जल्द ठग का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियार सहित दो गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: जिले के** पी स्टाफ ने अलग-अलग स्थानों से दो युवकों को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सन्नी निवासी आदियाना पानीपत व नीरज निवासी कथूरा का है।

जांच अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान गांव खांडा के पास मौजूद थी। उसी दौरान एक युवक संदिग्ध हालत में घुमता हुआ मिला। उसे रोककर उसकी तलाशी ली। उसके पास से एक अवैध पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस बरामद कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उक्त हथियार को वह किसी नामपता मालूम से लेकर आया था। वहीं उप निरीक्षक राजीव कुमार की टीम गश्त के दौरान सांपला बाइपास पर मौजूद थी। उसी दौरान आरोपित को काबू कर उसकी तलाशी ली। उसके पास एक अवैध हथियार व जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपित के खिलाफ संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### दी गढ़ी केसरी पैक्स लिमिटिड के प्रधान बने संजय त्यागी

**गन्नौर:** दी गढ़ी केसरी पैक्स लिमिटेड का चुनाव सर्वसम्मित से हुआ। जिसमें संजय त्यागी को प्रधान, उपप्रधान कमला देवी को चुना गया। चुनाव पीठासीन अधिकारी संजय अरोड़ा की अध्यक्षता में हुआ। चुनाव में सदस्य प्रमोद त्यागी, ओम त्यागी, रविन्द्र, ऋर्षिप्रकाश, प्रबंधक रणबीर सिंह आदि शामिल हुए। नवनियुक्त प्रधान संजय त्यागी का प्रमोद त्यागी के नेतृत्व में अन्य सदस्यों ने स्वागत किया। नवनियुक्त संजय अरोड़ा ने कहा कि वे पैक्स के विकास के लिए मेहनत, लग्न से कार्य करेंगे।

### शहरी स्थानीय निकाय मंत्री ने प्रेस क्लब के सदस्यों को लेकर महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे का किया निरीक्षण

**हिसार:** शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने सोमवार को प्रेस क्लब के सदस्यों के साथ स्थानीय महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने 10 हजार फुट हवाई पट्टी, 4 हजार फुट पुरानी हवाई पट्टी, 16 किलोमीटर की चारदीवारी, एटीसी बिल्डिंग तथा कैटआई लाईट सहित अन्य कार्यों का जायजा लिया। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री ने प्रेस क्लब के सदस्यों को हवाई अड्डे की कार्य योजना के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे की चारदीवारी सहित दूसरे चरण के लगभग सभी कार्य पूर्ण हो चुके है। तीसरे चरण के कार्य भी प्रारम्भ हो चुके हैं। लगभग 3-4 माह के पश्चात यहां बड़े हवाई जहाज लैंड होंगे। इसके अलावा देश के प्रमुख स्थानों के लिए उड़ान शुरू हो जाएगी। इस अवसर पर प्रेस क्लब के प्रधान राज पराशर, वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र उप्पल, कमलेश भारती, महेश मेहता, कुलदीप रावलवासिया, बिंदु, विधानसभा संयोजक रामचंद्र गुप्ता, नरेश सिंगल, मोहित गोयल, पंकज दीवान तथा दीन दयाल आदि उपस्थित थे।

# शहर की अग्नि सुरक्षा रामभरोसे, बेड़े की दोनों गाड़ियों के टैंक देखरेख के अभाव में हए लीक

## दमकल गाड़ी के टैंक लीक होने की वजह से नगरपालिका के परिसर में जमा पानी

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

नगर पालिका के पास भले ही दो बड़ी दमकल गाड़ियां हैं, लेकिन देखरेख के अभाव के चलते दोनों दमकल गाड़ियों के टैंक काफी समय से रिस रहे हैं। जिससे आपात स्थिती में यदि दमकल गाड़ी में पानी खत्म मिला तो बड़ा हो हादसा हो सकता है। आगजनी जैसी भयानक आपदा से निपटने के लिए दमकल अधिकारी कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। क्षेत्र में आगजनी की घटनाएं होती रहती हैं। अगर कही समय रहते क्षतिगस्त फायर ब्रिगेड को ठीक नहीं कराया तो आने वाले दिनों में काफी परेशानी हो सकती है। आग बुझाने के लिए नगर पालिका के पास दो बड़ी गाड़ियां हैं और एक छोटी दमकल गाड़ी है। जिसमें से दोनों बड़ी गाड़ियों के टैंक लीक हो रहा है।



जिसके कारण उसमें से पानी रिसता रहता है और हजारों लीटर पानी बर्बाद होता रहता है। यह समस्या पिछले कई दिनों से है, लेकिन इस बारे में दमकल अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि प्रशासन द्वारा समय पर मेंटेनेंस नहीं कराए जाने के कारण गाड़ियों की हालत खराब होती जा रही है।

**एक साल पहले ही आई थी नई गाड़ी:** दमकल विभाग के बेड़े में करीब एक साल पहले ही एक बड़ी नई गाड़ी को शामिल किया गया था, लेकिन देखरेख के अभाव में एक साल में ही दमकल गाड़ी की हालत खस्ता होनी शुरू हो गई। वहीं दूसरी बड़ी गाड़ी चार-पांच साल पुरानी है, जिसमें लगभग हर साल टैंक लीक होता है और हर बार इसे ठीक करवाने में खानपूर्ती की जाती है। यदि ऐसा ही हाल रहा तो क्षेत्र में आगजनी से निपटने के लिए दमकल की गाड़ियों का भरोसा नहीं रहा जा सकता है।

**जिला दमकल विभाग को शिकायत भेज रखी है:** दमकल केंद्र के इंचार्ज शमशेर सैनी ने बताया कि नई गाड़ी अभी वारंटी पीरियड में है। उसे ठीक करने के लिए अंबाला कंपनी में शिकायत दे रखी है। उम्मीद है कि कंपनी द्वारा इस सप्ताह गाड़ी को ठीक करवा दिया जाएगा। जबकि दूसरी गाड़ी को ठीक करवाने के लिए भी जिला दमकल अधिकारियों को लिखित में मांग की गई है। वहां से मंजूरी नहीं मिल रही है। वहां से मंजूरी मिलने के बाद इस गाड़ी को भी ठीक करवा दिया जाएगा।

## अग्निपथ योजना के तहत भर्ती प्रक्रिया में आवेदन का आज अंतिम अवसर

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** एयरमैन सिलेक्शन सेंटर के कमांडिंग आफिसर विंग कमांडर एसवीजी रेड्डी ने कहा कि भारतीय वायुसेना अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर वायु प्रवेश के लिए चयन परीक्षा हेतू अविवाहित भारतीय पुरुष और महिला उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए है। इस भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण किया जा रहा है और 6 फरवरी 2024 तक आवेदन किया जा सकता है।

उन्होंने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इस भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा 17 मार्च 2024 से होगी। इसके लिए जन्म तिथि 2 जनवरी 2004 से लेकर 2 जुलाई 2007 के बीच होनी चाहिए। इस परीक्षा के लिए विज्ञान विषय में केंद्रीय व राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित शिक्षा बोर्ड से गणित, भौतिकी और अंग्रेजी के साथ इंटर मीडियट या 12वीं या समकक्ष परीक्षा में कुल मिलाकर न्यूनतम 50 फीसदी अंक और अंग्रेजी में 50 फीसदी अंकों के साथ उतीर्ण होनी चाहिए। उन्होंने कहा विज्ञान विषयों के अलावा केंद्रीय व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्डों से किसी भी स्ट्रीम में इंटरमीडिएट 12वीं या समकक्ष परीक्षा में कुल मिलाकर न्यूनतम 50 फीसदी अंक और व्यावसायिक पाठ्यक्रम में अंग्रेजी में 50 फीसदी अंकों के साथ उतीर्ण होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजीकरण और परीक्षा शुल्क 550 रुपए व जीएसटी निर्धारित किया गया है। अग्निवीर वायु प्रवेश 01/2025 के लिए चिकित्सा मानक, नियम और शर्तें, ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए निर्देश व प्रवेश स्तर की योग्यता पर विस्तृत जानकारी और पंजीकरण के लिए वेबसाइट अग्निपथवायु.सीडीएसी.इन पर लॉगइन किया जा सकता है।

### निशांत छौक्कर को जिला महामंत्री बनने पर स्वागत कर बधाई दी

**राई:** भाजपा के युवा नेता निशांत छौक्कर को जिला महामंत्री बनने पर पार्टी कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा व अन्य पदाधिकारियों ने उनकी नियुक्त पर बधाई दी। ज्ञात रहे कि निशांत छौक्कर भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष, पूर्व सरपंच, हाल में जिला पार्षद है। अपनी नियुक्ति पर जिला महामंत्री निशांत छौक्कर ने अपनी नियुक्ति पर जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, विधायक एवं प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली, ललित बत्रा, पूर्व मंत्री कविता जैन, विधायक निर्मल चौधरी, राजेन्द्र कौशिक जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया, कुंडली नगरपालिका की चेयरपर्सन शिमला देवी का आभार व्यक्त किया।

# राजीव जैन बने अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रभारी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**मुख्यमंत्री** के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन को अल्पसंख्यक मोर्चा का दोबारा प्रदेश प्रभारी बनाये जाने पर मुस्लिम एवं फरीदाबाद के जैन समाज ने निवास स्थान पर पहुंचकर जोरदार अभिनंदन किया। जैन समाज की तरफ से पगड़ी एवं शाल भेंटकर मिठाई खिलाकर बधाई दी।

फरीदाबाद के समाजसेवी नरेंद्र जैन की अगुवाई में पंहुचे प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास दिलवाया कि हम एक आवाज पर साथ खड़े दिखाई देंगे और आपकी नियुक्ति से जैन समाज में भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आपके नेतृत्व में जैन समाज के हित के लिए नई योजनाएं बनेगी



और उनका लाभ लेकर युवा पीढ़ी राष्ट्र निर्माण में अपना सहयोग देंगे।

जैन समाज के प्रतिनिधिमंडल में नरेंद्र जैन ,विकास जैन ,धन कुमार जैन ,पारस जैन, नंदा जैन, शामिल थे। इसके अतिरिक्त गांव मीमारपुर के सरपंच सादिन खान के नेतृत्व में पंहुचे प्रतिनिधिमंडल सदस्यों अली हसन, चाँद मोहमद, अमरप्रीत बबला, ओमबीर, आबिद ने भी बुके देकर स्वागत किया और राजीव जैन की नियुक्ति पर पार्टी हाईकमान, प्रदेश प्रभारी बिप्लबदेव, मुख्यमंत्री मनोहर लाल तथा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ सभी वर्गों का भला कर रही है और बिना जात पात एवं धर्म के भेदभाव में सभी को बराबर की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

राजीव जैन ने पंहुचे समाज के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी से अल्पसंख्यकों को जोड़ने एवं उनके कल्याण के लिए सरकार के सामने सुझाव रखेंगे। उन्होंने आगे कहा कि अल्पसंख्यक कल्याण के लिए 15 सूत्रीय प्रधान मंत्री कार्यक्रम को लागू करने के लिये प्रदेश स्तरीय कमेटी का सदस्य होने के नाते भी उन्होंने हर क्षेत्र में विशेष प्रयास किये थे ।

### कृषि शिक्षा न केवल पढ़ाई बल्कि समाज सेवा का एक माध्यम : राज्यपाल

**हिसार:** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आज चांसलर-स्कॉलर इंटरेक्शन मीट का आयोजन विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में किया गया जिसमें हरियाणा के राज्यपाल एवं चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलाधिपति माननीय श्री बंडारू दत्तात्रेय मुख्यातिथि थे जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कुलाधिपति माननीय श्री बंडारू दत्तात्रेय ने विश्वविद्यालय के शोधार्थियों से उनकी शोध संबंधी प्रगति को जाना व शोध करने में आने वाली समस्याओं का पूछा। उन्होंने बताया कृषि शिक्षा न केवल पढ़ाई है बल्कि समाज सेवा का एक माध्यम है। कृषि छात्र ने केवल लाभ की बल्कि जनसेवा में भी विशेष योगदान देते हैं। विश्वविद्यालय के शोधार्थियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी और उनके विचार बहुत नवाचार व बहुत प्रभावी है। उन्होंने कहा कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के आधुनिक दौर में हम सबको यह समझना चाहिए कि कृषि न केवल खेती बल्कि यह जीवन जीने का एक स्थाई तरीका है। विश्वविद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय न केवल बढ़ती जनसंख्या का भरण पोषण करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

## दिव्यांग जागरूकता शिविर में अभिभावकों को जागरूक दिव्यांगों के लिए सरकार की योजनाओं की जानकारी दी

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दिव्यांग जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्यांग बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों ,एसएमसी सदस्य को जागरूक किया गया। कार्यक्रम प्रधानाचार्य विनोद कुमार की देखरेख में हुआ। शिविर में सर्व शिक्षा अभियान एपीसी डा. अत्तर सिंह ने सरकार द्वारा दिव्यांग बच्चों को सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं के बारे में अवगत करवाया। डा. अत्तर सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग विद्यार्थियों को लेकर चल रही योजनाओं के प्रति शिक्षकों को जागरूक करना था। जिससे दिव्यांग विद्यार्थियों को भी मुख्यधारा में लाया जा सके। कार्यक्रम में सरकार की ओर से दिव्यांगों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए शिक्षक अहम कड़ी बन सकते हैं। इन योजनाओं को लेकर विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षक की जिम्मेदारी होती है कि विद्यार्थियों को सही ढंग से मार्गदर्शन करें। उन्होंने अभिभावकों को भी दिव्यांग बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर मीना कुमारी, सीमा रानी, अनुराधा गौत्तम, इमरान आलम, मीना रानी आदि ने भी शिविर में संबोधित किया।

## किसानों के खेतों से बिजली के उपकरण चोरी, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**राई थाना** क्षेत्र के गांव सेवली में किसानों के खेतों से अलग-अलग स्थानों से बिजली के उपकरणों के चोरी होने का मामला सामने आया है। किसानों ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव सेवली निवासी सुरेंद्र उर्फ सोनू ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। गत दो-तीन पहले रात को किसी ने उसके खेत से किसी ने बिजली के उपकरण स्टार्टर, डोरी, प्लास, पेचकश आदि गायब मिले। जानकारी मिली कि गांव के प्रवीन, हरपाल, बिजेंद्र, जसबीर व सुंदर के खेतों से चोरों ने बिजली के उपकरणों को चोरी कर लिया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## जिला प्रभारी बंतो कटारिया ने कुरुक्षेत्र में गांव चलो अभियान के तहत की जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक

**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)**

**विस्तार**

**8 बैठक में जिला प्रभारी बंतो कटारिया ने कार्यकर्ताओं को गांव चलो अभियान कार्यक्रम की विस्तार से जानकरी दी**

**कुरुक्षेत्र** पिपली रोड स्थित भाजपा लोकसभा कार्यालय मे जिले की नवनियुक्त जिला प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने जिले के पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षो की बैठक ली। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रवि बतान ने की। बैठक में जिला प्रभारी बंतो कटारिया ने कार्यकर्ताओं को गांव चलो अभियान कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी गई और कार्यक्रम के निमित्त उनकी जिम्मेदारियां लगाई गई। उन्होंने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि आपको भाजपा सरकार की राष्ट्रहित एवम समाजहित में किए कार्यों को घर घर तक लेकर जाना हैं इसकी जानकारी जन जन को होनी चाहिए। जिससे वह इसका लाभ ले सके। बैठक मे 4 से 11 फरवरी तक चलने वाले गांव चलो आभियान के लिए बैठक का आयोजन किया गया,अभियान का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी और उपलब्धियां हर गांव के जन जन तक पहुंचाना है और इस अभियान को लेकर डा. पवन सैनी को इस अभियान का संयोजक व राहुल राणा और समय सिंह भाटी को सह संयोजक बनाया गया है। बैठक मे जिला प्रभारी श्रीमती बंतो कटारिया ने जिला पदधिकारियों, मंडल प्रभारियों, मण्डल अध्यक्षों का मार्गदर्शन किया और उन्हे शुभकांमनाए दी।

### शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हुए विद्यार्थी

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) प्रतापगढ़ से आई.टी.** विषय के विद्यार्थी मारकंडेश्वर विश्वविद्यालय में नीरज बंसल के मार्गदर्शन में शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हुए। इस अवसर ग्राम सरपंच ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर जानकारी व बढ़ती आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में चुनौतियों के सुझाव के विषय पर जानकारी देना है। जब ज्ञान वृद्धि के लिए विद्यार्थियों ने चर्चा की तो नीरज बंसल ने जानकारी देते हुए कहा कि सरकार व शिक्षा विभाग के सहयोग से समय समय पर इसी तरह के भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।

# 'प्रदेश सरकार जनता को परेशान कर रही'

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**3 जनवरी** से पूरे हरियाणा के पटवारी और कानूनगो हड़ताल पर धरने पर धरने पर चल रहे हैं।

जिसकी वजह से हरियाणा की जनता आज तहसील कार्यालय , पटवारी कार्यालय के दफ्तरो के चक्कर काट कर थक चुकी है।

सरकार ना तो जनता की सुनाई कर रही नाही कर्मचारियों की ।

आज पटवारी के धरने को समर्थन देते हुए बापौली ब्लॉक के सरपंच एसोसिएशन के प्रधान सरपंच पंकज रावल ने धरने को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार प्रजातंत्र को खत्म करना चाहती है।

जनता की आवाज को दबाना चाहती है । ऐसा कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । रावल ने कहा कि सरकार अपनी है हठधर्मिता को छोड़े और पटवारीयो को मांग को मानकर इनका धरना खत्म करवा कर इन्हें काम पर लौटाए । रावल ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की आवाज को दमन की नीति अपनाकर खत्म करना चाहती है जो की सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इनके साथ सभी सरपंच अपनी पंचायतों सहित तन मन धन के साथ खड़े हैं। पास करने को आज धरने को कश्यप धर्मशाला समालखा की कार्यकारिणी ने भी सुल्तान कश्यप मानना के नेतृत्व में आकर अपना समर्थन दिया उन्होंने कहा की की में जन आंदोलन चलाकर सरकार की दमनकारी नीति को उजागर किया जाएगा और कश्यप समाज आने वाले चुनाव में इस मुद्दे को लेकर सरकार का बीजेपी का करेगा और जहां भी होगा हर तरीके से भारतीय जनता पार्टी का विरोध किया जाएगा उन्होंने कहा कि कर्मचारी हमारी आम जनता का ही हिस्सा है उनके साथ किसी भी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा आज धरने को संबोधित करते हुए मीडिया प्रभारी सुधांशु और सचिव दिलावर सिंह ने कहा कि सरकार ने हमें किसी भी प्रकार के लिए सकारात्मक तरीके से आज तक मीटिंग के लिए नहीं बुलाया है।



# लघु सचिवालय के परिसर में शीघ्र होगा पार्किंग का निर्माण

## एसडीएम डा. निर्मल नागर ने पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ के साथ किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

**गन्नौर लघु** सचिवालय के परिसर में शीघ्र ही पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा पार्किंग के निर्माण के लिए 55 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। विभाग द्वारा सिमेंटिड पार्किंग के निर्माण के लिए टेंडर भी जारी कर दिया गया है। सोमवार को एसडीएम डा. निर्मल नागर ने पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ रविन दत्ता के साथ मौके का निरीक्षण कर उन्हें जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टेंडर अलाट होते ही जल्द से जल्द पार्किंग बनाने का काम शुरू होना चाहिए, ताकि लघु सचिवालय



में पहुंचने वाले अधिकारियों व लोगों को गाड़ी पार्क करने की सुविधा मिल सके।

**पार्किंग न होने के चलते होती है असुविधा:** लघु सचिवालय में हर रोज काफी संख्या में लोग अपने काम के सिलसिले में एसडीएम कार्यालय, एसीपी कार्यालय, तहसील, ई-दिशा केंद्र, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, रोजगार कार्यालय में पहुंचते हैं। लघु सचिवालय परिसर पार्किंग न होने के चलते वाहन चालक अपने वाहनों को इधर-उधर खड़ा कर रहे हैं। जिससे कई बार अव्यवस्था हो जाती है। पार्किंग बनने के बाद लघु सचिवालय में पहुंचने वाले लोगों को अपने वाहनों को खड़ा करने के लिए सुरक्षित पार्किंग की व्यवस्था मिलेगी। लघु सचिवालय में प्रशासनिक जमीन पर वकीलों के पुराने चैंबर बने हुए थे। कोर्ट परिसर में बनाए गए नए चैंबरों में शिफ्ट होने के बाद अधिकतर वकीलों ने अपने चैंबर खुद हटा लिए थे, लेकिन कुछ वकीलों द्वारा चैंबरों को नहीं हटने दिया जा रहा था। जिस कारण प्रशासन की इस जमीन पर पार्किंग निर्माण नहीं हो पा रहा था। करीब सवा साल पहले तत्कालीन एसडीएम सुरेंद्र दूने ने उन चैंबरों को भी हटवा दिया था। जिसके बाद से यहां पार्किंग निर्माण की कवायद शुरू कर दी गई थी।

**पुराने एसडीएम कार्यालय के सामने भी बनेगी पार्किंग:** एसडीएम डा. निर्मल नागर ने बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा पार्किंग के निर्माण के लिए 55 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी।

# देवभूमि हिमाचल के पारम्परिक व्यंजनों का स्वाद मिल रहा है सरस मेले मे

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़, सेक्टर 34 स्थित** एग्जीबिशन ग्राउंड में हिमाचल प्रदेश सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के रुरल लाईवलीहुड मिशन द्वारा आयोजित किये जा रहे सरस मेले में जहां एक ओर सेल्फ हैल्प ग्रुप के अंतर्गत संगठित महिलायें हस्त निर्मित उत्पादों को प्रदर्शित किये हुये है वहीं दूसरी ओर कुछ महिला उद्यमी अपने प्रदेश के पहाड़ी जायकों का स्वाद भी परोस रही हैं। प्रदेश के कुल्लू, मंडी, सोलन, शिमला, कांगड़ा, चंबा, उना और बिलासपुर से आई दर्जनों महिलायें स्थानीय व्यंजनों को ताजा पका कर भीड़ जुटा रही हैं। मेले में चंबियाली,



मंडयाली, बिलासपुरी और कांगड़ी धाम में राजमाह मदरा, मूंग दाल, खट्टा, मीठे चावल, कद्दू का मीठा, कड़ी, तेलीमाह, लुस्के, पटांडे, अश्कली, कुल्थ की दाल, पहाड़ी अरबी की सब्जी, बिच्छू बूटी का साग, बबरु आदि गरमागरम परोसे जा रहे हैं। विभिनन हैल्प ग्रुप से जुड़ी यह महिलाये बताती है कि कुछ व्यंजनों में लहसुन और प्याज तक का प्रयोग नहीं होता है। कई व्यंजन खालिस घी से बनाये जाते हैं और कई सरसों के तेल में पकाये जाते हैं। फास्ट फूड के युग में यह महिलायें अपने पारम्परिक भोजन का जीवित रखे हुये है और स्थानीय लोग भी भारी गिनती में यह इन लजीज व्यंजनो का स्वाद ले रहे हैं। आयोजकों के अनुसार आमतौर पर यह व्यंजन विशेष मौकों पर ही बनाये जाते हैं परन्तु इनका स्वाद अब हिमाचल प्रदेश के बाहर में ऐसे आयोजनों के माध्यम से चखा जा रहा है। मेले में बाजरे के कई व्यंजन देखने को मिल रहे है।

# विज ने प्रदेशभर से आये लोगों की सुनी समस्याएं

**फरियाद**

8 विज अम्बाला छावनी में आवास पर प्रदेश के कोने-कोने से आए सैकड़ों लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने भिवानी के गांव दुर्जनपुर में प्राथमिक शिक्षक की क्रेटा गाड़ी में मौत के मामले की जांच स्टेट क्राइम ब्यूरो से कराने के निर्देश हरियाणा के डीजीपी को दिए हैं। विज अम्बाला छावनी में अपने आवास पर प्रदेश के कोने-कोने से आए सैकड़ों लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे।

भिवानी में क्रेटा गाड़ी के जलने और उसमें सवार प्राथमिक शिक्षक की गाड़ी में जलने से मौत के मामले में कोई कार्रवाई नहीं होने पर शिक्षक की पत्नी ने गृह मंत्री अनिल विज से न्याय की गुहार लगाई। परिवार सदस्यों ने कहा कि इस घटना में उन्हें साजिश लग रही है और पुलिस ने अब तक मामले में ठोस कार्रवाई नहीं की है। उनका आरोप था कि उनके पति को कार में बंद कर आग के हवाले भी किया जा सकता है और इस घटना में कोई गहरी साजिश हो सकती है। परिवार ने पूर्व में की गई पुलिस जांच पर भरोसा नहीं जताया जिस पर मंत्री अनिल विज ने स्टेट क्राइम ब्यूरो को मामले की जांच के निर्देश दिए। इसी तरह, करनाल से आई महिला ने उसके पति की हत्या के मामले में कार्रवाई नहीं होने पर गृह मंत्री अनिल विज के समक्ष फरियाद लगाई। महिला का आरोप था कि उसके पति की कुछ माह पूर्व हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया, मगर इसके बाद आरोपियों को अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। केवल एक आरोपी को अब तक पुलिस पकड़ पाई है जबकि शेष अभी भी फरार हैं। गृह मंत्री ने करनाल के एसपी को मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए।

**गृह मंत्री अनिल विज ने अन्य शिकायतों पर कार्रवाई के निर्देश दिए**

गृह मंत्री अनिल विज ने अन्य मामलों में भी कार्रवाई के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। सफीदों से आई बुजुर्ग महिला ने गृह मंत्री अनिल विज को फरियाद देते हुए बताया कि उसके बेटे की मृत्यु के बाद से बहू ने उन्हें परेशान कर दिया है। बहु उसके साथ मारपीट करती है व धमकियां देती है। परिवार वाले भी उसे परेशान करते हैं। मंत्री विज ने संबंधित एसपी को कार्रवाई के निर्देश दिए। करनाल निवासी महिला ने दुराचार के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने की शिकायत दी, इसी तरह करनाल में सड़क हादसे के दौरान बेटे की जान गंवाने वाले परिवार सदस्यों ने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने, जींद निवासी फरियादी ने उसके छोटे भाई की हत्या मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने की शिकायत दी जिस पर गृह मंत्री अनिल विज ने संबंधित जिलों के पुलिस एसपी को कार्रवाई के निर्देश दिए।

**गृह मंत्री अनिल विज ने दुराचार के मामले में जांच बदलने के निर्देश दिए:** करनाल से आए परिवार ने बेटी के साथ दुराचार मामले में कार्रवाई नहीं होने की शिकायत दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अब तक आरोपी को पकड़ नहीं सकी है जबकि वह कई बार शिकायत दे चुके हैं। गृह मंत्री ने मामले की जांच अन्य जिले की पुलिस से कराने के निर्देश आईजी करनाल को दिए। इसी तरह, आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर करनाल निवासी व्यक्ति से छह लाख रुपए की ठगी, जींद निवासी फरियादी ने मारपीट का झूठा केस दर्ज होने, रोहतक निवासी व्यक्ति ने जमीन पर जबरन कब्जा करने एवं अन्य मामले सामने आए जिस पर गृह मंत्री अनिल विज ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।

# बेसहारा पशुओं के रखरखाव को लेकर डीसी की बैठक



**समीक्षा**

8 पशुपालन विभाग व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक लेकर समीक्षा की

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**उपायुक्त** डा. शालीन ने अपने कार्यालय में जिला अम्बाला में बेसहारा पशुओं के रख-रखाव के बारे नगर निगम, नगर परिषद, पशुपालन विभाग व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक लेकर समीक्षा की। बैठक में डीएमसी दीपक सूरा, सचिव बराड़ा राजेश कुमार के साथ-साथ पशुपालन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

उपायुक्त डा.शालीन ने बेसहारा पशुओं के रख-रखाव बारे जिला में इनकी संख्या कितनी है, इनका रख-रखाव किस प्रकार किया जा सकता है, इसकी विस्तार से समीक्षा की। डीएमसी दीपक सूरा ने उपायुक्त को बताया कि डंगडेहरी में बेसहारा पशुओं के लिये नगर निगम द्वारा गौशाला/नंदीशाला का निर्माण किया जाएगा और इसके लिये लगभग 6.5 एकड़ जमीन भी चिन्हित कर ली गई है। उन्होंने यह भी बताया कि इस कार्य के लिये नगर निगम की फाइनेंसियल कांट्रेक्ट कमेटी में यह प्रस्ताव भी पास हो चुका है। गौशाला/नंदीशाल के निर्माण पर 5 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि गौशाला का टैंडर लगा दिया गया है और 13 फरवरी को यह खुलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि नगर निगम द्वारा शहर में जो भी बेहसहारा पशु हैं, उनको पकड? बारे पानीपत की एक एजेंसी को अधिकृत किया गया है जोकि इन आवारा पशुओं को पकडकर नगर निगम के तहत आने वाली नजदीक की गौशालाओं में पंहुचाएंगे। डीएमसी ने उपायुक्त को यह भी बताया कि डंगडेहरी में गौशाला/नंदी शाला में लगभग 5000 पशुओं को रखने की व्यवस्था होगी। पशुओं के बेहतर रख-रखाव के लिये टैंडर के माध्यम से संस्था का भी चयन किया जाएगा। उपायुक्त ने बैठक के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को कहा कि इस कार्य में तेजी लाना सुनिश्चित करें और बेहतर समन्वय बनाकर इस कार्य को करवाएं ताकि जो भी आवारा पशु हैं, उन्हें यहां पर स्थानानन्त्रित किया जा सके। इस नई गौशाला के बनने से निस्संदेह लोगों को काफी फायदा मिलेगा और आवारा पशुओं के चलते होने वाली परेशानियों से भी काफी हद तक निजात मिलेगी।

बॉक्सः- नगर परिषद से आये अधिकारियों ने उपायुक्त को बताया कि अम्बाला सदर में लगभग 300 बेसहारा पशुओं के दृष्टिगत नगर परिषद द्वारा नजदीकी गौशाला में छोडने के लिये टैंडर आमंत्रित किये गये हैं, जिसमें दो कम्पनियों ने भाग लिया है और जल्द ही टैंडर की शर्तें पूरी करने वाली कम्पनी को ठेका अलॉट कर दिया जाएगा ताकि आवारा पशुओं को पकडने का कार्य शुरू हो सके।

# कांग्रेस संदेश यात्रा का हुआ जोरदार स्वागतः स्वीटी रंगा



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

कांग्रेस संदेश यात्रा का कुरुक्षेत्र में जोरदार स्वागत किया गया स्वीटी रंगा नलवी ने बताया कि श्री गुरु रविदास मंदिर एवम धर्मशाला में मंदिर सभा के प्रधान व समस्त कमेटी व कांग्रेस पार्टी के सभी समस्त कार्यकताओं नेद्वारा स्वागत किया गया। स्वीटी रंगा नलवी ने हल्का शाहाबाद की तरफ से बहन कुमारी शैलजा और चौधरी रणदीप सिंह सुरजेवाला को शाल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। स्वीटी रंगा ने कहा कि कांग्रेस संदेश यात्रा से पूरे हरियाणा प्रदेश में एक परिवर्तन की लहर है। कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा ने कहा कि कांग्रेस संदेश यात्रा से ऐसा संकेत मिल रहा है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में लोकसभा की 10 की 10 सीटें कांग्रेस पार्टी जीतेगी। अब सभी आमजन की इच्छा है कि देश और प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बने। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों को जीत दिलवाने के लिए जी जान से जुटे हुए हैं और और लोगों से सम्पर्क बना रहे हैं।

# स्नैचिंग के मामले में डेहा कॉलोनी के आरोपी गिरफ्तार

**निर्देशानुसार**

8 अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अकुंश लगाने के लिए चलाए जा रहे



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**पुलिस** अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिंह रंधावा के निर्देशानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अकुंश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना अम्बाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में 3 फरवरी 2024 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी कर्ण उर्फ कालिया व शिवा निवासी डेहा कालोनी अम्बाला शहर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इसके अतिरिक्त उपरोक्त आरोपियों से थाना बलदेव नगर व थाना अम्बाला शहर में दर्ज दो मामलों की वारदातें भी सुलझी। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता कुलविन्द्र निवासी रामनगर अम्बाला शहर ने 2 फरवरी 2024 को थाना अम्बाला शहर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 29 जनवरी 2024 को राम नगर अम्बाला शहर में स्थित उसके घर से किसी अज्ञात ने प्रैस, घड़ी, ईयरबडस, कान की सोने की बालिया, चाँदी की अंगूठी, ईयरफोन, पर्स, नकद राशि व अन्य दस्तावेज चोरी कर लिए है।

# टेलीफोन सलाहकार समिति के सदस्य बने योगेश पाल अरोड़ा



**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**

**भारत** सरकार के दूरसंचार मंत्रालय में योगेश पाल अरोड़ा को टेलीफोन सलाहकार समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के लिए योगेश पाल अरोड़ा ने शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया। योगेश पाल अरोड़ा ने युवा मोर्चा 2009 से अपनी राजनीतिक पारी की शुरूआत युवा मोर्चा से की,उन्होंने संगठन के विभिन्न दायित्वों का निर्वाह किया। उन्हें 2019 विधानसभा चुनाव में राई विधानसभा प्रभारी,गनौर नगर पालिका चुनाव प्रभारी की जिम्मवारी भी दी गई थी। अभी वह भाजपा के ज़िला महामंत्री के दायित्व का निर्वाह कर रहे थे। इसके अलावा उनके पास अखिल भारतीय खत्री युवा महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, विभाजन विभीषिका न्यास समिति के सदस्य के रूप में कार्यरत हैं।

# हसला ने किया पेंशन बहाली संघर्ष समिति का समर्थन

**समर्थन**

8 11 को जींद में पेंशन बहाली संघर्ष समिति के बैनर तले होने वाली पेंशन संकल्प महारैली को पूर्ण समर्थन दिया गया



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन कुरुक्षेत्र के जिला प्रधान डॉ दिनेश यादव की अध्यक्षता में जिला कार्यकारिणी की एक बैठक का आयोजन किया गया इस बैठक में 11 फरवरी 2024 को जींद में पेंशन बहाली संघर्ष समिति के बैनर तले होने वाली पेंशन संकल्प महारैली को पूर्ण समर्थन दिया गया। हसला के पूर्व वित्त सचिव डॉ गिरधारी लाल शर्मा ने कार्यकारिणी के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा की कुरुक्षेत्र जिले से अधिक से अधिक संख्या में प्राध्यापक साथियों को इस रैली में हिस्सा लेना चाहिए ताकि बुढ़ापे के सहारे पुरानी पेंशन को बहाल करवाया जा सके। हसला चेयरमैन सतबीर कौशिक ने पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष समिति के सचिव महेंद्र शर्मा को पूर्ण विश्वास दिलाया की रैली में बड़ी संख्या में प्राध्यापक हिस्सा लेंगे व कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ संघर्ष में शामिल होंगे। जिला सचिव संदीप सिंह ने कहा की पुरानी पेंशन कर्मचारी का हक है व इसे लेकर ही रहेंगे। इस अवसर पर थानेसर के ब्लॉक प्रधान प्रीतम सिंह, सचिव संदीप सिंह ,संगठन सचिव जोगिंदर सिंह सैनी, राजिंदर भटला,सुनील कुमार , संदीप तंवर, राजेश कुमार, संगठन सचिव डॉ प्रवीण कुमार, अनिल शर्मा, डॉ सुनील कुमार, जितेंद्र कुमार, सचिव सुनील पौलस्त्य,जगदीश पाल,सुशील शर्मा,राजेश कुमार व प्रेस सचिव गौतम दत्त मौजूद रहे।

# आप करेगी मुख्यमंत्री के घर का करनाल में घेरावः अजय

**पानीपत/कमाल हुसैन**

आम आदमी पार्टी करेगी हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के घर का करनाल में घेराव। आम आदमी पार्टी हरियाणा में लगातार अपनी उपस्थिति दर्ज करने की कोशिश कर रही है 7 फरवरी 2024 बुधवार को करनाल में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के घर का घेराव किया जाएगा। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय शर्मा ने बताया कि हरियाणा में बेरोजगारी चरम सीमा पर है बेरोजगारी की आवाज को उठाते हुए पूरे हरियाणा से हजारों की संख्या में लोग इस प्रदर्शन में पहुंचेंगे। पानीपत से भी अजय शर्मा के नेतृत्व में अनेकों लोग करनाल पहुंचेंगे। और मुख्यमंत्री के घर का घेराव करेंगे और हरियाणा के बेरोजगारों की आवाज को उठाएंगे। पिछले कुछ समय से आम आदमी पार्टी लगातार हरियाणा की समस्याओं को लेकर सरकार को कुंभकरण की नींद से जागती रही है और इसी कड़ी में बुधवार को भी हरियाणा सरकार को जगाया जाएगा ताकि हरियाणा सरकार बेरोजगारों के बारे में संजीदा हो और मैं नौकरी देने के विषय में ठोस कदम उठाए जिस प्रकार दिल्ली और पंजाब में युवाओं को नौकरियां दी जा रहे हैं। इस प्रकार हरियाणा में भी युवा वर्ग को नौकरियां दी जाए और युवा वर्ग को निराशा से बचाया जाए।

# लाडवा हल्का मूलभूत सुविधाओं से वंचित पड़ा हैः संदीप

## 'लाडवा हल्के के काम करवाने के लिए मजबूत व्यक्ति को विधानसभा में भेजना पड़ेगा'



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)**

समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने कहा कि लाडवा हल्के के काम करवाने के लिए मजबूत व्यक्ति को विधानसभा में भेजना पड़ेगा तभी हल्के का विकास होगा और हल्का तरक्की कर सकता है। समाजसेवी संदीप गर्ग सोमवार को लाडवा-बाबैन रोड़ पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लाडवा हल्का पिछले 15 साल से अनेक मूलभूत सुविधाओं से वंचित पड़ा है। क्योंकि अभी तक लाडवा हल्के को मजबूत विधायक नहीं मिला है।

जिसके कारण लाडवा हल्के की अनदेखी हो रही है। उन्होंने कहा कि इस बार विधानसभा के चुनाव में हल्के की जनता को मजबूत नेता को विधानसभा में विधायक बनाकर भेजना पड़ेगा ताकि वह हल्के की जनता की मांगों को प्रमुखता से विधानसभा में उठाकर जनता की मांगों को पूरा कर सकें। उन्होंने कहा कि सिर्फ नेता वोट लेने के लिए लोगों के बीच में न आए। बल्कि ऐसे नेता को चुने जो 24 घंटे लोगों की सेवा पर तत्पर रहे और लोगों की सेवा करता रहे।

उन्होंने कहा कि अब बदलाव का समय आ गया है, अब लाडवा हल्के की जनता को जागरुक होकर सही प्रतिनिधि के समर्थन में वोट देकर उसे विधानसभा बेचने का काम करें। मौके पर मुकेश काम्बोज, विपुल गोयल, घनश्याम काम्बोज आदि मौजूद थे।

# डॉ. बृजेन्द्र सिंह तोमर को दिया गया डीन ऑफ कॉलेज का अतिरिक्त कार्यभार



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

डॉ. बृजेन्द्र सिंह तोमर को डॉ. विदुषी त्यागी का कार्यकाल समाप्त होने पर डीन ऑफ कॉलेज का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। सोमवार को डॉ. बृजेन्द्र सिंह तोमर ने पद ग्रहण किया। कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान और कुलसचिव डॉ. नरेश भार्गव ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी। डॉ. बृजेन्द्र सिंह तोमर श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान में अगद तंत्र व विधि वैद्यक विभाग में प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। उनका कई वर्षों का शैक्षणिक और चिकित्सा क्षेत्र में अनुभव है। इसके साथ उन्हें डीन ऑफ कॉलेज का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। वहीं इससे पहले डॉ. तोमर सीपीसी और कॉलेज एडमिशन कमेटी के चेयरमैन रह चुके हैं। वर्तमान में ड्राफ्ट एवं काउंसलिंग कमेटी के सदस्य भी हैं। डॉ. ब्रिजेंदर सिंह तोमर ने नव दायित्व ग्रहण करने पर कुलपति का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे ईमानदारी और पूर्ण निष्ठा के साथ इस दायित्व का निर्वहन करेंगे। इसके साथ ही पारंपरिक चिकित्सा पद्धति में आयुष विश्वविद्यालय नई ऊंचाइयों को प्राप्त करे इसके लिए सब मिलकर प्रयास करेंगे।

# पाइट में नैतिक और मानवीय मूल्यों पर एफडीपी, शिक्षकों को बताया महत्व



**समालखा ( कुलदीप सिंह)**

पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में विश्वव्यापी मानवीय मूल्यों पर तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) की ओर से स्वीकृत इस एफडीपी का उद्देश्य शिक्षा में शिक्षा में नैतिक और मानवीय मूल्यों के महत्व को बढ़ावा देना रहा। एप्लाइड साइंस एंड ह्यूमेनिटी विभाग की अध्यक्ष डॉ. विनय खत्री ने कहा कि बच्चों का समग्र विकास तभी होगा, जब वे मानवीय मूल्यों को समझेंगे। यह कार्य शिक्षक ही करवा सकते हैं। समाज जितनी भी तरक्की कर ले, लेकिन बच्चे अगर नैतिक रूप से सुदृढ़ नहीं हैं तो उस तरक्की और शिक्षा का कोई महत्व नहीं रह जाता। इस कार्यक्रम में 101 शिक्षकों ने भाग लिया। एआइसीटीई द्वारा नियुक्त वक्ताओं प्रो.पीयूष शर्मा व प्रो. बीके शर्मा विश्वव्यापी मानवीय मूल्यों पर ज्ञान साझा किया। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सीमा चावला ने ऑब्जर्वर की भूमिका निभाई। चेयरमैन हरिओम तायल व सचिव सुरेश तायल ने भी विचार व्यक्त किए। तमन्ना सेठी समन्वयक रहीं।

# मनाना गांव की बेटियों ने राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में रचा इतिहास



**गौरव**

8 समालखा के मानना गांव की तीन बेटियों ने सिल्वर मेडल जीतकर इतिहास रचा

8 प्रतियोगिता में हरियाणा प्रदेश की टीम में गांव मनाना से अक्षर, प्राची और मंजू ने प्रतिनिधित्व किया

**समालखा ( कुलदीय सिंह )**

**स्कूल** गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया के सौजन्य से 31 जनवरी से 4 फरवरी तक रांची झारखंड में आयोजित 67 वीं राष्ट्रीय स्कूली अंडर 14 बालिका वर्ग में एक दशक बाद समालखा के मानना गांव की तीन बेटियों ने सिल्वर मेडल जीतकर इतिहास रचा है। प्रतियोगिता में हरियाणा प्रदेश की टीम में गांव मनाना से अक्षर, प्राची और मंजू ने प्रतिनिधित्व किया। हरियाणा की टीम ने सेमीफाइनल में कर्नाटक की टीम को एक तरफा हराकर फाइनल में जगह बनाई और फाइनल में महाराष्ट्र को कड़े मुकाबले के बीच पराजित कर सिल्वर मेडल पर कब्जा किया। इस प्रतियोगिता में निदेशालय शिक्षा विभाग हरियाणा पंचकूला की ओर से राजकीय माध्यमिक विद्यालय कुटानी के पीटीआई महेंद्र व शुगर मिल राजकीय स्कूल की पीटीआई कविता को बतौर कोच नियुक्त किया गया था तथा रविंद्र सैनी और रितु पीटीआई हल्दाना को हरियाणा की टीम मैनेजर नियुक्त किया गया था। टीम कोच व पर्यवेक्षक टीम मैनेजर ने विजेता खिलाड़ियों को ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई दी। हरियाणा टीम की ओर से सिल्वर मेडल प्राप्त करने पर हरियाणा खो खो खेल जगत में खुशियों का माहौल बना हुआ है। इस प्रतियोगिता में हरियाणा प्रदेश की ओर से जिला जींद फतेहाबाद, झज्जर, पानीपत और हिसार की बेटियों ने भाग लिया। क्वार्टर सेमी फाइनल मैच में खो खो खिलाड़ी प्राची ने तेलंगाना टीम के साथ 7 मिनट का पूरा टाइम निकाल कर तेलंगाना टीम को 0-8 से हराकर हरियाणा टीम को विजय दिलाई और सेमीफाइनल मैच में कर्नाटक के साथ 5:30 मिनट लेकर हरियाणा टीम को विजय बनवाया। गांव मैं ऐसे खिलाड़ी तैयार करने का काम कर रही नर्सरी कोच मुकेश कुमारी और इन के कोच रविंद्र सैनी ने विजेताओं का स्वागत किया ।

# 'गठबंधन सरकार में प्रदेश के सभी वर्ग परेशान'

## बीजेपी सरकार ने हरियाणा को बेरोजगारी, नशे, अपराध और महंगाई में नंबर-1 बना दिया: सचिन कुंडू

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पूर्व** मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा , कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा जी के नेतृत्व में हरियाणा में कांग्रेस का घर घर कांग्रेस - हर घर कांग्रेस अभियान की कड़ी में हल्का पानीपत ग्रामीण के गांव फरीदपुर में लोगों से मुलाकात की तथा उन्हें कांग्रेस पार्टी व नेता प्रतिपक्ष पूर्व मुख्यमंत्री हरियाणा चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा की कल्याणकारी नीतियों व भावी योजनाओं से अवगत कराया। आपकी भावना और समर्थन से हमें उर्जा और हौसला मिला है। आपकी ये भावना और आपका दिया हुआ हौसला रंग लेकर आएगा। हरियाणा में बदलाव लेकर आएगा। स्नेह व मान-सम्मान के लिए तहेदिल से धन्यवाद ! आगे बोलते हुए सचिन कुंडू ने कहा कि हल्का पानीपत



ग्रामीण की समस्त गाँव व कालोनियों में किसी प्रकार की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। सड़कें टूटी हुई हैं व जगह जगह खड्डे हुए पड़े हैं, सीवरेज नहीं हैं नालियों बंद पड़ी हैं पानी रास्तों में भर रहा है, जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं जिससे कई प्रकार की बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है, पीने के पानी की कोई सुविधा नहीं है। जनता अपने मूलभूत अधिकारों के लिए बेहद परेशान है। परंतु सरकार ने कालोनीवासियों की मांगो को नजरंदाज कर दिया है । वर्तमान सरकार में किसान अत्यंत दुखी हैं, फैमली आईडी, प्रॉपर्टी आईडी के नाम पर लोगों को ठगा जा रहा है उद्योग जगत चौपट पड़े हैं, युवा बेरोजार सड़कों पर घूम रहे हैं। प्रदेश के हर वर्ग में इस जनविरोधी सरकार के प्रति रोष है सरकारी शह पर भ्रष्टाचारियों का तांडव अब सिर चढ़ कर बोल रहा है। अवैध खनन माफिया खुलेआम पुलिस और सरकारी अफसरों कर्मचारियों पर हमला कर रहे हैं। जो इस बात का प्रमाण है कि हरियाणा में सरकार और कानून का इकबाल खत्म हो चुका है।

**साधा निशाना**

**8 हल्का पानीपत ग्रामीण की समस्त गाँव व कालोनियों में किसी प्रकार की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है**

जिसके चलते चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने पर एकबार फिर से प्रदेश को खुशहाली व विकास की राह पर लौटाया जायगा। बुजुर्गों को 6000 रुपए पेंशन दी जाएगी। रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपए में दिया जाएगा। 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। गरीब परिवारों को 100झ100 गज के प्लॉट दिए जायेंगे। सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके अलावा, सफाई कर्मचारी, चौकीदार, मनरेगा मजदूरों को पक्का करेंगे। कौशल रोजगार निगम को समाप्त कर लोगों को पोर्टल के झंझटों से छुटकारा दिलाकर उनका हक दिलाएंगे। पानीपत ग्रामीण की समस्त कॉलोनियों में हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। टूटी हुई सड़कों, खड्डे, सीवरेज, बंद नालियों, रास्तों पर भरा पानी, जगह जगह लगे गंदगी के ढेर जैसी सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। जनता अपने मूलभूत अधिकारों के लिए बेहद परेशान है कांग्रेस सरकार के नेतृत्व में सभी को सम्मान अधिकार दिए जायेंगे।

# अवैध देसी पिस्तौल सहित आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी दोस्तों में रौब दिखाने के लिये पिस्तौल को साथ लेकर चलने लगा था

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**सीआईए** श्री पुलिस टीम ने गांव करहंस अड्डे पर एक युवक को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सुमित निवासी गढ़ी रामकौर शामली यूपी के रूप में हुई। सीआईए थ्रभारी इंस्पेक्टर अंकित ने बताया कि उनकी टीम शनिवार को देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान समालखा अनाज मंडी कट के पास मौजूद थी। तभी टीम को गुप्त सूचना मिली कि संदिग्ध किस्म का एक युवक जीटी रोड स्थित गांव करहंस के अड्डे पर खड़ा है। युवक के पास अवैध हथियार होने की संभावना है। पुलिस टीम सूचना को पुख्ता मानते हुए मौके पर पहुंची तो अड्डे पर एक सदिग्ध किस्म का युवक खड़ा दिखाई दिया। युवक पुलिस टीम को देखकर वापिस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने



अपनी पहचान सुमित पुत्र नकली निवासी गढ़ रामकौर शामली यूपी के रूप में बताई। युवक की तलाशी ली ाो उसकी पहनी हुई पेंट की जेब से एक देसी पिस्तौल 32 बौर बरामद हुआ। पिस्तौल को खोलकर जांच की तो अनलोड मिला। देसी पिस्तौल का लाईसेंस व परमिट मांगने पर आरोपी कोई भी कागजात पेश नही कर सका। इंस्पेक्टर अंकित ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उसको अवैध हथियार रखने का शौक है। आरोपी ने करीब एक महिना पहले यूपी कांधला अड्डे पर रोबिन नाम के युवक से उक्त देसी पिस्तौल 33 हजार रूपए में खरीदा था। आरोपी दोस्तों में रौब दिखाने के लिये पिस्तौल को साथ लेकर चलने लगा।

## न्यूज फ्लैश

### नंदकिशोर चौहान सोनीपत आईटी प्रभारी नियुक्त

**सोनीपतः नंदकिशोर** चौहान पूर्व जिला पार्षद को भाजपा प्रदेश संगठन ने दी नई जिमेदारी। प्रदेश आई.टी. कार्यकारणी सदस्य बनाने के साथ सोनीपत लोकसभा आई.टी. प्रभारी बनाया। नंदकिशोर चौहान ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश



महामंत्री व राई विधायक मोहन लाल बडौली,जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा,पूर्व मंत्री कविता जैन,ललित बत्रा का आभार व्यक्त किया।

### श्री सीमेंट परिसर में श्री हनुमान कृपा महोत्सव का भव्य आयोजन

**करनाल।** अष्ट सिद्धि नवनिधि के दाता , अस बर दीन जानकी माता। सीधा सरल अर्थ है कि- माता सीता के वरदान से प्रभु हनुमान जी अष्ट सिद्धि नवनिधि के दाता है। उनके पास हर प्रकार की सिद्धि है। अगर हनुमान जी का नाम लेते है तो सभी बाधाएं दूर हो जाती है। इस चौपाई को बोलने से बड़ी से बड़ी मुश्किल हल हो जाती है। कुछ ऐसा ही नजारा शनिवार को ब्यावर में देखने को मिला। जहां पर श्री सीमेंट



परिसर में स्थित श्री संकट मोचन हनुमान के वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। एक फरवरी से शुरू हुआ यह आयोजन 4 फरवरी तक चलेगा। इस अवसर पर श्री सीमेंट के एमेरिटस चेयरमैन श्री बीजी बांगड़ ने कहा कि संकट मोचन हनुमान जी की कृपा हमारे ऊपर शुरू से ही रही है। जबसे हमने प्रांगण में हनुमान जी प्रतिमा स्थापित की है उसके बाद निरंतर प्रगति कर रहे हैं। श्री सीमेंट के चेयरमैन श्री एचएम बांगड़ ने श्री हनुमान जी की कृपा पर विस्तार से चर्चा की। कंपनी के वाइस चेयरमैन श्री प्रशांत बांगड़ ने महोत्सव के आयोजन और उद्देश्यों के बारे में बताया। कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री नीरज अखौरी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर श्री सीमेंट के संस्थापक परिवार के सभी सदस्यों के अलावा कंपनी के कर्मचारी एवं गणमान्य अतिथियों के अलावा राजस्थान सहित दूसरे राज्यों से भी भारी संख्या में यहां श्रद्धालु उपस्थित थे। भक्त शिरोमणि श्याम वर्ण हनुमान जी के इस मंदिर के प्रांगण में कदम रखते ही श्रद्धालुओं को अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की याद आ गई। काले पाषाण से बनी इस मूर्ति को देखने के साथ ही भक्तों की आंखों के सामने रामलाल की प्रतिमा उभर आती है। पिछले चौबीस सालों से यह मंदिर स्थानीय लोगों की आस्था व विश्वास का केंद्र है। शनिवार को मंदिर में मंगला आरती, श्रंगार आरती, हनुमानजी का अभिषेक, पूजन, हवन व पूणार्हुति (गर्भगृह) आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही मंदिर परिसर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रविवार हनुमान कृपामहोत्सव के आखिरी दिन विभिन्न धार्मिक व सांस्कृति कार्यक्रमों का आयोजन होगा। ख्यातनाम गायक दर्शन रावल द्वारा संगीत संध्या का आयोजन भी यहां होगा।

### वी बिजनेस ने आईओटी स्मार्ट सेंट्रल का लॉन्च किया

**गुरुग्राम।** भारत के प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाता और सबसे बड़े आईओटी प्लेयर्स में से एक वी की एंटरप्राइज शाखा वी बिजनेस ने भविष्य के लिए तैयार, पूरी तरह से इंटीग्रेटेड, सेल्फ-केयर आईओटी कनेक्टिविटी एवं डिवाइस मैनेजमेन्ट प्लेटफॉर्म वी बिजनेस आईओटी स्मार्ट सेंट्रल का लॉन्च किया है। नया लॉन्च किया गया वी बिजनेस आईओटी स्मार्ट सेंट्रल प्लेटफॉर्म उद्यमों को रियल टाईम में आईओटी असेट को नियन्त्रित, मॉनिटर एवं प्रबन्धित करने में सक्षम बनाएगा। वी बिजनेस आईओटी स्मार्ट सेंट्रल सभी आईओटी असेट्स का व्यापक दृष्टिकोण पेश करेगा तथा विभिन्न उद्यमों जैसे ऑटोमोबाइल्स, बैंकिंग, युटिलिटीज आदि को आसान से मुश्किल परियोजनाओं के रिमोर्ट प्रबन्धन एवं नियन्त्रण में सक्षम बनाएगा।

यह सिस्टम में इन्स्टॉल की गई किसी भी आईओटी डिवाइस के लिए रियल टाईम डायग्नोसिस एवं रिमोट ट्रबलशूटिंग को सुनिश्चित करता है। तथा मुश्किल मुद्दों के लिए एलर्ट देता है। वी बिजनेस आईओटी स्मार्ट सेंट्रल की खास बात यह है कि यह अडवान्स्ड एनालिटिक्स का उपयोग कर उद्यमों को फुल-फ्लेज्ड डायनामिक बिल्डिंग मॉडल एवं इस्तेमाल के पैटर्न के आधार पर टेलर्ड रेट

# नशा एक गंभीर सामाजिक बुराई इससे विद्यार्थी दूर रहेः पवन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) सेवा ट्रस्ट** यूके( भारत) के तत्वावधान में जय पब्लिक स्कूल गुरुकुल बराडा के परिसर में गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका सम्बधित परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में सेवा ट्रस्ट यूके के स्टेट कोऑर्डिनेटर पवन पराशर शिरकत की। पवन पराशर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा मनुष्य और समाज के विकास और प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह हमारे समाज में विवेक, ज्ञान, समझ, और समर्पण की भावना को विकसित करती है। शिक्षा सभी क्षेत्रों में समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। इसलिए विद्यार्थियों को शिक्षा को गम्भीरता से ग्रहण कर अपना एक लक्ष्य निर्धारित कर कठोर परिश्रम करना चाहिए । साथ ही उन्होंने कहा कि नशा एक गंभीर



सामाजिक बुराई है जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है । हमें स्वयं नशे से दूर रहना चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करना चाहिए। इसकी लत लगने से इंसान शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से तो परेशान रहता ही है, लेकिन साथ ही अन्य बुरी आदतों का भी शिकार हो जाता है । उन्होंने कहा कि युवा मन को सही मार्गदर्शन से रचनात्मक कार्यों में लगाकर और भावनात्मक संरक्षण देकर भटकने से बचाया जा सकता है । उन्होंने कहा कि युवाओं को अच्छा साहित्य पढ़ने और महापुरुषों के जीवन के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए । उन्होंने युवा वर्ग को नशे की बुरी लत से दूर रहने की सलाह देते हुए स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रधानाचार्या डॉ नीलम जैन ने सेवा ट्रस्ट के इस जागरूकता कार्यक्रम के लिए ट्रस्ट और पराशर का आभार जताया और कहा कि ऐसे ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को विभिन्न विषय वस्तु की संपूर्ण जानकारी मिलती है जो उनके भावी जीवन में काम आती है। इस अवसर पर गणतन्त्र दिवस पर खंड स्तरीय कार्यक्रम में सह-भागिता लेने वाले सभी विद्यार्थियों, अध्यापको व अन्य स्टाफ सदस्यों को सेवा ट्रस्ट यूके ने अपनी सह-प्रायोजक डाबर इंडिया के सौजन्य से ऊर्जा वर्धक विभिन्न जूस उपहार स्वरूप भेट किये । इस अवसर पर विद्यालय के मुख्य प्रशाशनिक अधिकारी अमित रोहिला, गुरुकुल मुख्य समन्वयक बलराम सिंह, लिपिक प्रिंस, नृत्य शिक्षिका नवनीत कौर, राहुल, हिमांशु व अन्य सदस्य उपस्थित रहें

# फास्टैग लगाने वाले युवक को पीट-पीटकर घायल करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**राष्ट्रीय** राजमार्ग संख्या-44 पर भिगान टोल प्लाजा के पास फास्टैग लगाने का काम कर रहे युवक को तीन युवकों ने पीटकर घायल कर दिया। युवक को बेल्ट व लात-घूसों से पीटा गया। इतना ही नहीं हमलावरों ने युवक का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसके बाद युवक ने मामले से मुरथल थाना पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपितों की तलाश के प्रयास कर रही है। गांव लल्हेड़ी कलां निवासी मोहित ने बताया कि वह भिगान टोल प्लाजा पर वाहनों को फास्टैग लगाते हैं। वह 30 जनवरी को वह टोल प्लाजा के पास मौजूद थे। इसी दौरान विनय नाम का युवक वहां अपने दो साथियों के साथ पहुंचा। विनय ने आते ही उन्हें बेल्ट से पीटना शुरू कर दिया। उसके दोस्तों ने लात-घुस्से मारने शुरू कर दिए। इसी बीच एक आरोपी वीडियो बनाने लगा। जिस पर विनय व उसके एक साथी ने फिर से उन्हें पीटना शुरू कर दिया। मोहित ने बताया कि उनका साथी उसे छुड़वाने आया तो आरोपितों ने उसे धमकी देनी शुरू कर दी। उसके बाद लोगों के आने से आरोपित भाग गए। वह घटना से बुरी तरह से घबरा गए।

# 'लालकृष्ण आडवाणी भारत रत्न सम्मान के लिए हकदार थे

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**भारत के** पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान पुरस्कार भारत रत्न दिए जाने पर करनाल लोकसभा सांसद संजय भाटिया, राज्यसभा सांसद कृष्णलाल पंवार, पानीपत ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा,पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने खुशी जाहिर की है और इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से धन्यवाद भी किया है। उक्त सभी जनप्रतिनिधियों ने कहा कि भारत रत्न सम्मान देने से पूरे देश में खुशी की लहर है और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी इस सम्मान के लिए हकदार थे।

**खुशी**

**8 लालकृष्ण आडवाणी एक जमीन स्तर के नेता है जिन्होंने समाज और देश के लिए अभूतपूर्व योगदान दिया**

लालकृष्ण आडवाणी एक जमीन स्तर के नेता है जिन्होंने समाज और देश के लिए अभूतपूर्व योगदान दिया। उनके द्वारा किए गए संघर्ष और अमिट कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने वीसी के माध्यम से की बैठक

## चुनाव से संबंधित सभी तैयारियां समय से पूर्व कर ली जाए पूरी-अनुराग अग्रवाल

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**हरियाणा** के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने सोमवार को सभी जिलों के निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों से बातचीत करते हुए निर्देश दिए कि समय रहते चुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली जाए। सभी मतदान केंद्रों का व्यक्तिगत तौर पर भौतिक सत्यापन किया जाए और इसकी रिपोर्ट मुख्यालय भेजी जाए। उनके साथ अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी हेमा शर्मा भी उपस्थित रही। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जो भी हिदायतें समय-समय पर भेजी जाती हैं उनकी रिपोर्ट उचित समय पर भेजना भी सुनिश्चित करें।

बैठक में उपस्थित उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला में सभी 865 मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है और सभी मतदान केंद्र चुनाव के लिए योग्य हैं। जिला में सभी संबंधित नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जा चुकी है। सभी मतदान क्षेत्र में संचार व्यवस्था भी दुरुस्त है। सभी निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र वार राजनीतिक दलों के साथ बैठक का एजेंडा भी तैयार कर लिया गया है। इस मौके पर एसडीएम पानीपत मनदीप कुमार, एसडीएम समालखा अमित कुमार, तहसीलदार वीरेंद्र गिल, डीडीपीओ सुमित चौधरी,तहसीलदार निर्वाचन सुदेश राणा, महेंद्र कुमार, कमल इत्यादि उपस्थित रहे।

# चोरी की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपतः बहालगढ़** थाना पुलिस ने चोरी की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अकबर निवासी बरेली उत्तर प्रदेश का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मुरथल हाल में मैनेजर गोल्ड प्लस फैक्टरी लिवासपुर निवासी सुरेश ने बताया कि गत 16 जून 2021 को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसे फैक्टरी से चोरी की सूचना मिली। मामले को लेकर जांच की तो कंपनी के 100 बिजली मीटर जिनकी कीमत करीब चार लाख होगी।

# 'कोई सनातनी पर सवाल उठाएगा, तो उसको उसीकी भाषा में जवाब देंगे'

**सनातन धर्म**

**8 जितने यहां पर फूंक लगाते हैं। अब उनकी ठठरी और गठरी बांधी जाएगी: पंडित शास्त्री**

**पानीपत कमाल हुसैन**

**इस** दौरान पंडित शास्त्री ने कहा कि अगर कोई सनातनी पर सवाल उठाएगा, तो उसको उसी की भाषा में जो भी जबाव देगा, आज से उसके सभी दुःख तकलीफ बाला जी महाराज के हुए। जितने यहां पर फूंक लगाते हैं। अब उनकी ठठरी और गठरी बांधी जाएगी। भारत में रहना है तो सीता राम कहना ही



होगा। बोले- पर्चे के चक्कर में आई भीड़, हमने बालाजी की चर्चा पकड़ाई पंडित शास्त्री ने मौके पर पहुंची भीड़ को देख कर कहा कि तुम सब यहां पर्चा के चक्कर में आए थे कि गुरु जी पर्चा बनाएंगे और बाप का नाम बताएंगे। लेकिन, हम तुमसे ज्यादा बदमाश निकले। तुम पर्चा के चक्कर में आए और हमने बाला जी की चर्चा पकड़ा दी। क्योंकि पर्चा से कुछ लोगों का भला होना है और हनुमान जी से सभी का भला होगा। पानीपत पहुंचने पर भारी भीड़ जमा हो गई। जिसे देखकर पंडित धीरेंद्र शास्त्री पैदल आने के बजाय गाड़ी में ही बैठकर मंच तक पहुंचे। चढ़ावे से मंदिर निर्माण नहीं बेटियों का विवाह करा रहे पानीपत वालों अपना ध्यान रखना। हंसा करो और हंसाया करो। बागेश्वर धाम तुम्हारे बाप का घर है, आया-जाया करो। 1 मार्च से 8 मार्च तक बागेश्वर धाम पर 108 बेटियों का सामूहिक विवाह है। हर बेटी को एक-एक बाइक दी जा रही है। बागेश्वर धाम ऐसा धाम है, जहां के चढ़ावे से मंदिर का निर्माण नहीं बल्कि बेटियों का विवाह करवाया जाता है। हम एक बार पानीपत में जल्द ही कथा सुनाने आएंगे। मेरे हिंदुओं तुम जात-पात में मत बंटना। अब समय भागने का नहीं है, जागने का है। जब दीया ही नहीं रहेगा, तो बाती का क्या करोगे।

# स्वावलंबी और सुरक्षित भविष्य के लिए है राष्ट्रीय पेंशन योजनाः डीसी

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**डीसी** डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी भारतीय नागरिक राष्ट्रीय पेंशन योजना का लाभ ले सकता है। यह योजना एक स्ववालंबी और सुरक्षित भविष्य के लिए है रामबाण है। डीसी ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय पेंशन योजना वृद्धावस्था के दौरान वित्तीय सुरक्षा और स्थायित्व दिया जाता है, जब लोगों के पास आय का कोई नियमित स्त्रोत नहीं होता है। सेवा निवृत्ति योजना द्वारा सुनिश्चित किया जाता है कि लोगों के पास प्रतिष्ठापूर्ण जीवन जीने और अपनी उम्र के बढ़ते वर्षों में अपना जीवन स्तर किसी समझौते के बिना अच्छा बनाए रखने की सुविधा हो। योजना से लोगों को निवेश करने और अपनी बचत संचित करने का अवसर मिलता है।

डीसी ने बताया कि इसमें पात्र की आयु 18 से 70 साल होना चाहिए। पेंशन के लिए मासिक योगदान कम से कम 500 रुपए या वार्षिक योगदान कम से कम 6000 हजार रुपए होना चाहिए। डीसी ने जानकारी देते हुए बताया कि 60 साल की आयु के बाद पेंशन धारक के खाते में जमा होगी। डीसी ने बताया कि पेंशन की राशि पूरी तरह वार्षिक निवेश पर निर्भर करती है।

# अतिक्रमण के खिलाफ पानीपत जिला पुलिस का अभियान

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पुलिस** अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में शहर को जाम मुक्त करने की दिशा में अतिक्रमण के खिलाफ चलाए अभियान के तहत सोमवार को ट्रैफिक पुलिस टीम ने संजय चौक से गोहाना रोड मोड़ तक अतिक्रमण हटवाकर सर्विस लेन व फुटपाथ को खाली करवाया।

शहर यातायात इस्ट जोन इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रामनिवास ने दुकानों के बाहर अवैध तरिके से अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को विशेष रूप से हिदायत देकर फुटपाथ पर रखे सामान को दुकान की हद में रखवाया। इस दौरान फुटपाथ व सर्विस लेन पर अनाधिकृत रूप से



बेतरतीब तरीके से खड़े 55 वाहनों के चालान भी किये गए व अतिक्रमण कर रखे फ्लेक्स बोर्ड इत्यादि सामान को जब्त किया गया। इसके साथ ही फुटपाथ पर खड़ी मिली एक गाड़ी को क्रेन की मदद से उठवाकर बाबरपुर ट्रेफिक थाना में जब्त किया गया।

यातायात उप पुलिस अधीक्षक सुरेश सैनी ने बताया कि जीटी रोड पर दुकानदार अपनी दुकानों के बाहर काफी दुर तक फुटपाथ पर सामान रखकर अतिक्रमण करते है। इसके साथ ही संजय चौक से गोहाना मोड़ तक बैंक व होटल भी काफी संख्या में है। यहा पर काफी सारे लोग सड़क किनारे व सर्विस लेन पर अनाधिकृत रूप व बेतरतीब तरीके से वाहन को खड़ा कर अपने काम से अंदर चले जाते है। इससे जाम की समस्या उत्पन्न होती है और आने जाने वाले राहगिरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। रोड व सर्विस लेन पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें और न ही इन्हें अवरूध करें। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटवाने के साथ ही दुकानदारों को विशेष रूप से हिदायत दी गई है कि वे फुटपाथ, सर्विस लेन व सड़क पर अतिक्रमण न करें।

दोबारा अतिक्रमण करने पर कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। जिला पुलिस का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। शहर के सभी रोड से अतिक्रमण हटवाया जा रहा है। सभी मार्केट में दुकानदारों से अपील की जा रही हे कि वे शहर को जाम मुक्त करने में ट्रैफिक पुलिस का सहयोग करें।

**सख्ती**

**8 जिला पुलिस का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। शहर के सभी रोड से अतिक्रमण हटवाया जा रहा है**

# फोर्टिस हैल्थकेयर और हार्ले ओनर्स ग्रुप ने राइड फॉर कैंसर के लिए मिलाया हाथ

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा**

कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने के मकसद से, फोर्टिस हैल्थकेयर ने आज सवेरे 7 बजे फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम राइड फॉर कैंसर बाइक रैली को झंडी दिखायी। इस मौके पर आयोजित समारोह का नेतृत्व श्री अनिल विनायक, ग्रुप सीओओ, फोर्टिस हैल्थकेयर ने कैंसर सरवाइवर्स, फोर्टिस के सीनियर क्लीनिशयंस और अन्य सीनियर लीडरशिप की मौजूदगी में किया। इस रैली में 70 से ज्यादा हार्ले डेविडसन राइडर्स हिस्सा ले रहे हैं जिनमें कुछ कैंसर सरवाइवर्स भी हैं। रैली का आयोजन लोगों को शीघ्र रोग का निदान करने के महत्व, इलाज के उपलब्ध विकल्पों और इस रोग पर विजय प्राप्त करने के लिए जरूरी ताकत के



बारे में जागरूकता फैलाने के लिए किया गया है। फोर्टिस गुरुग्राम से रवाना होकर ये बाइकर्स फोर्टिस मोहाली पहुंचे जहां अस्पताल के सीनियर ऑन्कोलॉजिस्ट्स, हॉस्पीटल स्टाफ और फोर्टिस मैनेजमेंट ने उनका स्वागत करते हुए कैंसर केयर के प्रति अस्पताल की प्रतिबद्धता दोहरायी। डॉ अंकुर बहल,सीनियर डायरेक्टर, मेडिकल ऑन्कोलॉजी एंड हेमेटोलॉजी, फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा, इस जागरूकता अभियान के लिए गुड़गांव से अमृतसर तक की रैली में भाग लेने वाले बाइकर्स के हौंसलों और उत्साह को देखना वाकई प्रेरणास्पद रहा। इसके लिए उनके समर्पण ने एक बार फिर कैंसर रोग के शीघ्र निदान, प्रभावी इलाज और कैंसर से लड़ने के लिए जरूरी जज़्बे के महत्व को रेखांकित किया है।

अनिल विनायक, जीसीओओ, फोर्टिस हैल्थकेयर ने भी कैंसर के खिलाफ लड़ाई में शीघ्र निदान पर जोर देते हुए हैल्दी लाइफस्टाइल को अपनाने का संदेश दिया।

# नरेला विधानसभा क्षेत्र के बांकनेर में गड्ढो में तब्दील हुई सड़क, राहगीर परेशान





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
नरेला के बांकनेर से बवाना रोड़ को जोड़ने वाली सड़क पूरी तरह से गड्ढो में तब्दील हो चुकी है। सड़क पर बने गड्ढो और उसमें भरे पानी के चलते वाहन चालकों और राहगीरों को काफी परेशानी से रूबरू होना पड़ता है। अगर सावधानी बरतते हुए नहीं चले तो कभी भी दुर्घटना घट सकती है। नरेला की लाइफ लाइन कहे जाने वाली गोंड़ा रोड़ सड़क क्षेत्र के सबसे अधिक गांवों और कॉलोनियों को जोड़ने वाली सड़क है। इस सड़क से प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में हल्के व भारी वाहन निकलते हैं। लेकिन मरम्मत के अभाव में सड़क गड्ढो में तब्दील हो गई है। सड़क को ठीक करने की जिम्मेदारी दिल्ली राज्य औद्योगिक व बुनियादी ढांचा विकास निगम (डीएसआईआईडीसी) की है। लेकिन स्थानीय लोगों की शिकायतों के बाद भी संबंधित विभाग के अधिकारियों का रवैया उदासीन बना हुआ है। विभाग की इस लापरवाही और अनदेखी के कारण राहगीरों को जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर होना पड़ रहा है। बांकनेर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव अमित स्वामी ने बताया कि 4 साल पहले ही इस सड़क को बनाया गया था। संबंधित ठेकेदार को 5 साल तक का मेंटेनेंस करने का आदेश विभाग की तरफ से दिया गया था, लेकिन 5 साल से पहले ही सड़क खराब हो चुकी है। सड़क पर गड्ढे होने के चलते राहगीर आए दिन हादसे का शिकार हो रहे हैं। वही गड्ढो में पानी भरे रहने की वजह से यहां ट्रैफिक जाम हो जाता है। इसकी शिकायत जनप्रतिनिधियों से लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों तक कर चुके हैं। शिकायतों के बाद भी अब तक सड़क की मरम्मत नहीं होना समझ से परे है। लोगों की मांग है कि सड़क की मरमत जल्द से जल्द कराई जानी चाहिए।

# सरकार ने 55 करोड़ लोगों को 5 लाख तक मुफ्त इलाज की योजना से जोड़ा है: मनोज तिवारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भाजपा उत्तर-पूर्वी लोकसभा दिल्ली की प्रेस वार्ता जिला कार्यालय यमुना विहार पर रखी गई। जिसमें लोकसभा सांसद मनोज तिवारी मुख्य वक्ता ने मीडिया को सम्बोधित किया। इस वार्ता में जिला अध्यक्ष पूनम चौहान, डॉ. यू के चौधरी, मीडिया प्रभारी दीपक चौहान, ठा. अवधेश सिंह, आनंद त्रिवेदी, राहुल गौर, मनीष कसाना, बी सी वशिष्ठ व अन्य लोग उपस्थित रहे। सांसद मनोज तिवारी ने कहा आजादी के अमृतकाल की शुरूआत में देश की संसद का नया भव्य भवन बनाया है। इसमें एक भारत श्रेष्ठ भारत की



बात की सुगंध आती है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया है। उन्होंने 10 वर्षों की योजनाओं का वर्णन करते हुए कहा कि देश में 10 हजार किलोमीटर गैस पाइपलाइन बिछाई गई है। 70 साल में 10 शहरों में मेट्रो थी, लेकिन बीते 10 वर्षों में 20 शहरों में मेट्रो पहुंच गई है। अमृत भारत स्टेशन के तहत 1300 रेलवे स्टेशनों का आधुनिकरण हो रहा है। 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया गया है। केंद्र सरकार नारी सशक्तिकरण पर जोर दे रही है और 33 परसेंट आरक्षण के साथ इस बार का गणतंत्र दिवस महिलाओं के नाम रहा। लखपति दीदी योजना के तहत सरकार काम कर रही है। सरकार द्वारा 55 करोड़ लोगों को 5 लाख तक मुफ्त इलाज की योजना से जोड़ा गया है। 10 लाख लोगों को पक्के घर बना कर दिए गए हैं। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन दिया गया है और यह योजना निरंतर जारी है। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला भारत पहला देश बना है। भारत को अमृत भारत एवं नमो ट्रेन मिली। भारत दुनिया का सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट डील करने वाला देश बना है।

# मॉडल टाउन के लाल बाग इलाके में संगम पार्क मंडल त्रिदेव की संगठनात्मक बैठक संपन्न




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
संगम पार्क मंडल त्रिदेव की संगठनात्मक बैठक सेवा भारती लाल बाग में संपन्न हुई। उक्त जानकारी निगम पार्षद सुशील जोंटी ने दी। इस बैठक में लोकसभा चांदनी चौक के चुनाव संयोजक अशोक गोयल देवराहा, निगम पार्षद सुशील जोंटी, विधानसभा प्रभारी नरेंद्र गुप्ता, जिला चांदनी चौक महिला मोर्चा की महामंत्री गरिमा बंसल, मंडल अध्यक्ष वीरपाल के अलावा सभी त्रिदेव व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर संगठन को मजबूत करने पर विशेष रूप से चर्चा की गई और साथ ही प्रदेश की ओर से जो भी कार्यक्रम दिये गये है, उन पर विशेष चर्चा हुई। अशोक गोयल देवराहा ने कहा कि हमें मजबूती से कार्य करते हुए संगठन को मजबूत करना है।

# वजीरपुर वार्ड: सावन पार्क एक्सटेंशन में पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने किया दौरा, सुनीं लोगों की समस्याएं

## वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने जनता की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को समस्या के समाधान करने के दिये निर्देश





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
वजीरपुर वार्ड के अन्तर्गत आने वाले इलाके सावन पार्क एक्सटेंशन में वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने अधिकारियों के साथ दौरा किया और जनता की समस्याओं को सुना। इस मौके पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी के साथ डेम्स, हेल्थ सहित कई निगम के विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने जनता की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निर्देश दिया की जनता की समस्याओं का हल जल्द से जल्द होना चाहिए। उन्होंने इस दौरान क्षेत्र की जनता से कहा कि अगर आपको किसी भी प्रकार की समस्या है तो आप मेरे कार्यालय पर संपर्क कर सकते है। आपकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सिविक सेन्टर: गांवों के मसलों को दरकिनार करने को लेकर पंचायत संघ ने ज्ञापन चस्पा किया विरोध

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मेयर** व नेता सदन ने एमसीडी का बजट तैयार करने के दौरान वादों के मुताबिक गांवों से जुड़े मसलों के सुझाव न लेने के विरोध में दिल्ली पंचायत संघ के बैनर तले ग्रामीणों ने सिविक सेंटर पर प्रदर्शन किया। इस दौरान मेयर ने मिलने का समय न देने पर ग्रामीणों ने सिविक सेंटर के गेट पर ज्ञापन चस्पा किया। पंचायत संघ के प्रमुख थान सिंह यादव की अगुवाई में किए गए प्रदर्शन में दिल्ली के पूर्व परिवहन व विकास मंत्री देवेंद्र सिंह शौकीन, पूर्व विधायक विजय लोचव, पंचायत संघ के पंच प्रमुख सुनील



शर्मा, दलबीर सिंह, राजकुमार यादव, राजपाल कत्याल, एडवोकेट यमन यादव आदि ने मेयर व नेता सदन को ग्रामीण विरोधी करार दिया।
इस मौके पर थान सिंह यादव ने कहा कि मेयर व नेता सदन ने गत आठ दिसंबर को एमसीडी का बजट आम जनता की राय पर तैयार करने का ऐलान किया था।
**वादाखिलाफी से नाराज संघ:** इस संबंध में उन्होंने दिल्ली के 360 गांवों में से एक गांव के ग्रामीण से भी राय नहीं ली। इस कारण उन्होंने मेयर से मिलकर सुझाव देने का निर्णय लिया, मगर मेयर ने आज की तरह उनको मिलने का समय नहीं दिया। वहीं देवेंद्र सिंह शौकीन ने कहा कि मेयर की ओर से ग्रामीणों की उपेक्षा करने के मामले को बर्दास्त नहीं किया जाएगा और आम आदमी पार्टी इसका खामियाजा भुगतने के लिए तैयार हो जाए।
**आगामी चुनावों में बहिष्कार करेंगे आप उम्मीदवारों को:** आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों को गांवों में घूसने नहीं दिया जाएगा।

# मॉडल टाउन विधानसभा: धूमधाम से मनाया गया कांग्रेस नेता सुनील मनराल का जन्मदिन




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मॉडल** टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले संगम पार्क वार्ड-67 में रहने वाले व दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस में प्रदेश संयोजक सुनील सिंह मनराल का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से आयोजित किया गया। जन्मदिन का कार्यक्रम मॉडल टाउन के लालबाग क्षेत्र स्थित रामलीला मैदान में किया गया। इस दौरान क्षेत्र के कई कांग्रेसी नेताओं ने उन्हे बधाई देते हुए उनकी लंबी उम्र की कामना की। इसी मौके पर अजय सिंह सिकरवार, दर्शन सिंह, हीरा लाल, कमल, दीन मोहम्मद, नीरज माथुर, विपिन कुमार, सलमान, दीपक कुमार, किशन माथुर, टिंकू सहित अन्य गणमान्यों ने सुनील को जन्मदिन की बधाई दी व उनको फूलमाला व शॉल भी उढाई गई।

# सड़क पर फैले कूड़े व गंदगी से जहांगीरपुरी वासियों का जीना दूभर, प्रशासन मस्त: जिन्दल

## पूर्व जिला अध्यक्ष हरीकिशन जिंदल ने दिल्ली के उपराज्यपाल से पत्र लिखकर मांग की है कि समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाये, जिससे की स्थानीय लोग परेशान न हो...

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** के पूर्व जिलाध्यक्ष हरी किशन जिन्दल ने बताया कि जहांगीरपुरी रेड लाइट टी पॉइंट से अंदर जाने वाले 80 फुटा मेन रोड़ पर कई जगह पीडब्ल्यूडी का नाला चोक पड़ा हुआ है, उसकी सफाई समय से नहीं होती है, नाले का गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है, पीडब्ल्यूडी अधिकारियों द्वारा जगह-जगह नाले में से कूड़ा निकालकर कूड़ा सड़क पर फैला दिया गया है, उससे उठने वाली सडांध और भयंकर बदबू के कारण आस-पास से गुजरने वाले लोगों का बुरा हाल है और स्थानीय लोगों के बीमार होने का खतरा बना हुआ है और उनका जीना दूभर हो गया है। जहांगीरपुरी मेन रोड़ मेट्रो स्टेशन से लेकर बाबू जगजीवन राम





हास्पिटल, थाने व प्रयास तक के रोड़ पर अतिक्रमण व गंदगी के कारण बुरा हाल है। स्टेट बैंक के दोनों तरफ मेन रोड़ पर नाला ओवरफ्लो हो रहा है और मंगल बाजार रोड़ और शाह आलम बंध पर गंदगी से लोगों का बुरा हाल है और मेन जी.टी रोड़ पर और रामगढ़ की तरफ पीडब्ल्यूडी द्वारा नाला बनाया गया है, लेकिन उसमें पानी की निकासी की समस्या ज्यो की त्यो है, जरा सी बारिश में नाला भर जाता है। स्थानीय विधायक व कोई अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है वह आपस में नूरा-कुश्ती करते है। आम जनता की परेशानी की कोई सुध नहीं लेता है। श्री जिन्दल ने संबंधित अधिकारियों को कई बार सड़क पर फैले कूडे, नाले में भरी गंदगी और रोड़ के ऊपर गंदा और बदबूदार पानी बहने की शिकायत की थी, लेकिन उस पर कोई कार्यवाई नहीं हुई, जगह-जगह कूड़े के ढ़ेर लगे हुए है, नाला भरा हुआ है व रोड़ के ऊपर गंदा और बदबूदार पानी बह रहा है।
श्री जिन्दल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री व लोक निर्माण मंत्री आतिशी से कई बार से मांग की है कि गंदगी की तुरंत सफाई करवा कर इसे ठीक किया जाए, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। श्री जिन्दल ने उपराज्यपाल से पत्र लिखकर मांग की है कि गंदगी की तुरंत सफाई करवा कर इसे ठीक किया जाए।

फास्ट न्यूज

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिक होंगे प्रोत्साहित: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को कहा है कि राज्य सरकार में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को यथा संभव प्रोत्साहित किया जाएगा तथा जो भी कार्मिक भ्रष्टाचार अथवा कदाचार में लिप्त पाया जाएगा उसे किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री शर्मा ने यह स्पष्ट संदेश देते हुए पुलिस में उल्लेखनीय कार्य करने पर कोटा रेंज के उप निरीक्षक रामस्वरूप मीना को साहसिक कार्य के लिए पुलिस निरीक्षक पद पर विशेष पदोन्नति प्रदान करने की अनुशंषा की है तथा विभिन्न विभागों के भ्रष्टाचार, कदाचार में लिप्त 11 कार्मिकों की पेंशन रोकने, वेतन वृद्धि रोकने सहित दण्डात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता का विहिप ने किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**

उत्तराखंड सरकार की कैबिनेट बैठक में समान नागरिक संहिता के ड्राफ्ट को स्वीकार किए जाने और आगामी 6 फरवरी को विधानसभा के सत्र में रखे जाने के फैसले का विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) उत्तराखंड के प्रान्त संगठन मंत्री अजय कुमार ने स्वागत किया है। अजय कुमार ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 44 सभी सरकारों को पूरे भारत में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का निर्देश देता है। उत्तराखंड राज्य में समरूपता स्थापित करने के लिए एक प्रकार के कानून, एक प्रकार की विधि व्यवस्था, एक प्रकार के रीति रिवाज, विवाह आदि संस्कारों में एक ही प्रकार के नियम लागू होंगे, जिससे राष्ट्रीय एकता और अखंडता को मजबूती प्राप्त होगी।

# यूपी के इतिहास का सबसे बड़ा बजट पेश



## न तो कोई अतिरिक्त कर, न ही आम आदमी पर बोझ

**मुख्यमंत्री** ने बजट के महत्वपूर्ण बिंदुओं को गिनाते हुए बताया कि पहली बार 2 लाख 3 हजार 782 करोड़ 38 लाख रुपये के कैपिटल एक्सपेंडीचर का प्रावधान किया गया है। यह इस बात को प्रदर्शित करता है कि इन्फ्रास्ट्रक्चर पर पैसे खर्च होंगे तो न केवल रोजगार का सृजन होगा बल्कि अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। उन्होंने बताया कि 2016-17 में जहां प्रदेश की जीडीपी 12 लाख करोड़ रुपये की थी, वो 2024-25 में 25 लाख करोड़ रुपये यानी दोगुनी से अधिक हो चुकी है। साथ ही प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने में भी उनकी सरकार को सफलता मिली है। आज यूपी देश की नंबर दो की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन चुका है। ऐसा इसलिए सम्भव हो सका है क्योंकि सरकार ने न केवल कर चोरी को रोका है, बल्कि रेवेन्यु लिकेज को समाप्त करने के लिए जो भी उपाय हो सकते थे उसे सरकार के विभिन्न



विभागों ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ किया है। यही कारण है कि यूपी आज एक रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है। पिछले सात साल में राजस्व में कई गुना वृद्धि हुई है। इसके लिए ना तो कोई अतिरिक्त कर लगाया गया और ना ही आम आदमी पर बोझ बढ़ाया गया, यही नहीं इस दौरान लोकमंगल की तमाम योजनाएं भी बड़े पैमाने पर संचालित किये गये।

## मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला को समर्पित किया सबसे बड़ा बजट

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के अब तक के सबसे बड़े बजट को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान श्रीराम को समर्पित किया है। सोमवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा में 2024-25 का बजट प्रस्तुत किये जाने के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम लोकमंगल के पर्याय हैं और इस बजट के आदि, मध्य और अंत में श्रीरामलला ही हैं। योगी ने कहा कि यह बजट प्रदेश के समग्र और संतुलित विकास का दस्तावेज है, जिससे प्रदेश की समग्र संकल्पनाओं को पूरा किया



जाएगा। मुख्यमंत्री ने उत्सव, उद्योग और उम्मीद को नये यूपी की तस्वीर बताया।

**2023-24 की तुलना में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि:** पत्रकार वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश के वित्तमंत्री सुरेश खन्ना को पांचवीं बार बजट प्रस्तुत करने के लिए बधाई दी। उनकी सरकार का ये आठवां बजट प्रदेश के इतिहास में अबतक का सबसे बड़ा 7,36,437.71 करोड़ का बजट है। उन्होंने कहा कि आस्था, अंत्योदय और अर्थव्यवस्था को समर्पित इस बजट में 2023-24 की तुलना में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। प्रदेश के बजट के आकार में हुई बढ़ोत्तरी प्रदेश की अर्थव्यवस्था को विस्तार देने, डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता, प्रधानमंत्री के विजन सबका साथ सबका विश्वास, सबका विकास और सबका प्रयास पर आधारित है।

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2024-25 का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया। सोमवार को विधानसभा में प्रस्तुत बजट प्रदेश के इतिहास में अबतक का सबसे बड़ा बजट है। बजट का आकार 7 लाख 36 हजार 437 करोड 71 लाख रुपये (7,36,437.71 करोड़ रुपये) है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमने प्रदेश में बेरोजगारी को नियंत्रित किया है जो कि अब 2.4 फीसदी के आसपास है। कानून व्यवस्था सुदृढ़ होने से निवेश का माहौल बना है जिससे कि आने वाले समय में भी लाखों रोजगार पैदा होंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश को 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं जिससे एक करोड़ से अधिक रोजगार पैदा होंगे। हमने गरीब कल्याण और महिला सशक्तिकरण के लिए काम किया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि यूपी देश के ग्रोथ इंजन के रूप में स्थापित हो। इसके लिए हम लगातार काम कर रहे हैं। हमने प्रदेश में प्रतिव्यक्ति आय को दोगुना कर दिया है। यह बजट प्रदेश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने और अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन की बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह बजट लोक मंगल का है। इस बजट से पता चलता है कि उत्सव, उद्योग और उम्मीद अब नए यूपी की पहचान है।

**'120 नए वाहनों की होगी खरीद':** प्रदेश सरकार के बजट में पुलिस को 755 करोड़ रुपये दिए गए हैं। नई योजनाओं के तहत पीएसी बल को मजबूत करने के लिए 20 करोड़ रुपये की धनराशि दी गई है। इसके अलावा एसटीएफ और साइबर क्राइम थानों के लिए नए वाहनों की खरीद की जाएगी। दरअसल, पीएसी की 24 कंपनियां क्रियाशील होने के दृष्टिगत कुल 120 नए वाहनों की खरीद होनी है। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2025-25 में 20 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। इसके अलावा प्रदेश के नवगठित 18 परिक्षेत्रीय साइबर क्राइम थानों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए नए वाहनों की खरीद की जानी है। इसके लिए 5.97 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। इसी तरह एसटीएफ के लिए तीन इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद के लिए 57 लाख रुपये दिए गये हैं।

**पर्यटन भी रहा फोकस में:** उत्तर प्रदेश में वर्ष-2023 में जनवरी से अक्टूबर तक 37 करोड़ 90 लाख से अधिक पर्यटक आए, जिनमें भारतीय पर्यटकों की संख्या लगभग 37 करोड़ 77 लाख एवं विदेशी पर्यटकों की संख्या लगभग 13 लाख 43 हजार है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अयोध्या में दीपोत्सव का आयोजन वृहद स्तर पर किया गया। इस अवसर पर राम की पैड़ी पर 22 लाख 23 हजार दीप जलाकर गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड बनाया गया। अयोध्या, वाराणसी, चित्रकूट, लखनऊ, विन्ध्याचल, प्रयागराज, नैमिषारण्य, गोरखपुर, मथुरा, बटेश्वर धाम, गढ़मुक्तेश्वर, शुकतीर्थ धाम, माँ शाकुम्भरी देवी, सारनाथ एवं अन्य महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों का पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण के कार्य कराये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में एक पर्यटन स्थल को विकसित किए जाने की योजना है।

**परिक्रमा मार्गों को लेकर हुआ एलान**

वित्त मंत्री ने कहा कि जनपद मिजार्पुर में विन्ध्याचल स्थित त्रिकोणीय क्षेत्र में मां विन्ध्यवासिनी मंदिर, मां अष्टभुजा मंदिर, मां कालीखोह मंदिर को जोड़ने वाले त्रिकोण संरेखण में आने वाले परिक्रमा मार्गों एवं जन सुविधाओं के उन्नयन हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। महाकुम्भ, 2025 के अन्तर्गत विभिन्न कार्यों हेतु 100 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित है। निषाद राज गुहा सांस्कृतिक केन्द्र, श्रृंगवेरपुर की स्थापना हेतु 14.68 करोड़ रुपये, जनपद आजमगढ़ के हरिहरपुर में संगीत महाविद्यालय की स्थापना हेतु 11.79 करोड़ रुपये तथा महर्षि वाल्मीकि सांस्कृतिक केन्द्र चित्रकूट की स्थापना हेतु 10.53 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। अन्तर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या हेतु 10 करोड़ रुपये प्रस्तावित है।

**धार्मिक नगरियों को ऐसा किया फोकस:** यूपी बजट



"प्रदेश सरकार के बजट का 90 प्रतिशत हिस्सा सिर्फ 10 प्रतिशत सम्पन्न लोगों के लिए है और 90 प्रतिशत लोगों के लिए सिर्फ 10 प्रतिशत दिया गया है। सरकार ने युवाओं को नौकरियां देने के लिए कुछ नहीं किया है। बजट में रोजगार देने की बात कही गई है। **अखिलेश सिंह, सपा प्रमुख**"



"**सरकार** हर बार सबसे बड़ा बजट पेश करती है पर उसे खर्च नहीं कर पाती है। प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है। इस बजट से भी कुछ लोगों का ही लाभ होगा जनता को कोई लाभ नहीं होगा। जनता बेरोजगारी और महंगाई से परेशान है।
**सपा नेता, शिवपाल यादव**"



"मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का मजबूत आधार स्तम्भ बनेगा। मैं मा. मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद देती हूँ जिन्होंने बजट सत्र के दौरान राम मंदिर निर्माण में हम लोगों द्वारा समर्पित सहयोग राशि की प्रशंसा की।
**विधायक अदिति सिंह, रायबरेली विस क्षेत्र**"




